WWW.NAVPRADESH.COM

दैनिक
नव प्रदेश
आदित्यवर्णं तमसः परस्तात्
प्रदेश के साथ पूरा देश...

अंदर के पृष्ठों पर... 2 | देश-विदेश 4 | अभिव्यक्ति 8 | छत्तीसगढ़ 11 | खेल/बिजनेस

रायपुर, मंगलवार, 9 सितंबर 2025 कृष्ण पक्ष- द्वितीया, विक्रम संवत -2082 / वर्ष-14 अंक- 204 पृष्ठ-12 मूल्य-4 रुपए रायपुर, बिलासपुर, भोपाल, जबलपुर व रांची से एक साथ प्रकाशित

आधार मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र, पर नागरिकता के लिए नहीं: सुको

■ सुप्रीम कोर्ट का आदेश- आधार को 12वें दस्तावेज के रूप में स्वीकार करे चुनाव आयोग

नई दिल्ली/वार्ता। बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले में सुप्रीम कोर्ट ने साफ कर दिया है कि आधार, मतदाता सूची के लिए वैध पहचान पत्र है, लेकिन इसे नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता। सोमवार को बिहार मतदाता सूची गहन पुनरीक्षण मामले पर सुनवाई के दौरान सुप्रीम कोर्ट ने चुनाव आयोग को निर्देश दिया कि वे आधार कार्ड को 12वां दस्तावेज मानें ताकि मतदाता वोटर लिस्ट में नाम शामिल कराने के लिए आधार कार्ड को भी पेश कर सकें।

चुनाव आयोग पहले ही 11 दस्तावेजों की सूची जारी कर चुका है, जिन्हें दिखाकर मतदाता, वोटर लिस्ट में अपना नाम शामिल ■ शेष पृष्ठ 6 पर

आयोग को आधार कार्ड की वैधता जानने का अधिकार

चुनाव आयोग को बड़ी राहत देते हुए सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि चुनाव आयोग को आधार कार्ड की वैधता जांचने का पूरा अधिकार होगा। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'केवल वास्तविक नागरिकों को ही वोट देने की अनुमति होगी, जाली दस्तावेजों के आधार पर असली होने का दावा करने वालों को मतदाता सूची से बाहर रखा जाए। सुप्रीम कोर्ट ने कहा कि 'कोई भी नहीं चाहता कि चुनाव आयोग अवैध प्रवासियों को मतदाता सूची में शामिल करे।

आधार कार्ड नागरिकता का सबूत नहीं

चुनाव आयोग की तरफ से पेश हुए वरिष्ठ वकील राकेश द्विवेदी ने सबमिशन दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता के सबूत के तौर पर स्वीकार नहीं किया जा सकता। इस पर जस्टिस बागची ने भी साफ किया कि पासपोर्ट और जन्म प्रमाण पत्र को छोड़कर, चुनाव आयोग द्वारा सूचीबद्ध किए गए 11 दस्तावेज भी नागरिकता के सबूत नहीं माने जाएंगे।

आज बेबाक

भारी बारिश और बाढ़ के कारण पंजाब में स्थिति विकराल हो गई है। आपदा की इस घडी में वहां के मुख्यमंत्री भगवंत सिंह मान अचानक बीमार पड़ गये और वे अस्पताल में भर्ती हो गये हैं। पंजाब के कथित सुपर सीएम अरविंद केजरीवाल जो लंबे समय से वहां डेरा डाले पड़े थे वो डूबते पंजाब से किनारा कर नई दिल्ली कूच कर गये हैं। वहां प्राकृतिक आपदा पर सियासत कर रहे हैं। इन आपियों पर सटीक बैठती है एक गाने की पंक्तियां - सुख में तेरे साथ चलेंगे दुख में मुंह मोडेंगे, कसमें वादे प्यार वफा सब बातें हैं बातो का क्या...।

साय कैबिनेट की बैठक आज, नए मंत्री होंगे शामिल

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में मंत्रिमंडल विस्तार के बाद मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की अध्यक्षता में मंगलवार 9 सितंबर को कैबिनेट की अहम बैठक आयोजित होगी। यह बैठक दोपहर साढ़े तीन बजे मंत्रालय अटल नगर, नवा रायपुर में होगी। साय कैबिनेट की यह पहली बैठक होगी, जिसमें सभी 14 मंत्री शामिल होंगे। बताया जा रहा है कि बैठक में प्रदेश से जुड़े कई महत्वपूर्ण विषयों पर चर्चा होगी। इसमें बाढ़ प्रभावित जिलों के लिए राहत और पुनर्वास पैकेज, किसानों को समर्थन मूल्य पर धान खरीदी की तैयारियां, आगामी त्योहारी सीजन में आवश्यक वस्तुओं की उपलब्धता, निवेश प्रोत्साहन से जुड़े प्रस्ताव और कुछ विभागों से संबंधित नीतिगत निर्णयों पर विचार होगा।

कुलगाम में मुठभेड़ जारी, दो आतंकी ढेर, जवान शहीद

जम्मू/वार्ता। जम्मू-कश्मीर में सुरक्षाबलों और आतंकियों के बीच जारी मुठभेड़ में अब तक दो आतंकियों को मार गिराया गया है, जबकि भारतीय सेना का एक जवान बलिदान हो गया है। इस मुठभेड़ में दो अन्य जवान घायल भी हुए हैं। ऑपरेशन अब भी जारी है। तलाशी अभियान के दौरान आतंकियों ने सुरक्षाबलों पर फायरिंग की। इसके बाद सुरक्षाबलों ने भी जवाब दिया। फायरिंग में एक अफसर के घायल होने की खबर है। इलाके में तलाशी अभियान जारी है।

60 लाख रुपए का गांजा जब्त, तीन तस्कर गिरफ्तार

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की दुर्ग पुलिस ने अंतरराज्यीय गांजा तस्करी का बड़ा भंडाफोड़ करते हुए एक करोड़ 53 लाख रुपए का मादक पदार्थ जब्त किया है। इस कार्रवाई में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। सोमवार को आयोजित प्रेस वार्ता में अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक सुखनंदन राठौर ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर कुम्हारी टोल प्लाजा में नाकेबंदी कर एक कंटेनर को रोका गया। पूछताछ में चालक उमेश यादव (निवासी मधुबनी, बिहार) ने स्वीकार किया कि वह कंटेनर में 13 बोरी गांजा नागपुर पहुंचाने जा रहा था। जांच में कंटेनर से तीन क्विंटल 88 किलो गांजा (388 पैकेट), जिसकी कीमत करीब 60 लाख रुपए है, के साथ 95 हजार नगद और अन्य सामान जब्त किया गया। पुलिस ने बताया कि आरोपी के कबूलनामे पर नागपुर में ट्रैप लगाकर मादक पदार्थ खरीदी करने पहुंचे अन्य दो तस्कर—मुस्ताक अहमद (34), और फयाज अंसारी (24) दोनो नागपुर निवासी को भी गिरफ्तार किया गया। इस पूरे प्रकरण में एनडीपीएस कानून की विभिन्न धाराओं के तहत कार्रवाई की गई है।

नेपाल में बैन-भ्रष्टाचार के खिलाफ युवा सुबह संसद में घुसे

20 मौतों के बाद सोशल मीडिया फिर शुरू

■ सेना की फायरिंग में 200 घायल

काठमांडू (वार्ता)। नेपाल में सुबह से जारी विरोध प्रदर्शन के बाद सोशल मीडिया फिर से शुरू कर दिया गया। इस प्रदर्शन में अब तक 20 लोगों की मौत हुई, जबकि 200 से ज्यादा घायल हो गए। इस प्रदर्शन की अगुआई जेन-जेड यानी 18 से 30 साल के युवाओं ने की। यह प्रदर्शन अभी भी जारी है। सोशल मीडिया पर बैन और सरकार के भ्रष्टाचार के खिलाफ सोमवार सुबह 12 हजार से ज्यादा प्रदर्शनकारी युवा संसद भवन परिसर में घुस गए, जिसके बाद सेना ने कई राउंड फायरिंग की। नेपाल के इतिहास में संसद में घुसपैठ का यह पहला मामला है। रिपोर्ट के मुताबिक, प्रदर्शनकारियों ने संसद के गेट नंबर 1 और 2 पर कब्जा कर लिया था। इसके बाद संसद भवन, राष्ट्रपति, उपराष्ट्रपति, पीएम आवास के पास के इलाकों में कफ्र्यू लगा दिया गया। काठमांडू प्रशासन ने तोड़फ़ोड़ करने वालों को देखते ही गोली मारने के आदेश दे दिए हैं।

नेपाली समाचारपत्र 'कांतिपुर आनलाइन की खबर के अनुसार छह युवाओं ने ट्रॉमा सेंटर में, दो ने सिविल अस्पताल में, तीन ने एवरेस्ट अस्पताल, एक ने काठमांडू मेडिकल कॉलेज और एक व्यक्ति ने ट्रिवी मेडिकल कालेज में दम तोड़ दिया। कुछ पीड़ितों की पहचान अभी पुष्टि नहीं हुई है। इस घटना में सैकड़ों प्रदर्शनकारी, पत्रकार और सुरक्षाकर्मी भी घायल हुए हैं और राजधानी के विभिन्न अस्पतालों में उनका इलाज चल रहा है। इस गोलीबारी में 200 प्रदर्शनकारी गंभीर रूप से घायल हैं। प्रदर्शनकारी भ्रष्टाचार और सोशल मीडिया बंद करने के सरकार के फैसले के खिलाफ काठमांडू, पोखरा, बुटवल, विराटनगर और अन्य शहरों में प्रदर्शन के लिए एकत्र हुये। स्थिति बिगडऩे के बाद काठमांडू जिला ■ शेष पृष्ठ 6 पर

26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध

स्थानीय प्रशासन ने बाद में ये प्रतिबंधात्मक आदेश राष्ट्रपति भवन, उपराष्ट्रपति आवास और प्रधानमंत्री कार्यालय के आसपास के विभिन्न क्षेत्रों में भी लागू कर दिए। नेपाल सरकार ने अनिवार्य पंजीकरण प्रक्रिया का पालन नहीं करने पर चार सितंबर को फेसबुक, व्हाट्सएप और एक्स सहित 26 सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध लगा दिया था।

सरकार ने दी सफाई

सरकार ने अपना रुख स्पष्ट किया है कि सोशल मीडिया मंचों पर प्रतिबंध उन्हें विनियमित करने के लिए लगाया गया है, लेकिन आम जनता में धारणा यह है कि इससे अभिव्यक्ति की स्वतंत्रता पर हमला होगा और सेंसरशिप की नौबत आ सकती है।

मोक्षित से संबद्ध 85 फर्मों पर 162.22 करोड़ के जीएसटी फर्जीवाड़े का खुलासा

रायपुर/नवप्रदेश। डायरेक्टोरेट जनरल ऑफ जीएसटी इंटेलिजेंस, रायपुर जोनल यूनिट ने मेसर्स मोक्षित कारपोरेशन और उससे जुड़ी 85 फर्मों के खिलाफ बड़ी कार्रवाई करते हुए 162.22 करोड़ रुपये के कर योग्य मूल्य पर 28.46 करोड़ रुपये के अनुचित इनपुट टैक्स क्रेडिट का नोटिस जारी किया है. फरवरी 2024 से शुरू हुई जांच में पता चला कि मोक्षित कारपोरेशन ने फर्जी इनवॉइस के जरिए बड़े पैमाने पर त्रस्ज्ज अपवंचन किया. जांच के दौरान विभागीय टीमों ने छत्तीसगढ़, महाराष्ट्र और उत्तर प्रदेश में कई फर्मों के ठिकानों पर तलाशी और निरीक्षण किया. इस दौरान खुलासा हुआ कि फर्म के पार्टनर शशांक चोपड़ा ने अपने रिश्तेदारों के नाम पर दर्जनों फर्जी फर्में स्थापित की थीं, जिनके जरिए अनुचित आईटीसी का दुरुपयोग और मनी लॉन्ड्रिंग की गतिविधियां संचालित की गईं. इन गतिविधियों के लिए 200 से अधिक बैंक खातों का उपयोग किया गया. जांच के बाद मोक्षित कारपोरेशन पर 28.46 करोड़ रुपये की कर मांग की गई है, ■ शेष पृष्ठ 6 पर

सौर ऊर्जा के उपभोक्ता ऊर्जा उत्पादक के साथ-साथ बन रहे ऊर्जा दाता : साय

■ पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना अंतर्गत राज्य सरकार की 1.85 करोड़ रुपये की सब्सिडी का ऑनलाइन अंतरण

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश में सौर ऊर्जा के उपभोक्ता अब केवल ऊर्जा उत्पादक ही नहीं, बल्कि ऊर्जा दाता भी बन रहे हैं। पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना जैसी महत्वाकांक्षी पहल के माध्यम से प्रदेश स्वच्छ ऊर्जा के लक्ष्य की प्राप्ति के संकल्प को तीव्र गति से पूर्ण करने की ओर अग्रसर है। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने आज राजधानी रायपुर स्थित पंडित दीनदयाल उपाध्याय ऑडिटोरियम में आयोजित सौर ऊर्जा जागरूकता और प्रोत्साहन अभियान को संबोधित करते हुए यह बात कही। मुख्यमंत्री साय ने इस अवसर पर सौर ऊर्जा के फायदों, पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना और इसके अंतर्गत मिलने वाली सब्सिडी के विषय में लोगों को जानकारी देने और जागरूक करने के उद्देश्य से सूर्य रथ को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। साथ ही मुख्यमंत्री ने 618 उपभोक्ताओं के खातों में प्रत्येक को 30 हजार रुपये की दर से कुल 1.85 करोड़ रुपये की राज्यांश सब्सिडी का ऑनलाइन अंतरण किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि जलवायु परिवर्तन और लगातार बढ़ता प्रदूषण हम सभी के लिए गंभीर चिंता का विषय है। उन्होंने कहा कि यह हमारा सौभाग्य है कि प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी ने वर्ष 2070 तक नेट-जीरो कार्बन उत्सर्जन का लक्ष्य निर्धारित किया है

जल-थल व वायु सेना के कमांडर्स की संयुक्त कांफ्रेंस, पीएम करेंगे उद्घाटन

नई दिल्ली (आईएएनएस)। भारतीय सशस्त्र बलों की एक बेहद महत्वपूर्ण 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस होने जा रही है। इस संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस में थलसेना, वायुसेना व नौसेना सेना के टॉप कमांडर्स मौजूद रहेंगे। यहां साझा रणनीति, संयुक्त ऑपरेशन समेत विभिन्न मुद्दों पर गहन विचार विमर्श किया जाएगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी इस 'संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस का उद्घाटन करेंगे।

गौरतलब है कि कमांडर्स कांफ्रेंस के दौरान सेना से जुड़े अहम विषयों पर रणनीति तय की जाती है। साथ ही कई महत्वपूर्ण विषयों पर बड़े निर्णय भी लिए जाते हैं। यह प्लेटफार्म भविष्य की रूपरेखा तय करने में भी विशेष योगदान देता है। सोमवार को इस विषय में जानकारी देते हुए रक्षा मंत्रालय ने बताया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी 15 सितंबर को कोलकाता में संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस 2025 का उद्घाटन करेंगे। कमांडर्स कांफ्रेंस की थीम 'ईयर ऑफ रिफॉर्म्स—ट्रांसफॉर्मिंग फॉर द फ्यूचर है।

दरअसल, इस थीम के अंतर्गत भारतीय सशस्त्र बल आगामी 15 से 17 सितंबर तक पश्चिम बंगाल की राजधानी कोलकाता में संयुक्त कमांडर्स कांफ्रेंस 2025 का आयोजन करेंगे। यहां इस आयोजन के पहले दिन कांफ्रेंस का उद्घाटन प्रधानमंत्री करेंगे। इस अवसर पर रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह, राष्ट्रीय सुरक्षा सलाहकार अजीत डोभाल, रक्षा राज्य मंत्री संजय सेठ, चीफ ऑफ डिफेंस स्टाफ जनरल अनिल चौहान और रक्षा सचिव उपस्थित रहेंगे।

3200 करोड़ के शराब घोटाले में ईडी की कार्रवाई

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में 3200 करोड़ रुपये के शराब घोटाले की जांच के सिलसिले में प्रवर्तन निदेशालय की टीम ने रविवार, 8 सितंबर 2025 को रायपुर के राजीव भवन स्थित कांग्रेस प्रदेश मुख्यालय में दस्तक दी। ईडी अधिकारियों ने कांग्रेस के प्रदेश महामंत्री मलकीत सिंह गैदु को सुकमा कांग्रेस भवन मामले से संबंधित चालान की कॉपी सौंपी। इस दौरान कांग्रेस कार्यालय में हलचल मच गई, हालांकि कांग्रेस की ओर से इस मामले पर अभी तक कोई आधिकारिक बयान नहीं आया है। इस साल जून 2025 में ईडी ने शराब घोटाले के मामले में सुकमा कांग्रेस ■ शेष पृष्ठ 6 पर

महानदी के मुख्य नहर में बड़ी दरार

■ आरंग में कुकरा गांव के पास दरार भ्रष्टाचार का लगा आरोप

रायपुर/नवप्रदेश। राजधानी के आरंग विधानसभा क्षेत्र में स्थित महानदी लखौली मुख्य नहर के टूटने से इलाके में हड़कंप मच गया है। घटना ग्राम कुकरा के पास की बताई जा रही है, जहां नहर के प्रथम गेट के समीप करीब 15 से 20 फीट की दरार बन गई है। तेज बहाव के चलते नहर का पानी खेतों में भर गया, जिससे फसलें तबाह होने की आशंका जताई जा रही है।

सूचना मिलते ही स्थानीय ग्रामीण मौके पर पहुंचकर बबूल और छिन के पेड़ों की डंगाल डालकर पानी के तेज बहाव को रोकने की कोशिश में जुट गए हैं। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

जल संसाधन विभाग पर उठे सवाल

घटना के बाद से ही क्षेत्रीय जनप्रतिनिधियों और ग्रामीणों में रोष व्याप्त है। ग्रामीणों का कहना है कि यदि समय रहते नहर की निगरानी और मरम्मत होती, तो इस तरह की घटना टाली जा सकती थी। स्थिति पर नजर बनाए हुए हैं अधिकारी प्राप्त जानकारी के अनुसार, सिंचाई विभाग का अमला, प्रशासनिक अधिकारी और तकनीकी कर्मचारी मौके की ओर रवाना हो चुके हैं। स्थिति को जल्द नियंत्रण में लेने के प्रयास जारी हैं।

गरमा - गरम

उपराष्ट्रपति चुनाव | नवीन पटनायक के दिल्ली पहुंचने के बाद फैसला, बीजेडी-बीआरएस नहीं करेगी वोटिंग

आज देश को मिलेंगे नए उपराष्ट्रपति, 781 सदस्य डालेंगे वोट

नई दिल्ली/वार्ता। नयी दिल्ली (वार्ता)। देश के नये उपराष्ट्रपति का चुनाव निर्वाचक मंडल के वर्तमान 781 सदस्यों के हाथ में है जो इस पद के लिए मंगलवार को होने वाले मतदान में सत्तारूढ राष्ट्रीय जनतांत्रिक गठबंधन (राजग) के उम्मीदवार सीपी राधाकृष्णन और इंडिया गठंबधन के उम्मीदवार न्यायमूर्ति बी सुदर्शन रेड्डी के भाग्य का निर्णय करेंगे। संविधान के अनुच्छेद 66(1) के अनुसार, भारत के उपराष्ट्रपति का चुनाव एक निर्वाचक मंडल द्वारा किया जाता है, जिसमें राज्यसभा के निर्वाचित सदस्य, राज्यसभा के मनोनीत सदस्य और लोकसभा के निर्वाचित सदस्य शामिल होते हैं। राष्ट्रपति एवं उपराष्ट्रपति चुनाव अधिनियम, 1952 की धारा 4 की उप-धारा (4) और (1) के अंतर्गत, चुनाव आयोग ने सात अगस्त को अधिसूचना जारी की थी। लोकसभा की कुल सदस्य संख्या 543 हैं लेकिन इस समय एक सीट खाली होने की वजह से इस सदन के 542 सदस्यों नाम निर्वाचक मंडल में शामिल हैं। दूसरे सदन राज्यसभा में कुल सदस्य संख्या 245 हैं लेकिन वहां छह सीटें खाली हैं और वहां से 239 सदस्य ही वोट कर सकते हैं।

उपराष्ट्रपति चुनाव में अब बस एक दिन बाकी है, ऐसे में दो तटस्थ दलों- के चंद्रशेखर राव के नेतृत्व वाली भारतीय राष्ट्र समिति और नवीन पटनायक के नेतृत्व वाली ■ शेष पृष्ठ 6 पर

हम एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों से दूर: बीजेडी

बीजद नेता सस्मित पात्रा ने कहा कि उनकी पार्टी की प्राथमिकता ओडिशा के साढ़े चार करोड़ लोग हैं। पात्रा ने कहा, 'हमारे पार्टी अध्यक्ष नवीन पटनायक द्वारा वरिष्ठ नेताओं, राजनीतिक मामलों की समिति और सांसदों के साथ विचार-विमर्श के बाद, बीजू जनता दल ने कल होने वाले उपराष्ट्रपति चुनाव से दूर रहने का निर्णय लिया है। बीजद एनडीए और इंडिया ब्लॉक दोनों से समान दूरी बनाए हुए है। हमारा ध्यान ओडिशा और ओडिशा के साढ़े चार करोड़ लोगों के विकास और कल्याण पर केंद्रित है।

सचिन पायलट का छत्तीसगढ़ दौरा

'वोट चोर-गद्दी छोड़' रैली में होंगे शामिल ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति भी संभव

रायपुर/नवप्रदेश। कांग्रेस के राष्ट्रीय महासचिव और छत्तीसगढ़ प्रदेश प्रभारी सचिन पायलट आज छत्तीसगढ़ आ रहे हैं। वे बिलासपुर में आयोजित होने वाले वोट चोर गद्दी छोड़ रैली में शामिल होंगे। सचिन पायलट के दौरे का पूरा कार्यक्रम जारी किया गया है। वे मंगलवार सुबह 6:55 बजे दिल्ली से इंडिगो फ्लाइट (6श्व-2062) से रवाना होकर 8:45 बजे रायपुर पहुंचेंगे। इसके बाद सुबह 8:50 बजे सड़क मार्ग से बिलासपुर के लिए रवाना होंगे। बिलासपुर में दोपहर 1 बजे वोट चोर-गद्दी छोड़ रैली को संबोधित करेंगे। शाम 5:30 बजे वह बिलासपुर से रायपुर लौटेंगे। 7:30 बजे रायपुर एयरपोर्ट पहुंचेंगे। इसके बाद रात 8:30 बजे एयर इंडिया की फ्लाइट से दिल्ली रवाना होंगे। रात 10:05 बजे उनकी दिल्ली वापसी तय है।

ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति भी संभव: सूत्रों के मुताबिक, आंदोलन की तैयारियों के साथ ही कांग्रेस संगठनात्मक स्तर पर भी मजबूती की दिशा में कदम बढ़ा सकती है। ■ शेष पृष्ठ 6 पर

मंत्री टंक राम वर्मा ने अस्पताल पहुँचकर मरीज का जाना हालचाल

रायपुर/नवप्रदेश। प्रदेश के राजस्व मंत्री श्री टंकराम वर्मा अस्पताल पहुँचकर साहू परिवार से मुलाकात की और घायल युवक का हालचाल जाना। उन्होंने घायल युवक के शीघ्र स्वास्थ्य लाभ की कामना करते हुए परिवार को हरसंभव सहयोग का आश्वासन दिया। रायपुर के एक स्थानीय हॉस्पिटल में भर्ती बलौदा बाजार निवासी एवं पूर्व नगर पालिका अध्यक्ष नंदू साहू के सुपुत्र हाल ही में करंट लगने से घायल हो गए थे। इस हादसे में उनके पैर फ्रैक्चर हो गया था। इलाज के बाद अब उनकी स्थिति पहले से काफी बेहतर बताई जा रही है। मंत्री श्री वर्मा ने चिकित्सकों को निर्देश दिए कि बेहतर उपचार करें और मरीज शीघ्र स्वस्थ होकर घर लौटे।

मुख्यमंत्री 9 सितंबर को अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का करेंगे शुभारंभ

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय कल मंगलवार 09 सितंबर दोपहर 12 बजे मुख्यमंत्री निवास सिविल लाईन में श्रम विभाग द्वारा आयोजित अटल उत्कृष्ट शिक्षा योजना का शुभारंभ करेंगे। राज्य के श्रेष्ठ आवासीय विद्यालयों में कक्षा 6वीं से 12 वीं तक निःशुल्क अध्ययन हेतु प्रवेशित बच्चों को सम्मान पत्र वितरण करेंगे। इस मौके श्रम मंत्री श्री लखन लाल देवांगन,एवं छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल के अध्यक्ष डॉ. रामप्रताप सिंह विशेष रूप से उपस्थित रहेंगे। उल्लेखनीय है कि श्रम विभाग के अंतर्गत छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण मण्डल द्वारा इसका आयोजन किया जा रहा है।

तेज रफ्तार टैंकर बना मौत का कारण, दर्दनाक हादसे में युवक की मौत

रायपुर/नवप्रदेश। दुर्ग से एक बड़ी खबर सामने आई है जहां तेज रफ्तार का कहर एक बार फिर देखने को मिला। एक केमिकल से भरे टैंकर ने बाइक सवार को अपनी चपेट में ले लिया, जिससे मौके पर ही उसकी मौत हो गई। मृतक की पहचान जितेंद्र कुमार साहू के रूप में हुई है, जो गौतम नगर का निवासी था। यह दर्दनाक हादसा देर रात करीब 3 बजे का है। बताया जा रहा है कि केमिकल से भरा टैंकर भिलाई के छावनी क्षेत्र से होते हुए शंकर नगर की ओर जा रहा था। उसी समय जितेंद्र अपने दोस्त के साथ बाइक से घर लौट रहा था। क्रांति चौक के पास बाइक अचानक स्किड हो गई, जिससे उसका दोस्त दूर जा गिरा, जबकि जितेंद्र सड़क पर गिर पड़ा। इसी दौरान तेज रफ्तार से आ रहा टैंकर उसे रौंदता हुआ निकल गया, जिससे जितेंद्र की मौके पर ही मौत हो गई। घटना के तुरंत बाद स्थानीय लोगों ने तत्परता दिखाते हुए टैंकर चालक को पकड़ लिया और इसकी सूचना डायल 112 को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने आरोपी ड्राइवर को हिरासत में लेकर टैंकर को जब्त कर लिया है। फिलहाल पुलिस पूरे मामले की विवेचना में जुटी है। हादसे के बाद इलाके में शोक का माहौल है।

आदिम जनजाति संचालनालय में छात्रावास अधीक्षकों साक्षात्कार लेने के लिए आवश्यक दस्तावेज मंगाए

रायपुर/नवप्रदेश। आदिम जनजाति संचालनालय ने छात्रावास अधीक्षक के साक्षात्कार कल से शुरू हो जाएगा। इसके लिए आवेदकों को आवश्यक प्रमाण पत्र जमा करना होगा। आदिम जनजाति विभाग के संचालनालय द्वारा जारी आदेशानुसार व्यापम द्वारा छात्रावास अधीक्षक के लिए लिखित परीक्षा ली गई थी। इसके पश्चात रिजल्ट विभाग को भेज दिया गया है। विभाग द्वारा पदस्थापना की जाएगी। इसके लिए सभी आवेदकों को नया रायपुर संचालनालय में व्यक्तिगत साक्षात्कार लिया जाएगा, जिसमें उम्मीदों को प्रमाण पत्र, डिग्री एवं अनुभव सहित मूल निवासी प्रमाण जमा करना होगा। इसके पश्चात सभी प्रमाण पत्रों को स्व-हस्ताक्षरित प्रमाणित करना होगा। छत्तीसगढ़ में छात्रावास अधीक्षकों को विभिन्न जिलों में भेजा जाता है, वे छात्रावास के प्रभारी होते हैं। वे कन्या तथा बालक छात्रावास में नियुक्त किए जाते है, राज्य में 13 से अधिक आदिवासी जिले हैं। इन जिलों में उनकी नियुक्ति की जाएगी। इस समय छात्रावास से अधीक्षक अन्य पदों पर आने के लिए तैयार रहते हैं। आदिवासी संचालनालय में नियुक्ति अपने मन पंसद स्थानों में नियुक्ति कराने के लिए लोग मंत्री जी का चक्कर काट रहे हैं।

आवारा कुत्तों का आतंक, दो साल की बच्ची पर जानलेवा हमला, हालत गंभीर

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर के बीरगांव क्षेत्र के गाजी नगर, वार्ड 29 में एक दिल दहला देने वाली घटना सामने आई है, जहां आवारा कुत्तों ने दो साल की मासूम बच्ची पर जानलेवा हमला कर दिया। बच्ची, जिसका नाम अनाया है, अपने घर के बाहर गली में खेल रही थी, तभी आधे दर्जन आवारा कुत्तों ने उसे घेर लिया और बुरी तरह काट लिया। इस हमले में अनाया के सिर, गाल और हाथों पर गहरे घाव आए हैं। बताया जा रहा है कि उसके सिर से मांस के दो हिस्से भी निकल गए हैं। बच्ची की चीख-पुकार सुनकर आसपास के लोग दौड़े और उसे कुत्तों से बचाया। इसके बाद उसे तुरंत डीकेएस अस्पताल ले जाया गया, जहां उसकी हालत गंभीर बनी हुई है। अस्पताल में डॉक्टरों की टीम बच्ची का इलाज कर रही है। अनाया के सिर की दो जगहों पर सर्जरी की तैयारी चल रही है। बच्ची के पिता गुलाम मुस्तफा, जो पेशे से ऑटो चालक हैं, इस घटना से गहरे सदमे में हैं। उनका परिवार इस दुखद हादसे से जूझ रहा है। यह घटना रायपुर में आवारा कुत्तों के बढ़ते खतरे को एक बार फिर उजागर करती है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से आवारा कुत्तों की समस्या पर तत्काल कार्रवाई की मांग की है।

हत्या के मामले में 2 आरोपी और 1 नाबालिग सहित 3 गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। रायपुर जिले के तिल्दा नेवरा थाना क्षेत्र में 26 अगस्त 2025 को एक नाबालिग की हत्या के मामले में पुलिस ने दो आरोपियों और एक विधि के साथ संघर्षरत बालक सहित कुल तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान विजय धीरज कुमार (24 वर्ष) और कुलदीप बंजारे (23 वर्ष), दोनों ग्राम कोटा, सतनामी पारा, थाना तिल्दा नेवरा, रायपुर के निवासी, के रूप में हुई है। तीसरा आरोपी एक नाबालिग है। घटना की शुरुआत तब हुई जब प्रार्थी ने 26 अगस्त 2025 को थाना तिल्दा नेवरा में रिपोर्ट दर्ज कराई कि उनका नाबालिग पुत्र रात 8:00 बजे गणेश पंडाल देखने के लिए घर से निकला था, लेकिन वापस नहीं लौटा। इस सूचना पर पुलिस ने गुमशुदगी का मामला दर्ज कर जांच शुरू की। 6 सितंबर 2025 को प्रार्थी के पुत्र का शव ग्राम कोटा स्थित बड़े तालाब के पास संदिग्ध अवस्था में मिला। प्रथम दृष्टया हत्या का मामला प्रतीत होने पर थाना तिल्दा नेवरा में अज्ञात आरोपी के खिलाफ अपराध क्रमांक 373/2025, धारा 137(2), 103(1) बी.एन.एस. के तहत मामला दर्ज किया गया। वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक डॉ. लाल उमेद सिंह ने मामले को गंभीरता से लेते हुए अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (ग्रामीण) कीर्तन राठौर, अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक (क्राइम) संदीप मित्तल, नगर पुलिस अधीक्षक (विधानसभा) वीरेंद्र चतुर्वेदी, उप पुलिस अधीक्षक (क्राइम) संजय सिंह और थाना प्रभारी तिल्दा नेवरा को अज्ञात आरोपियों की तलाश और गिरफ्तारी के निर्देश दिए। इसके बाद एंटी क्राइम एंड साइबर यूनिट और थाना तिल्दा नेवरा की संयुक्त टीम ने घटनास्थल का निरीक्षण किया, प्रार्थी से पूछताछ की और आसपास के सीसीटीवी फुटेज की जांच शुरू की। जांच के दौरान पुलिस को सूचना मिली कि मृतक को आखिरी बार विजय धीरज के साथ गणेश पंडाल के पास देखा गया था। इसके आधार पर विजय धीरज को हिरासत में लेकर पूछताछ की गई, जिसमें उसने अपने साथी कुलदीप बंजारे और एक नाबालिग के साथ मिलकर हत्या की बात कबूल की। पूछताछ में विजय धीरज ने बताया कि उसने मृतक के साथ अनाचार किया था और मृतक के इसे दूसरों को बताने के डर से उसकी हत्या कर दी। इसके बाद पुलिस ने कुलदीप बंजारे और नाबालिग को भी गिरफ्तार कर लिया। आरोपियों के खिलाफ थाना तिल्दा नेवरा में धारा 140(4), 61(2)(क) बी.एन.एस. और पॉक्सो एक्ट की धारा 04 के तहत कार्रवाई की गई है।

करोड़ों रूपए की चना खरीदी को लेकर कानूनी दावपेंच

- 300 करोड़ से अधिक की राशि से खरीदा जाएगा चना
- आदिवासी क्षेत्रों में दो किलो चना प्रति राशन कार्ड दिया जाएगा



रायपुर/नवप्रदेश। आदिवासी जिलों (माडा) में चना वितरण करने की तैयारी नागरिक आपूर्ति निगम ने शुरू कर दी है। सार्वजनिक वितरण प्रणाली के तहत प्रति राशन कार्ड 2 किलो चना राशन कार्ड धारक को दिया जाएगा। ज्ञात रहे चना खरीदी के लिए टेण्डर जारी कर दिया गया है। 300 करोड़ से अधिक का टेण्डर लेने के लिए इस समय कई रसूखदार एवं राजनेता सक्रिय हो गए हैं।

सार्वजनिक वितरण प्रणाली के प्रमुख के अनुसार राज्य में 60 लाख राशन कार्डधारक हैं, इनमें से 30 लाख राशन कार्ड धारक आदिवासी जिलों में हैं, इनमें प्रति राशन कार्ड दो किलो चना दिया जाएगा। सरकार को करीब 50 से 60 हजार क्विंटल चना खरीदी कर वितरण किया जाएगा। राज्य आपूर्ति निगम के माध्यम से इसकी खरीदी की जाएगी। चना के आपूर्ति के लिए कई प्रभावशाली ठेकेदार सक्रिय हो गए हैं। राज्य में इसकी खरीदी करोड़ों में होगी। चना आपूर्ति करने के लिए दिल्ली की एक शासकीय संस्था एवं कई निजी आपूर्तिकर्ता टेण्डर में व्याप्त विसंगतियों को दूर करने के लिए हाईकोर्ट पहुंच गए हैं, लेकिन सरकार ने भी कैविएट दायर कर दिया है। पहले आवेदक की सुनवाई के पश्चात सरकार के पक्ष के भी सुनवाई होगी।

राज्य आपूर्ति निगम में ठेके की शर्तों एवं अन्य नियमों का हलावा देते हुए टेण्डर की तिथि तय कर दी गई है। इसके चलते अब रसूखदार ठेकेदार ठेका लेने के लिए सक्रिय हो गए हैं। मुख्यमंत्री के गृह जिले के कई ठेकेदार इस ठेके को लेने के लिए सक्रिय है, सार्वजनिक वितरण प्रणाली के विजय कुमार धृतलहरे ने बताया कि राज्य में चना वितरण का काम सार्वजनिक वितरण प्रणाली द्वारा किया जाता है, लेकिन हमें बतौर कमीशन कुछ नहीं मिलता, इधर नागरिक आपूर्ति निगम के प्रमुख के अनुसार यह ठेका करीब 390 करोड़ होगा, जिसमें करीब 77 हजार क्विंटल चना खरीदना होगा। यह चना आदिवासी क्षेत्र कहे जाने वाले सरगुजा बस्तर सहित अन्य क्षेत्रों में वितरित किया जाएगा।

रायपुर में तेज बारिश...17 जिलों में अलर्ट

- दुर्ग-बालोद में बिजली गिरेगी, आंधी चलेगी, 2 दिन बाद प्रदेशभर में बरसात, 85% कोटा पूरा

रायपुर/नवप्रदेश। पूरे छत्तीसगढ़ में 2 दिन बाद तेज बारिश हो सकती है। दो-तीन जगहों पर भारी पानी बरस सकता है। रायपुर में सोमवार दोपहर के बाद मौसम बदला और तेज बारिश हुई। आज मौसम विभाग ने सेंट्रल छत्तीसगढ़ के दुर्ग, बालोद, रायपुर, कबीरधाम, राजनांदगांव सहित 17 जिलों में यलो अलर्ट जारी किया है। इस दौरान गरज-चमक के साथ बिजली गिर सकती है। आंधी चल सकती है।

ओवल ऑल बात करें तो 7 सितंबर तक प्रदेश में मानसून का 85 प्रतिशत कोटा पूरा हो चुका है। सामान्य तौर पर औसत 1143.3 मिमी बारिश होती है, जबकि अब तक 981.3 मिमी वर्षा हो चुकी है। इस साल मानसून अगस्त के महीने को छोड़ दें तो अब तक सामान्य रहा है।

बलरामपुर में सबसे ज्यादा पानी बरसा: प्रदेश में अब तक 981.3 बारिश हुई है। बेमेतरा जिले में अब तक 465 मिमी बारिश हुई है, जो सामान्य से 49' कम है। अन्य जिलों जैसे बस्तर, बेमेतरा, जगदलपुर में वर्षा सामान्य के आसपास हुई है।

वहीं, बलरामपुर जिले में 1330.8 मिमी बारिश दर्ज की गई, जो सामान्य से 56' अधिक है। आंकड़े 1 जून से 6 सितंबर 2025 तक के हैं।

बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दिक्कत अभी बरकरार: पिछले हफ्ते उत्तरी और दक्षिणी छत्तीसगढ़ में भारी बारिश हुई। बस्तर संभाग के 4 जिलों में कई पुल टूट गए, 200 से ज्यादा घर ढह गए। नदियां-नाले उफान पर आ गए और बाढ़ जैसे हालात बन गए। प्रशासन को राहत और बचाव कार्य चलाना पड़ा।

प्रभावितों को राहत शिविर में रखा गया है। फिलहाल स्थिति सामान्य की ओर बढ़ रही है, लेकिन बाढ़ प्रभावित क्षेत्रों में दिक्कतें अब भी बरकरार हैं। बारसूर में स्टेट हाईवे 5 पर पुल टूट गया है, टूटे पुल पर अब सीढ़ी बांधकर ग्रामीण आना जाना कर रहे हैं।

बस्तर में 200 से ज्यादा घर ढहे

बस्तर संभाग में पिछले दिनों हुई मूसलाधार बारिश के बाद चार जिलों दंतेवाड़ा, बीजापुर, सुकमा और बस्तर में बाढ़ से 200 से ज्यादा मकान ढह गए। 2196 लोग राहत शिविर में शिफ्ट किए गए। इन्हें स्कूल, इंडोर स्टेडियम, आश्रम जैसे जगहों पर ठहराया गया है। अब तक 5 लोगों की मौत हो चुकी है। अब बाढ़ के बाद की तस्वीरें भी सामने आई हैं।

बलरामपुर में बांध फूटने से 6 लोगों की मौत

इसके अलावा बलरामपुर में बांध फूटने की घटना में अब तक 6 लोगों की मौत हो चुकी है। 6 लोगों के शव मिल चुके हैं। 1 लापता बच्ची की तलाश जारी है। बता दें कि लगातार बारिश से लबालब बांध बह गया था। जिसकी चपेट में आकर निचले इलाके के 4 घर बह गए थे।

मुख्यमंत्री ने रायपुर की पहली महिला विधायक स्वर्गीय रजनी ताई उपासने के निवास पहुंचकर अर्पित की श्रद्धांजलि

रायपुर/नवप्रदेश। मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय आज राजधानी रायपुर के पुलिस लाइन स्थित रायपुर की पहली महिला विधायक एवं समाजसेवी स्वर्गीय श्रीमती रजनी ताई उपासने के निवास पहुँचे और उन्हें श्रद्धांजलि अर्पित की। उन्होंने रजनी ताई उपासने के योगदानों का पुण्य स्मरण किया तथा शोक संतप्त परिजनों से भेंट कर उन्हें सांत्वना दी। इस अवसर पर पूर्व राज्यसभा सांसद श्री कैलाश सोनी, श्री संतोष शर्मा, श्री जगदीश उपासने सहित परिजन उपस्थित थे।

मुख्यमंत्री श्री विष्णु देव साय ने कहा कि रजनी ताई का निधन पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। आपातकाल के कठिन दौर में उन्होंने जिस साहस और धैर्य का परिचय दिया, वह प्रेरणादायी है। अपने कार्यकाल में उन्होंने जनता के हितों और रायपुर के विकास को सर्वोच्च प्राथमिकता दी। सादगी, ईमानदारी और समाज से गहरे जुड़ाव के कारण उन्हें विशिष्ट पहचान मिली। वे महिलाओं और वंचित वर्गों के अधिकारों के लिए निरंतर सक्रिय रहीं। श्री साय ने ईश्वर से दिवंगत आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना की।

उल्लेखनीय है कि रायपुर की पहली महिला विधायक और समाजसेवी श्रीमती रजनी ताई उपासने का हाल ही में 92 वर्ष की आयु में निधन हो गया। वर्ष 1977 में जनता पार्टी से चुनाव जीतकर उन्होंने इतिहास रचते हुए रायपुर की पहली महिला विधायक बनने का गौरव प्राप्त किया। उस दौर में जब राजनीति में महिलाओं की भागीदारी सीमित थी, ऐसे समय में जनता का विश्वास जीतना उनके साहस और संघर्ष का प्रतीक था।

प्रधानमंत्री आवास योजना : कच्चे मकान से मिला छुटकारा, अब पक्के मकान में हो रहा गुजारा

रायपुर/नवप्रदेश। गरीबी और कठिनाइयों से जूझ रही सुकमा जिले के गादीरास पंचायत निवासी श्रीमती मुब्बीबाई पेद्दी पति श्री पेंटा पेद्दी की जिंदगी में प्रधानमंत्री आवास योजना ने नई रोशनी भर दी है। पहले जहां उनका परिवार मिट्टी की कमजोर झोपड़ी में रहता था, वहीं अब वे अपने दो कमरों के पक्के मकान में गरिमा और सुरक्षा के साथ जीवन जी रही हैं।

मुत्री बाई, जो परिवार की मुखिया हैं, मेहनत-मजदूरी और खेती-किसानी से बच्चों का पालन-पोषण करती रही हैं। पुराने कच्चे घर में हर मौसम उनके लिए चुनौती था। बरसात में टपकती छत, गर्मी में तपता टीन, और सर्दियों में कड़कड़ाती ठंड। बच्चों को कई बार बरसात में भीगकर बीमार होना पड़ता था।

वर्ष 2024-25 में जब सरपंच ने उन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना की जानकारी दी और आवेदन करवाया, तब उनकी उम्मीदों को नए पंख मिले। योजना के तहत स्वीकृत राशि से उन्होंने एक पक्का मकान तैयार कराया, जिसमें रसोईघर, शौचालय और बिजली की सुविधा भी है। खुशी से झूमती हुई मुत्री बाई कहती हैं पहले हमारा घर सिर्फ बारिश और धूप से बचाव के लिए था, अब ये हमारे आत्मसम्मान की पहचान बन गया है। मुख्यमंत्री श्री विष्णुदेव साय का धन्यवाद कि उन्होंने हमें पीएम आवास बनवाने के लिए राशि प्रदान की। यह कहानी सिर्फ मुत्री बाई की नहीं, बल्कि सुकमा जैसे दूरस्थ ग्रामीण इलाकों में निवासरत हजारों परिवारों की कहानी है जिन्हें प्रधानमंत्री आवास योजना ने कच्चे घर से पक्के घर तक का सफर तय कराया है।

एशिया कप 2025 मलेशिया में भारतीय बास्केटबॉल टीम से महासमुंद की दिव्या रंगारी होगी शामिल

महासमुंद/नवप्रदेश। एफआईबीए अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 का आयोजन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर 2025 तक आयोजित किया जाना है। जिसके लिए बास्केटबॉल फेडरेशन ऑफ इंडिया द्वारा राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर का आयोजन 10 अगस्त से 12 सितंबर 2025 तक नेशनल स्पोर्ट्स सेंटर चेन्नई में आयोजित है, जिसमें भारतीय अंडर 16 महिला राष्ट्रीय बास्केटबॉल टीम में छत्तीसगढ़ से महासमुंद जिले की दिव्या रंगारी पिता विनोद रंगारी का चयन हुआ है। भारतीय टीम का राष्ट्रीय प्रशिक्षण शिविर पश्चात् भारतीय टीम एफआईबीए अंडर 16 वूमेंस एशिया कप 2025 सेरेम्बन मलेशिया में 13 से 19 सितम्बर तक आयोजित किया जाएगा। जिसमें भारतीय टीम साऊथ एशियन जोन की टीम से शामिल होगी। जिसके लिए 12 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा की गई है। जिसमें छत्तीसगढ़ से महासमुन्द जिले की दिव्या रंगारी का चयन हुआ है। दिव्या के चयन होने से प्रदेश एवं जिले में खुशी की लहर देखी जा रही है।

इससे पहले अंडर 16 एशिया कप एसएबीए क्वालिफायर बास्केटबॉल चैंपियनशिप का आयोजन 12 से 15 जून 2025 तक मालदीप में आयोजित किया गया था। जिसमें भारतीय टीम ने बेहतर प्रदर्शन करने के साथ चैंपियनशिप में स्वर्ण पदक जीता एवं एशिया कप 2025 मलेशिया के लिए क्वालीफाई किया। भारतीय टीम में महासमुंद छत्तीसगढ़ से दिव्या रंगारी ने अपना बेहतरीन प्रदर्शन किया। दिव्या रंगारी मिनी स्टेडियम महासमुंद में नियमित अभ्यास करते हुए राष्ट्रीय चैंपियनशिप में शामिल होने के साथ ही इंडिया टीम में जगह बनाने में सफल रही हैं। महासमुंद जिले में बास्केटबॉल खेल का अभ्यास प्रतिदिन स्थानीय मिनी स्टेडियम महासमुंद में किया जाता है। जिसमें आसपास क्षेत्र के ग्रामीण क्षेत्रों एवं शहरी क्षेत्र के बच्चे शामिल होते हैं। जिले के खिलाड़ियों ने राष्ट्रीय बास्केटबॉल प्रतियोगिता में भागीदारी करने के साथ ही पदक जीतने में सफल रहे हैं।

गणेश विसर्जन के दिन खूनी संघर्ष, एक युवक की मौत

खैरागढ़/नवप्रदेश। गणेश विसर्जन के पावन पर्व पर खैरागढ़ में उत्सव का माहौल उस समय मातम में बदल गया जब एक युवक की चाकू मारकर हत्या कर दी गई. यह दुखद घटना गणेश विसर्जन जुलूस के दौरान सांस्कृतिक भवन के पास हुई, जिसके बाद से पूरे इलाके में सनसनी फैल गई है। पुलिस के अनुसार, मृतक की पहचान दीपक यादव (21 वर्ष), निवासी दाऊचौरा के रूप में हुई है. बताया जा रहा है कि विसर्जन जुलूस के दौरान किसी बात को लेकर दीपक का कुछ लोगों से विवाद हो गया. यह विवाद इतना बढ़ गया कि एक युवक ने दीपक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया. आरोपी ने दीपक की कमर और हाथ पर कई वार किए, जिससे वह गंभीर रूप से घायल हो गया। खून से लथपथ दीपक को तुरंत खैरागढ़ के सिविल अस्पताल ले जाया गया, लेकिन डॉक्टरों ने उसे मृत घोषित कर दिया. घटना के बाद से

चाकूबाजी की घटना के दो आरोपी गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। जिले के नेवरा थाना क्षेत्र में 24 जुलाई 2025 को हुई चाकूबाजी की घटना के दो मुख्य आरोपियों को पुलिस ने गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार आरोपियों की पहचान धनुष निषाद (20 वर्ष) और सोनू साहू उर्फ हेमंत साहू (21 वर्ष) के रूप में हुई है। दोनों नेवरा थाना क्षेत्र के निवासी हैं। इस घटना में प्रयुक्त मोटरसाइकिल (सीजी 04 क्यू.डी. 4895) को भी पुलिस ने जब्त कर लिया है।

घटना 24 जुलाई 2025 की रात करीब 8:30 बजे की है, जब प्रार्थी सतीश यादव के बड़े भाई मुकेश यादव और उनके दोस्त दिनेश साहू अपने घर के सामने बैठकर बातचीत कर रहे थे। तभी धनुष निषाद, पोई उर्फ चन्द्रकांत साहू और उनके अन्य साथियों ने रोड में खड़ी मोटरसाइकिल को हटाने की बात को लेकर विवाद शुरू कर दिया। आरोपियों ने मुकेश और दिनेश को गंदी-गंदी गालियां दीं और जान से मारने की धमकी दी। विवाद बढ़ने पर आरोपियों ने धारदार चाकू से हमला कर दिया, जिससे मुकेश यादव के पेट और भुजा में गंभीर चोटें आईं, वहीं दिनेश साहू के सिर में चोट लगी। घटना की सूचना मिलने पर प्रार्थी सतीश यादव ने नेवरा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके आधार पर पुलिस ने अपराध दर्ज कर जांच शुरू की। घटना के बाद से फरार दोनों आरोपी विश्वसनीय मुखबिर की सूचना के आधार पर घेराबंदी कर पकड़े गए। पुलिस ने दोनों को गिरफ्तार कर ज्यूडिशियल रिमांड के लिए माननीय न्यायालय में पेश किया।

पीएम सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना: महंगे बिजली बिल की चिंता खत्म

- प्रभुदयाल ने छत पर लगवाया 3 किलोवाट का सोलर संयंत्र

रायपुर/नवप्रदेश। पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना आम नागरिकों के लिए एक प्रभावी एवं लाभकारी योजना साबित हो रही है। इस योजना के माध्यम से राज्य के नागरिकों को न केवल सस्ती और सतत् बिजली मिल रही है, बल्कि लोग बिजली के मामले में आत्मनिर्भरता की ओर अग्रसर हो रहे हैं। योजना का उद्देश्य नवीकरणीय ऊर्जा स्त्रोतों को प्रोत्साहित करते हुए घरों की छतों पर सौर ऊर्जा संयंत्र स्थापित कराना है, जिससे उपभोक्ताओं को आर्थिक लाभ के साथ-साथ पर्यावरण संरक्षण में भी अपनी भागीदारी सुनिश्चित हो रही है। सक्ति जिले के ग्राम दतौद निवासी श्री प्रभुदयाल चंद्रा ने अपने घर की छत पर 3 किलोवाट क्षमता का सोलर रूफटॉप पैनल स्थापित कराया गया है। योजना के अंतर्गत केंद्र सरकार द्वारा श्री चंद्रा को 78 हजार रुपये की अनुदान राशि सीधे उनके बैंक खाते में प्रदान की गई है। इस समन्वित सहयोग से नागरिकों पर वित्तीय भार में उल्लेखनीय कमी आई है तथा सौर ऊर्जा को अपनाने हेतु प्रोत्साहन मिला है।

श्री चंद्रा ने अपने अनुभव साझा करते हुए कहा कि सौर ऊर्जा के माध्यम से न केवल बिजली की बचत हो रही है, बल्कि यह योजना हर परिवार को ऊर्जा के क्षेत्र में आत्मनिर्भर बना रही है। आने वाले समय में प्रदेश के प्रत्येक घर की छत पर यह सौर पैनल दिखाई देगा, जिससे महंगे बिजली बिल की चिंता समाप्त हो जाएगी। शासन की इस पहल से प्रदेश में हर वर्ग के नागरिक को सस्ती, सुलभ और स्वच्छ ऊर्जा उपलब्ध हो रही है, जिससे पर्यावरणीय संतुलन कायम रखने में भी सहयोग मिल रहा है।

उल्लेखनीय है कि पीएम सूर्य घर-मुफ्त बिजली योजना के तहत प्रदेश में घरेलू उपभोक्ताओं को सौर ऊर्जा प्रणाली स्थापित करने हेतु तकनीकी मार्गदर्शन, विभागीय सहायता और वित्तीय अनुदान की व्यवस्था की गई है। इससे न केवल विद्युत खपत में कमी आई है, बल्कि उपभोक्ताओं की आय में अप्रत्यक्ष रूप से वृद्धि भी हो रही है।

बच्चों का स्क्रीन टाईम कम करने सेमीनार

बच्चों को मोबाईल देने से छिन रहा है बचपन : मुकेश शाह

रायपुर/नवप्रदेश। अब समय आ गया है कि घरों में बच्चों द्वारा मोबाईल के बढ़ते उपयोग से घरों के अंदर इसके दुष्प्रभाव को कम करने एमएफज़ेड (मोबाईल फ्री ज़ोन) व एमएफ्टी (मोबाईल फ्री टाईम) का नियम लागू किया जाए अर्थात घर में कुछ जगह ऐसी हो जहां लोग मोबाईल का उपयोग ना करें, जैसे पूजा घर, भोजन कक्ष, बाथरूम, भोजन की मेज, अध्ययन कक्ष आदि। इसी प्रकार घरों में सभी सदस्य मोबाईल का कुछ निर्धारित समय पर उपयोग ना करें, जैसे भोजन के समय, पूजा के समय, मेहमानों के सामने तथा परिवार के सदस्यों द्वारा निर्धारित कोई समय आदि।*

श्री कच्छी दशा ओसवाल जैन ज्ञाति महाजन द्वारा कुंथुनाथ मंदिर, फाफाडीह में अभिभावकों के लिए बच्चों को मोबाईल से होने वाले नुकसान व उसे कम करने के उपाय बताने एक सेमीनार आयोजित किया गया जिसमें मुख्य वक्ता के तौर पर प्रेरक वक्ता व शिक्षाविद् मुकेश शाह ने विषय पर अनेक बातें रखीं।

वक्ता मुकेश शाह ने कहा कि बच्चों को रात में अधिकतम 10 बजे तक ही मोबाईल का उपयोग करने देना चाहिए। इस समय परिवार के लोग एक साथ बैठे बच्चों की भी बातें सुनें, उनसे स्कूल की, घर की, पढ़ाई की दोस्तों की या किसी कहानी या पात्र आदि की चर्चा करें ताकि बच्चे का ध्यान मोबाईल से हटें।कोई इंडोर गेम रात में सब एक साथ बैठकर खेलें तो बच्चे का मानसिक स्वास्थ्य और मजबूज होता है। बच्चों की सुनेंगे तो उनके वर्तमान को बुनेंगे अर्थात् बच्चों से जितना आप संवाद स्थापित करेंगे व जितना उसको साथ-साथ रखेंगे वह उतना की आपकी बात मानकर मोबाईल से दुरी बनाएगा।समय-समय पर बच्चों को समझाएं कि कैसे मोबाईल का बहुत अधिक उपयोग उसके भविष्य के सपने को पूरा करने में बाधक बन सकता है कैसे शारीरिक और मानसिक स्वास्थ्य पर विपरीत असर डाल सकता है। वक्ता श्री शाह ने अभिभावकों से कहा कि- नौ वर्ष तक के बच्चों को दिन में एक घंटा और 18 वर्ष की उम्र तक के बच्चों को अधिकतम् दो घंटा ही मोबाईल देखना चाहिए। आंख से मोबाईल की दुरी कम से कम एक फीट होना चाहिए। ईयरफोन का उपयोग लगातार एक घंटे से ज्यादा नहीं करना चाहिए, इससे श्रवण तंत्र पर विपरीत असर पड़ता है। ईयरफोन को हमेशा बांये कान में लगाना चाहिए क्योंकि इससे मस्तिष्क का दांया भाग सक्रिय होता है जो संवेदनशीलता का होता है।

पदोन्नत डीएसपी की तीन महीने बाद भी नहीं हुई पोस्टिंग

जून में 46 टीआई को मिली थी पदोन्नति

रायपुर/नवप्रदेश। राज्य पुलिस विभाग में तीन महीने पहले हुए बड़े फैसले का असर अब तक कागजों तक ही सीमित है। जून माह में 46 वरिष्ठ निरीक्षकों (टीआई) को उप पुलिस अधीक्षक पद पर पदोन्नत किया गया था। इनमें 21 पुरुष और 25 महिला अधिकारी शामिल हैं। पदोन्नति के बाद सभी अफसरों को बस्तर क्षेत्र में 45 दिनों के लिए प्रशिक्षण पर भेजा गया। इस दौरान उन्हें नक्सली गतिविधियों से प्रभावित क्षेत्रों में पुनर्वास और स्थानीय स्तर पर काम करने की जिम्मेदारियां सौंपी गईं। अधिकारियों ने वहां अपना प्रशिक्षण सफलतापूर्वक पूरा कर लिया और अनुभव भी हासिल किया। फिर भी, प्रशिक्षण अवधि पूरी हुए तीन महीने बीत जाने के बाद भी उनकी पोस्टिंग का आदेश जारी नहीं हो सका है। गृह विभाग के सूत्रों का कहना है कि विभाग ने पोस्टिंग संबंधी प्रस्ताव तैयार कर लिया था, लेकिन जनप्रतिनिधियों की सिफारिशों और कुछ शिकायतों के चलते फाइल आगे नहीं बढ़ पाई। चर्चा है कि कुछ जिलों और संवेदनशील स्थानों पर नई नियुक्तियों को लेकर राजनीतिक दबाव भी बन रहा है। परिणामस्वरूप, पदोन्नत डीएसपी आज भी अपने पुराने पद पर ही काम कर रहे हैं। आधिकारिक सूत्रों का कहना है कि विभाग दीवाली के पहले आदेश जारी करने की तैयारी में है। हालांकि, इस देरी ने अफसरों में असमंजस की स्थिति पैदा कर दी है। वरिष्ठ पुलिस अधिकारियों का मानना है कि प्रशिक्षण पूरा करने के बाद यदि तुरंत फील्ड जिम्मेदारियां दी जातीं, तो अधिकारी अपने अनुभव का बेहतर उपयोग कर सकते थे। गौरतलब है कि बस्तर भेजे गए इन अधिकारियों को नक्सली पुनर्वास कार्यों की मुख्य जिम्मेदारी दी गई थी। प्रशिक्षण अवधि में उन्होंने गांव-गांव जाकर बातचीत की, पुनर्वास योजनाओं की निगरानी की और स्थानीय स्थिति की जमीनी जानकारी ली। इस अनुभव से अधिकारियों में व्यावहारिक समझ विकसित हुई है।

संक्षिप्त खबरें

नि :शुल्क डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा 10 का शुभारंभ 22 से

रायपुर/नवप्रदेश। मां काली सेवा समिति द्वारा शारदीय नवरात्र के अवसर पर निःशुल्क डोंगरगढ़ दर्शन यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। यह यात्रा 22 सितबर से 26 सितबर तक चलेगी। समिति द्वारा विगत 9 वर्षों से इस यात्रा का आयोजन किया जा रहा है। इसमें श्रद्धालुओं को मां बलेश्वरी के दरबार सिद्ध शक्ति पीठ डोंगरगढ़ की निःशुल्क यात्रा कराई जाएगी। समिति द्वारा चार बसों के माध्यम से श्रद्धालुओं को डोंगरगढ़ ले जाया जाएगा। बसें अपने प्रस्थान स्थल से प्रातः 9:30 बजे चलकर अपने गंतव्य तक पहुंचेंगी और श्रद्धालुओं के दर्शन करने के पश्चात निर्धारित समय पर डोंगरगढ़ से वापस रायपुर लौटेंगी।

लॉ यूनिवर्सिटी में इंटरनेशनल कान्फ्रेंस 20 को

रायपुर/नवप्रदेश। हिदायतुल्ला नेशनल लॉ यूनिवर्सिटी में 20 सितंबर को इमरजिंग ज्यूरिस्प्रूडेंस ऑफ आर्टिफिशियल इंटेलीजेंस - द सोसियो-लीगल इफैक्ट पर इंटरनेशनल कॉन्फ्रेंस का आयोजन किया जाएगा। इस दौरान एआई, साइबर सिक्योरिटी एंड लीगल फ्रेमवर्क, एआई एंड इन्टलेक्चुअल प्रॉपर्टी लॉ जैसे विषय के पेपर भी प्रजेंट किए जाएंगे।

11 दिवसीय अग्रसेन जयंती महोत्सव 14 सितम्बर से

रायपुर/नवप्रदेश। पुरानी बस्ती रायपुर, स्थित दाऊ अमरीश कुमार लक्ष्मेश्वर दयाल अग्रवाल छत्तीसगढ़ी अग्रवाल भवन में 14 सितंबर 2025 से 24 सितंबर 2025 तक विभिन्न कार्यक्रम आयोजित किए जाने वाले हैं, आज पुरानी बस्ती स्थित भवन में छत्तीसगढ़ी अग्रवाल समाज रायपुर इकाई की बैठक में उपरोक्त निर्णय लिया गया है जिसके तहत 14 तारीख को अग्र शक्ति द्वारा अंदाज अपना अपना कार्यक्रम, 15 सितंबर को जगदीश कुमार दानी स्कूल द्वारा अंतर शालेय विभिन्न प्रतियोगिताओं का आयोजन किया जा रहा है, 16 सितंबर 17 सितंबर 18 सितंबर को महिला मंडल द्वारा रंगोली, मेहंदी, आरती थाल सजाओ, कुर्सी दौड़ और फैंसी ड्रेस कार्यक्रम का आयोजन किया जा रहा है।

आम आदमी पार्टी का संगठन विस्तार

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में आम आदमी पार्टी पुरानी कार्यकारिणी के साथ साथ नई कार्यकारिणी की घोषणा की है। आम आदमी पार्टी के केंद्रीय नेतृत्व, प्रदेश प्रभारी डॉ. संदीप पाठक और प्रदेश सह प्रभारी मुकेश अहलावत जी ने कुछ कार्यकर्ताओं नई जिम्मेदारी सौंपी है। प्रदेश महासचिव वदूद आलम ने बताया कि प्रदेश अध्यक्ष गोपाल साहू द्वारा जारी सूची में कुछ पुराने चेहरों को नई जिम्मेदारी दी गई है। जारी सूची में जसबीर सिंग चावला प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, खड़क राज सिंह प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, भानु प्रकाश चंद्रा प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष, मेहर सिंह वट्टी प्रदेश वरिष्ठ उपाध्यक्ष,अभिषेक मिश्रा प्रदेश उपाध्यक्ष(प्रभारी कोरबा रायगढ़ ज़ोन), सुखवंती सिंह प्रदेश उपाध्यक्ष(प्रभारी प्रदेश पंचायत), रुसेन कुमार मिरी प्रदेश उपाध्यक्ष(प्रभारी एससी विंग),उत्तम जायसवाल प्रदेश संगठन महासचिव, देवलाल नरेटी प्रदेश संगठन महासचिव,अरुण नायर प्रदेश संगठन मंत्री(प्रभारी बिलासपुर जांजगीर चांपा ज़ोन, संतोष कुशवाहा प्रदेश सचिव, दीपक आरदे प्रदेश संयुक्त सचिव, प्रतिमा सिंह प्रदेश संयुक्त सचिव,पवन सक्सेना प्रदेश संयुक्त सचिव,महेंद्र बिसेन प्रदेश संयुक्त सचिव,अरविंद राजपूत प्रदेश संयुक्त सचिव, इमरान खान प्रदेश अध्यक्ष (यूथ विंग), रघुराज ठाकुर प्रदेश अध्यक्ष (आरटीआई विंग), संजय गुप्ता प्रदेश सचिव (आरटीआई विंग) को प्रदेश की जिम्मेदारी दी गयी है।

बस्तर अब विमान सेवाओं से जुड़ा 3 लाख यात्रियों ने भरी उड़ान

छत्तीसगढ़ रजत महोत्सव 2025

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ के रजत महोत्सव के अवसर पर राज्य की विकास यात्रा में आवागमन की सुविधाओं का विस्तार एक बड़ी उपलब्धि के रूप में सामने आया है। राजधानी रायपुर पहले से ही देश के प्रमुख शहरों से हवाई मार्ग से जुड़ा था, लेकिन अब बस्तर, बिलासपुर और अंबिकापुर जैसे शहर भी विमान सेवाओं से लाभान्वित हो रहे हैं।

खास तौर पर बस्तर संभाग के मुख्यालय जगदलपुर में माँ दंतेश्वरी हवाई अड्डे के माध्यम से शुरू हुई नियमित उड़ानों ने क्षेत्र में विकास की नई संभावनाएं खोल दी हैं।जगदलपुर का माँ दंतेश्वरी हवाई अड्डा ऐतिहासिक रूप से महत्वपूर्ण है। इसका निर्माण 1939 में ब्रिटिश काल में हुआ था, जब इसे ÷जहाज भाटा÷ के नाम से जाना जाता था। 2017 में केंद्र सरकार की उड़ान योजना के तहत भारतीय विमानपत्तन प्राधिकरण ने इस हवाई अड्डे का उन्नयन शुरू किया और 2019 में इसे 3-सी श्रेणी में अपग्रेड किया गया, जिससे एटीआर-72 जैसे विमानों का संचालन संभव हुआ।

2020 में छत्तीसगढ़ सरकार ने इसका नामकरण बस्तर की आराध्य देवी माँ दंतेश्वरी के नाम पर किया।सितंबर 2020 से एलायंस एयर ने जगदलपुर से रायपुर और हैदराबाद के लिए नियमित उड़ानें शुरू कीं। बाद में दिल्ली, जबलपुर और बिलासपुर के लिए भी उड़ान सेवाएं शुरू हुईं। मार्च 2024 से इंडिगो एयरलाइंस ने जगदलपुर को रायपुर और हैदराबाद से जोड़ते हुए दैनिक उड़ानें शुरू कीं। इसके अलावा, पैरामिलिट्री बलों के लिए विशेष दिल्ली उड़ान भी संचालित हो रही है।अब तक जगदलपुर हवाई अड्डे से करीब तीन लाख यात्रियों ने हवाई यात्रा की है। इससे न केवल स्थानीय लोगों को आवागमन में सुविधा मिली है, बल्कि व्यापार, पर्यटन, शिक्षा और स्वास्थ्य सेवाओं में भी उल्लेखनीय प्रगति हुई है। गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार के लिए बड़े शहरों तक पहुंचाना आसान हुआ है, और छात्र व युवा उच्च शिक्षा व रोजगार के अवसरों के लिए आसानी से अन्य शहरों तक पहुंच रहे हैं।बस्तर के हस्तशिल्प, वनोपज और हर्बल उत्पाद अब देश के बड़े बाजारों तक आसानी से पहुंच रहे हैं। साथ ही, चित्रकूट और तीरथगढ़ जलप्रपात, कांगेर घाटी राष्ट्रीय उद्यान और बस्तर दशहरा जैसे पर्यटक स्थलों तक देश-विदेश से पर्यटकों की आवाजाही बढ़ी है।

कर्मचारी से मारपीट करने वाले मंत्री को बर्खास्त करे भाजपा : अग्रवाल

रायपुर/नवप्रदेश। सुशील सन्नी अग्रवाल, पूर्व अध्यक्ष, छत्तीसगढ़ भवन एवं अन्य सन्निर्माण कर्मकार कल्याण एवं मजदूर नेता ने कहा कि जगदलपुर विश्राम गृह के कर्मचारी खितेंद्र पांडे को छत्तीसगढ़ सरकार के कैबिनेट मंत्री केदार कश्यप के द्वारा गाली गलौच कर मारपीट किए जाने की घटना को अत्यंत निंदनीय और अक्षम्य बताया है। कर्मचारी पाण्डेय अपने आपको बीमार (लकवाग्रस्त) होने की जानकारी भी दिए हैं, एक बीमार और असहाय कर्मचारी के साथ सरकार के मंत्री का ऐसा व्यवहार घोर आपत्तिजनक है। ऐसे निर्दयी मंत्री को तत्काल पद से हटाया जाए तथा मंत्री कश्यप द्वारा कर्मचारी से सार्वजनिक रूप से हाथ जोड़कर माफी मांगी जाए और उनके ऊपर कानूनी कार्यवाही होनी चाहिए। ज्ञात हो कि मोदी जी की माताजी पर अभद्र टिप्पणी को लेकर भाजपाइयों ने बिहार बंद कराया था खुद मोदी जी अपने भाषण में इस घटना का उल्लेख करते हैं जो कि बेबुनियाद है, तो क्या इस कर्मचारी को भाजपा के मंत्री द्वारा मां की गाली देना एक मां का अपमान नहीं है? क्या केवल मोदी जी की माता जी का ही सम्मान है बाकी के माताओं का नहीं? अब क्या भाजपा छत्तीसगढ़ बंद कराने का साहस करेगी? भाजपा की सरकार जबसे प्रदेश में बनी है तब से कर्मचारियों और श्रमिकों के अधिकारों का हनन हो रहा है, रोज कर्मचारियों और अधिकारियों पर अत्याचार की खबर आते ही रहता हैं, कदम कदम पर कर्मचारियों को अपमान झेलना पड़ रहा है। लेकिन आज तो पानी सर से ऊपर हो गया है, भाजपाई मंत्रियों का अहंकार अब कर्मचारियों के सम्मान से ऊपर हो गया है जो कि भाजपाई सोच के घटियापन को दर्शाता है। श्री अग्रवाल ने कहा कि श्रमिक और कर्मचारी हमारे प्रदेश की रीढ़ की हड्डी हैं और भाजपा के मंत्री द्वारा उनका अपमान सारे श्रमिकों और कर्मचारियों का अपमान है।

15 लोगों के बीमार होने की खबर सुन अस्पताल पहुंचे विधायक

रायपुर/ सिलयारी/नवप्रदेश। धरसींवा विधानसभा के बरडीह गांव में 15 लोग गंभीर रूप से बीमार हो गए। इनमें से 5 लोगों को खरोरा के एक निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया है, जबकि 10 अन्य लोगों को खरोरा के सरकारी अस्पताल में इलाज के लिए ले जाया गया है।

घटना की जानकारी मिलते ही धरसींवा के विधायक अनुज शर्मा ने तत्काल अस्पताल पहुंचकर मरीजों का हालचाल जाना और डॉक्टरों को बेहतर इलाज के लिए निर्देश दिए। मिली जानकारी के अनुसार विधानसभा धरसींवा के अंतिम छोर के गांव बरडीह गांव में अचानक कई लोगों की तबीयत खराब होने लगी, जिसमें तेज पेट दर्द, उल्टी और दस्त जैसे लक्षण सामने आए। स्थानीय लोगों और प्रशासन की मदद से सभी बीमार लोगों को तुरंत अस्पताल पहुंचाया गया।

अस्पताल में मरीजों से मिलने के बाद विधायक अनूज शर्मा ने मीडिया से बात करते हुए कहा कि मुझे जैसे ही इस घटना की जानकारी मिली मैं तुरंत अस्पताल पहुंचा। मैंने डॉक्टरों से बात की है और उन्हें निर्देश दिए हैं कि सभी मरीजों का हर संभव और बेहतर इलाज किया जाए। हम मरीजों और उनके परिवारों के साथ खड़े हैं। यह बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है कि ऐसी घटना घटी। हम यह सुनिश्चित करेंगे कि भविष्य में ऐसी घटना दोबारा न हो। मैंने प्रशासन से भी कहा है कि वे जल्द से जल्द दूषित पानी के स्रोत का पता लगाएं और गांव में साफपानी की व्यवस्था सुनिश्चित करें।

स्वास्थ्य विभाग की टीम गांव में सक्रियःघटना के बाद स्वास्थ्य विभाग की एक टीम भी तुरंत बरडीह गांव पहुंची। टीम ने घर-घर जाकर लोगों की जांच की और उन्हें दूषित पानी न पीने की सलाह दी।

बाल तपस्वियों को समाज ने किया सम्मानित

रायपुर/नवप्रदेश। पर्यूषण महापर्व के दौरान इस बार छोटे बच्चों ने बड़ी संख्या में कठिन तपस्या की। विचक्षण जैन विद्यापीठ के इन विद्यार्थियों को आज टैगोर नगर स्थित पटवा भवन में आयोजित धर्मसभा में सम्मानित किया गया। बाद में सभी तपस्वियों ने उपाध्याय द्वय आध्यात्म योगी महेंद्र सागरजी महाराज साहब एवं युवा मनीषी मनीष सागरजी महाराज साहब का आशीर्वाद किया। विद्यापीठ के करीब 30 छात्र-छात्राओं ने अठाई (8 उपवास) की तपस्या की। इस दौरान उन्होंने सिर्फ गर्म पानी का इस्तेमाल किया और भोजन का त्याग किया। इसी तरह अनेक बच्चों ने पाँच से 6 उपवास की तपस्या की। उन्हें भी सम्मानित किया गया। श्रीसंघ की ओर से चातुर्मास समिति के अध्यक्ष श्यामसुंदर बैदमुथा, पीआर गोलछा व सुनीता लोढ़ा ने तिलक, माला व उपहारों से बच्चों का बहुमान किया। धर्मसभा में उपस्थित सभी लोगों ने छात्र-छात्राओं की तपस्या की खूब खूब अनुमोदना की।

अठाई की तपस्या के तपस्वी

साहिली कागोध 10वीं, शौर्य जैन 11वीं, नीति जैन 10वीं, नैतिक जैन 11वीं, हर्षित छाजेड़ 11वीं, चाहत जैन 11वीं, ऋषभ जैन 11वीं, मोहन कर्णावट 12वीं, अनंत कर्णावट 12वीं, मौली जैन 12वीं, मोक्ष जैन 12वीं, भव्य जैन 6वीं, धैर्य जैन 6वीं, यशिता 7वीं,श्रेणिता 8वीं, भव्यम 8वीं, मोक्ष बोहरा 9वीं,ऋषभ जैन 9वीं, तुषार छाजेड़ 9वीं, वर्धमान सांखला 9वीं, तोशिखा टांटिया 9वीं, प्रियल जैन 9वीं,श्रुति जैन वीं, कृतिका चोपड़ा 9वीं,नव्य जैन 9वीं, निशिता भींचा 9वीं, मोहित जैन 10वीं,आराध्या जैन 8वीं,तिथि सांखला 9वीं,ओजस गोलेछा 9वीं,अनंत जैन 10वीं,धैर्य जैन 9वीं।

ईश्वर की भक्ति और मोक्ष देवताओं को भी दुर्लभ: आचार्य धनंजय

कलश यात्रा के बाद महाराष्ट्र मंडल में श्रीमद् भागवत कथा शुरू, प्रतिदिनि शाम चार बजे से

रायपुर/नवप्रदेश। महाराष्ट्र मंडल में आयोजित श्रीमद् भागवत कथा के पहले दिन धर्मसभा विद्वतसंघ श्रीश्री जगतगुरु शंकराचार्य पीठम के राष्ट्रीय अध्यक्ष ब्रह्मचारी निरंजनानंद आचार्य वेदमूर्ति धनंजय शास्त्री वैद्य ने भागवत के महत्व का समझाया। उन्होंने कहा कि देवताओं को भी दुर्लभ, ईश्वर की भक्ति और मोक्ष इस कलयुग में हमें श्रीमद् भागवत महापुराण का श्रवण करने मात्र से प्राप्त होता है। अपने मरणासन्न अवस्था पर राजा परीक्षित को महर्षि वेदव्यास के पुत्र शुकदेव ने श्रीमद् भागवत की कथा पहली बार सुनाई।

आचार्य शास्त्री के संक्षिप्त कथा सुनाने से पहले महाराष्ट्र मंडल की महिलाओं ने पीले व भगवा धारण कर कलश यात्रा निकाली, जो स्वामी आत्मानंद सरोवर के तट पर स्थित शीतला माता मंदिर में दर्शन- पूजन कर लौटी। तत्पश्चात चंद्रग्रहण का सूतक शुरू होने से पहले आचार्य शास्त्री ने संक्षिप्त कथा का वाचन किया।

उन्होंने कहा कि मरणासन्न राजा परीक्षित ने शुकदेव से पूछा कि मृत्यु के निकट खड़े व्यक्ति को क्या करना चाहिए, जिसके उत्तर में शुकदेव ने उन्हें भगवान विष्णु के नाम का स्मरण करने, उनकी लीलाओं का श्रवण करने और भक्ति का अभ्यास करने का उपदेश दिया। इससे अंततः राजा को शांति, मुक्ति और मोक्ष की प्राप्ति हुई।

आचार्य धनंजय शास्त्री के अनुसार जब शुकदेव जी महाराज राजा परीक्षित को कथा सुना रहे थे, तब इंद्र अमृत कलश लेकर उनके पास आए। उन्होंने कहा कि यह कथा हमें सुनाएं।

इस पर शुकदेव जी बोले की यह मरणासन्न अवस्था में हैं, इन्हें भागवत कथा का श्रवण करना अधिक जरूरी है। तब इंद्र बोले हम परीक्षित के लिए अमृत कलश लेकर आए है। तब शुकदेव जी बोले मैं राजा परीक्षित को ज्ञानामृत दे रहा हूं। जिससे उसे मोक्ष की प्राप्ति होगी यह अमृत कलश से अधिक महत्वपूर्ण है। इस तरह राजा परीक्षित ने ज्ञानामृत पाने के लिए अमृत का त्याग कर दिया।

शीतला मंदिर तक निकली कलश यात्र

श्रीमद् भागवत कथा प्रारंभ होने के पूर्व बाजे-गाजे के साथ भव्य कलशयात्रा निकाली गई। कलशयात्रा की प्रथम पंक्ति में अजय- मेघा पोतदार श्रीमद् भागवत कथा को सिर पर उठाकर मंदिर तक पहुंचे। वहां से पूजा- अर्चना कर कलश यात्रा वापस कथा स्थल पर लौटी। तदोपरांत मुख्य यजमान शचिंद्र और डा. शुचिता देशमुख ने श्रीमद् भागवत और श्री बालमुकुंद की आरती की। कलशयात्रा में शामिल 51 महिलाएं जैसे ही कलश लेकर वापस आयोजन स्थल लौटीं, तो मंडल से सचिव आचार्य चेतन दंडवते ने सभी महिलाओं के चरण पखारे।

नाबालिग की हत्या कर झाड़ियों में फेंका शव, 12 दिन बाद मिला

आरोपी नाबालिग सहित तीन गिरफ्तार

रायपुर/नवप्रदेश। तिल्दा नेवरा क्षेत्र में पिछले 12 दिन से लापता नाबालिग की लाश मिलने से गांव में सनसनी फैल गई। पुलिस ने इस मामले में तीन आरोपियों को गिरफ्तार किया है, जिनमें एक नाबालिग भी शामिल है। मृतक 14 वर्षीय लड़का 12 दिन पहले घर से लापता हुआ था। परिजनों ने थाने में शिकायत दर्ज कराई थी, लेकिन शुरुआती दिनों में पुलिस द्वारा गंभीरता से खोजबीन नहीं किए जाने से परिवार खुद ही उसकी तलाश करता रहा। रविवार को गांव के ही तालाब के पास झाड़ियों में बदबू आने पर ग्रामीणों ने शव देखा। इसकी पहचान लापता किशोर के रूप में हुई। शव की बरामदगी के बाद इलाके में दहशत और गुस्से का माहौल है। पुलिस ने तुरंत जांच तेज की और संदेह के आधार पर विजय धीरज को पकड़ा। पूछताछ में उसने चौंकाने वाला खुलासा किया कि उसने अपने साथी कुलदीप बंजारे और एक अन्य नाबालिग के साथ मिलकर इस वारदात को अंजाम दिया।

पुलिस के अनुसार, आरोपियों ने पहले नाबालिग के साथ अप्राकृतिक कृत्य किया और इस राज़ को उजागर किए जाने के डर से उसकी हत्या कर दी। हत्या के बाद उसका शव झाड़ियों में फेंक दिया गया था। पुलिस ने वारदात में शामिल तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर लिया है और उनके खिलाफ हत्या सहित पॉक्सो एक्ट के तहत अपराध दर्ज किया है।

सुविचार

मोहब्बत तो किसी अजनबी से भी हो जाती है लेकिन नफरत हमेशा जान पहचान वालों से ही होती है। - अज्ञात

दुनिया पर मंडराता तीसरे विश्व युद्ध का खतरा

रूस और यूक्रेन के बीच चल रहे युद्ध को देखते हुए दुनिया पर तीसरे विश्व युद्ध का खतरा मंडरा रहा है। रूस और यूक्रेन के बीच संघर्ष विराम के रास्ते लगभग बंद हो गये हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप जो खुद को सीजफायर स्पेशलिस्ट साबित करने की कोशिश कर रहे हैं उन्होंने रूसी राष्ट्रपति पुतिन और यूक्रेन के राष्ट्रपति जेलेंस्की के साथ अलग अलग बैठकें की और मध्यस्तथा करने का प्रयास किया किन्तु बेल मुंडेर नहीं चढ़ पाई। नतीजतन अब अमेरिका ने भी अपने हाथ पीछे खींच लिए हैं डोनाल्ड ट्रंप का कहना है कि रूस और यूक्रेन के बीच जंग अचानक खत्म होगी। इस बीच यूरोप के 26 देश खुलकर यूक्रेन के समर्थन में आ गये हैं और उन्होंने यूक्रेन को हर संभव मदद मुहैया कराने का वादा किया है। यूरोपीय देशों के इस निर्णय के बाद रूस के राष्ट्रपति पुतिन ने जहां यूक्रेन पर जहां हमले तेज कर दिये हैं वही उन्होंने यूरोपीय देशों को भी दो टूक शब्दों में कड़ी चेतावनी दी है कि यदि यूक्रेन की ओर से किसी भी यूरोपीय देश की सेना जंग के मैदान में उतरती है तो उसे जिंदा नहीं छोड़ा जाएगा। इसके साथ ही रूस ने अब यूक्रेन के खिलाफ अब तक का सबसे बड़ा हमला करते हुए वहां 14 मिसाइलें दागी हैं और आठ सौ से ज्यादा ड्रोन हमले करके भारी तबाही मचा दी है। रूस के इस हमले में कीव के केबिनेट बिल्डिंग को भी जमींदोज कर दिया गया है। रूस ने अब यूक्रेन के 14 शहरों सहित वहां के 20 प्रतिशत भू- भाग पर कब्जा कर लिया है। रूस के इस हमले के बाद अब यूक्रेन भी यूरोपीय देशों के सहयोग से पलटवार करने की योजना बना रहा है। जाहिर है अब रूस और यूक्रेन के बीच निर्णायक लड़ाई छिड़ने लगी है। यदि यूरोपीय देश यूक्रेन के समर्थन में आगे आते हैं तो इस जंग के तीसरे विश्व युद्ध के रूप में बदलने में देर नहीं लगेगी। रूस के साथ चीन और दक्षिण कोरिया है। यदि यूक्रेन सहित यूरोपीय देशों और रूस की सैन्य क्षमता की तुलना की जाये तो रूस उनपर भारी पड़ सकता है। ऊपर से यदि चीन भी रूस के साथ आ जाता है तो तीसरा विश्व युद्ध भयावह हो सकता है। गौरतलब है कि दूसरा विश्व युद्ध भी यूरोपीय देशों के कारण ही हुआ था और यही यूरोपीय देश आज दुनिया को तीसरे विश्व युद्ध के मुहाने पर ले आये हैं। यूरोपीय देश यूक्रेन को नाटो का सदस्य बनाना चाहते हैं और रूस इसके सख्त खिलाफ है इसी वजह से रूस और यूक्रेन के बीच जंग चल रही है। रही बात अमेरिका की तो उसे जंग से फायदा ही होता है। उसके हथियार बिकते हैं। शुरू में यूक्रेन को अमेरिका ने ही हथियार दिये थे अब अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने यूरोपीय देशों से कह दिया है कि अमेरिका अभी भी यूक्रेन को हथियार देने के लिए तैयार लेकिन उन हथियारों का पैसा यूरोपीय देशों को देना पड़ेगा। कुल मिलाकर स्थिति अब विस्फोटक होती जा रही है ऐसे में तीसरे विश्व युद्ध की संभावना को नकारा नहीं जा सकता।

राष्ट्रीय स्वछता मिशन पर सांसदों का मंथन

2 अक्टूबर 2014 से देशभर में लागू किये गये राष्ट्रीय स्वछता मिशन पर राजधानी नई दिल्ली में सांसदों ने एक अभूतपूर्व कार्यशाला का आयोजन कर स्वच्छ भारत मिशन पर मंथन किया। छत्तीसगढ़ के लिए यह गर्व की बात है कि इस कार्यशाला की अध्यक्षता रायपुर से निर्वाचित सांसद ब्रिजमोहन अग्रवाल ने की। इस कार्यशाला में स्वच्छता मिशन के साथ ही सूर्य घर बिजली योजना, टीबी मुक्त भारत और सांसद खेल महोत्सव सहित अन्य मुद्दो पर भी गंभीर चर्चा की गई। गौरतलब है कि जब से राष्ट्रीय स्वच्छता मिशन शुरू हुआ है तब से स्वच्छता के मामले में छत्तीसगढ़ का नाम देश के अग्रणी राज्यों की सूचि में शामिल हो गया है। छत्तीसगढ़ के अनेक नगरीय निकायों को स्वच्छता के लिए लगातार हर साल पुरस्कृत किया जा रहा है। अब छत्तीसगढ़ में प्रधानमंत्री सूर्यघर मुफ्त बिजली योजना का काम भी तेजी से हो रहा है। इस योजना के सफल होने से प्रदेश में वायु प्रदूषण भी कम होगा और पर्यावरण की सुरक्षा सुनिश्चत होगी। इसी तरह टीबी मुक्त भारत अभियान के तहत इसी साल के अंत तक भारत को टीबी मुक्त करने का लक्ष्य रखा गया है। इस लक्ष्य को प्राप्त करने में भी छत्तीसगढ़ तेजी से अग्रसर है जो छत्तीसगढ़ के लिए गर्व का विषय है।

मोदी से इज़रायल क्या सीख सकता है: राष्ट्रीय सम्मान एक रणनीतिक संपत्ति है

यही वह जगह है जहां हमें मोदी के उदाहरण को देखना चाहिए। ट्रंप के अभूतपूर्व मौखिक हमलों का सामना करते हुए मोदी ने जल्दबाज़ी में माफ़ी नहीं मांगी, बल्कि कड़ा जवाब देकर राष्ट्रीय सम्मान को कायम रखा। उनका तरीका भले ही कठोर लगा हो, लेकिन इससे साफसंदेश गया कि भारत अधीनस्थ या छोटे देश जैसा व्यवहार स्वीकार नहीं करेगा। इसके विपरीत, खान यूनिस घटना में इज़राइल ने ज़रूरत से ज्यादा पारदर्शिता और चिंता दिखा दी। यह तरीका शायद तुरंत नुकसान को कम करने के लिए था, लेकिन इससे दीर्घकालिक रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंच सकता है। निष्कर्ष यह है कि किसी भी देश को कठिन और जटिल परिस्थितियों में भी अपने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। जल्दबाज़ी में ज़िम्मेदारी स्वीकार करना कमजोरी के रूप में देखा जा सकता है और दुश्मन इसका फायदा उठा सकते हैं। ऐसे समय में शब्दों में सावधानी और सिद्धांतों में दृढ़ता बेहद ज़रूरी होती है। भारत से हमें यह सीख मिलती है कि राष्ट्रीय सम्मान कोई विलासिता नहीं, बल्कि दूरगामी रणनीतिक संपत्ति है। यदि इज़राइल अपनी स्थिति और सुरक्षा को मज़बूत करना चाहता है, तो उसे दुनिया के सामने अटल और मज़बूत छवि पेश करनी होगी। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव चाहे कितना भी हो, माफ़ी जैसे बयान देने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

पिछले कुछ महीनों में अमेरिका और भारत का संबंध भरोसे के गहरे संकट में फंसा रहा है। इसकी पृष्ठिभूमि में टैरिफ नीति पर गंभीर मतभेद, रूस के साथ भारत के विशेष रिश्ते और पाकिस्तान के साथ भारत की सीमा झड़पों को लेकर अमेरिकी प्रशासन का रुख शामिल रहा है। राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने बार-बार इस बात पर नाराज़गी जताई कि भारत अमेरिका से आने वाले आयात पर बहुत ऊंचे शुल्क लगाता है। उनके शब्दों में कहें तो 'दुनिया में सबसे ऊंचे शुल्कों में से एक।' इसके जवाब में उन्होंने अमेरिकी टैरिफ बढ़ाकर कुल मिलाकर लगभग 50% तक कर दिए। फिर भी, यह सिर्फ एक मोर्चा था। रूस के साथ घनिष्ठ संबंध रखने वाला और रूसी कच्चे तेल का सबसे बड़ा खरीदार माने जाने वाला भारत, ट्रंप के तीखे शब्दों का शिकार बना। ट्रंप ने रूस और भारत की अर्थव्यवस्थाओं को 'मरी हुई अर्थव्यवस्थाएं' कहते हुए दावा किया कि वे 'एक-दूसरे को कुचल रहे हैं,' और उन पर आरोप लगाया कि उनका आपसी व्यापार मॉस्को की यूक्रेन के खिलाफ युद्ध मशीन को ताकत दे रहा है। इतना ही नहीं, उन्होंने यहां तक कह दिया कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी को 'यूक्रेन में मरने वालों की परवाह नहीं है'- यह बयान न केवल व्यक्तिगत अपमान था, बल्कि भारत की उभरती शक्ति की स्थिति को ठेस पहुंचाने वाला भी था।

पाकिस्तान के साथ सीमा झड़पों में ट्रंप ने खुद को एक निष्पक्ष मध्यस्थ के रूप में पेश करने की कोशिश की। कहा जाता है कि उन्होंने दोनों पक्षों पर भारी दबाव डाला, प्रतिबंधों की धमकी दी और अंततः युद्धविराम करवा दिया। हालांकि, बाद में पाकिस्तान ने उनकी मध्यस्थता की इतनी सराहना की कि उन्हें नोबेल शांति पुरस्कार देने का प्रस्ताव तक रख दिया। दूसरी ओर, नई दिल्ली ने वाशिंगटन की भूमिका को कमतर आंका, जो दोनों देशों के बीच बढ़ते अविश्वास का एक और संकेत था।

मोदी की कड़ी प्रतिक्रिया केवल आर्थिक और सैन्य तनाव पर आधारित नहीं थी, बल्कि मुख्य रूप से व्यक्तिगत और राष्ट्रीय सम्मान की ठेस पहुंचने से प्रेरित थी। उन्होंने राष्ट्रपति ट्रंप के चार फोन कॉल तक स्वीकार नहीं किए। इसी संदर्भ में, इज़राइल कुछ महत्वपूर्ण सीख सकता है।

खान यूनिस की घटना

25 अगस्त को खान यूनिस के नासेर अस्पताल पर इजरायल का गोला गिरा। इस हमले में लगभग बीस लोग मारे गए, जिनमें पत्रकार भी शामिल थे। कुछ ही घंटों में इज़राइली सेना के प्रवक्ता, सेना प्रमुख और प्रधानमंत्री ने प्रतिक्रिया दी। सेना प्रवक्ता ने अंग्रेज़ी में बयान जारी कर 'निर्दोष नागरिकों' को नुकसान पहुंचने पर माफी मांगी। सेना प्रमुख ने तुरंत जांच शुरू करने की घोषणा की। प्रधानमंत्री ने इस घटना को 'दुर्भाग्यपूर्ण हादसा' बताया और कहा कि इसकी पूरी तरह जांच होगी। इन तीनों बयानों से न केवल अंतरराष्ट्रीय जनमत को शांत करने की इच्छा झलकती थी, बल्कि इस घटना के नतीजों को लेकर गहरी चिंता ङ्क और शायद घबराहट भी साफदिखाई दी। नेताओं ने अपने बयानों से यह संदेश दिया कि निर्दोष नागरिकों की मौत की कुछ जिम्मेदारी वे स्वीकार कर रहे हैं। यह संदेश अंतरराष्ट्रीय कानून के लिहाज़ से खतरनाक मिसाल बन सकता था। हालांकि, बाद की घटनाओं से पता चला कि कई पीड़ित वास्तव में हमास से जुड़े हुए थे। लेकिन पूरी जानकारी आने का इंतज़ार करने के बजाय, इज़राइल ने बाहर की दुनिया में ऐसा संदेश दिया मानो वह ज़िम्मेदारी स्वीकार कर रहा हो और यही उसकी कूटनीतिक और कानूनी स्थिति को कमजोर कर गया।

भारत से सबक

यही वह जगह है जहां हमें मोदी के उदाहरण को देखना चाहिए। ट्रंप के अभूतपूर्व मौखिक हमलों का सामना करते हुए मोदी ने जल्दबाज़ी में माफ़ी नहीं मांगी, बल्कि कड़ा जवाब देकर राष्ट्रीय सम्मान को कायम रखा। उनका तरीका भले ही कठोर लगा हो, लेकिन इससे साफसंदेश गया कि भारत अधीनस्थ या छोटे देश जैसा व्यवहार स्वीकार नहीं करेगा। इसके विपरीत, खान यूनिस घटना में इज़राइल ने ज़रूरत से ज़्यादा पारदर्शिता और चिंता दिखा दी। यह तरीका शायद तुरंत नुकसान को कम करने के लिए था, लेकिन इससे दीर्घकालिक रणनीतिक हितों को नुकसान पहुंच सकता है। निष्कर्ष यह है कि किसी भी देश को कठिन और जटिल परिस्थितियों में भी अपने राष्ट्रीय सम्मान की रक्षा करनी चाहिए। जल्दबाज़ी में ज़िम्मेदारी स्वीकार करना कमजोरी के रूप में देखा जा सकता है और दुश्मन इसका फायदा उठा सकते हैं। ऐसे समय में शब्दों में सावधानी और सिद्धांतों में दृढ़ता बेहद ज़रूरी होती है। भारत से हमें यह सीख मिलती है कि राष्ट्रीय सम्मान कोई विलासिता नहीं, बल्कि दूरगामी रणनीतिक संपत्ति है। यदि इज़राइल अपनी स्थिति और सुरक्षा को मज़बूत करना चाहता है, तो उसे दुनिया के सामने अटल और मज़बूत छवि पेश करनी होगी। इसका मतलब है कि अंतरराष्ट्रीय दबाव चाहे कितना भी हो, माफी जैसे बयान देने में जल्दबाज़ी नहीं करनी चाहिए।

(ज़की शालोम द जेरूसलम पोस्ट)

रजनी ताई उपासने : उनके विश्वास का साहस

पिछले दो दशकों से कांग्रेस इस सीट पर काबिज थी, लेकिन रजनी ने अपनी मेहनत से जीत दर्ज की। उन्होंने उस दिग्गज को हराया जिसे अजेय माना जा रहा था। वह भारतीय महिलाओं की पिछड़ी स्थिति को लेकर चिंतित हैं और मानती हैं कि महिलाएँ जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकती हैं, यदि वे पर्याप्त प्रयास करें। सार्वजनिक जीवन में प्रमुख महिलाओं को इसके लिए और अधिक मेहनत करनी होगी। पूरा चुनाव अभियान उन्होंने केवल एक-दो सभाओं में कुछ वाक्य कहकर पूरा किया, जबकि उनके सामने बहुमुखी वक्ता थे। परंतु जहाँ-जहाँ वह अपने छोटे से समूह के साथ गईं, उनका भव्य स्वागत हुआ क्योंकि लोग उनकी संगठनात्मक क्षमता और योगदान से भलीभाँति परिचित थे। आज उन्हें रजनी ताई कहकर लोकप्रियता मिली है। जब किसी ने उनसे पूछा - क्या आपने आपातकाल के बीस महीनों के दौरान कभी यह आशा की थी कि भारत में लोकतंत्र लौटेगा? उन्होंने बिना हिचकिचाए उत्तर दिया -मुझे पूरा विश्वास था कि भारत में लोकतंत्र पुनर्स्थापित होगा। मुझे यह भी विश्वास था कि तानाशाही कभी लंबे समय तक नहीं टिकेगी। इसी आशा में मैंने आपातकाल के दौरान कार्य किया और बहुत जोखिम उठाया।

आपातकाल के दौरान उन्होंने असाधारण साहस दिखाया, और जनता ने उन्हें अपना विधायक चुना। रजनी उपासने रायपुर से मध्य प्रदेश विधानसभा के लिए निर्वाचित हुई हैं। उन्होंने एक मज़बूत कांग्रेस उम्मीदवार को 4500 से अधिक मतों से हराया। उनकी जीत केवल जनता लहर के कारण नहीं, बल्कि उनकी ईमानदारी, सादगी और अपने उद्देश्य के प्रति समर्पण के कारण हुई। वह कोई वक्ता नहीं हैं और बहुत कम लोग उन्हें जानते थे, हालाँकि वह पिछले छह वर्षों से जनसंघ (जो अब जनता पार्टी की घटक इकाई है) से जुड़ी हुई थीं। उन्होंने रायपुर और भोपाल में कई जनसंघ सत्याग्रहों में भाग लिया और जयप्रकाश नारायण के नेतृत्व में दिल्ली में हुए विशाल आंदोलन में भी शामिल हुईं। लेकिन इसके बावजूद वह कभी रायपुर में सुर्खियों में नहीं आईं।

मध्यमवर्गीय परिवार से ताल्लुक रखने वाली रजनी के चार बेटे हैं और उनके पति एक निजी कंपनी में सेल्स इंस्पेक्टर हैं। चौवालीस वर्षीया रजनी केवल मैट्रिक पास हैं। उन्होंने हमेशा खुद को मंचों और अन्य माध्यमों से दूर रखा है। रायपुर के पत्रकारों को उनके बारे में तभी पता चला जब उन्हें रायपुर शहरी सीट से जनता पार्टी का टिकट दिया गया, जिसकी न तो उन्होंने कभी उम्मीद की थी और न ही प्रयास किया था। इतने वर्षों में उनकी रुचि केवल सेवा में रही, पद में नहीं।

उनका सबसे बड़ा बेटा, जो एक स्थानीय दैनिक में उप-संपादक था, आपातकाल लागू होने के तुरंत बाद गिरफ्तार कर लिया गया, जबकि उनके दो अन्य बेटों को बाद में भूमिगत साहित्य बाँटते हुए पकड़ा गया।

रजनी की वास्तविक संगठनात्मक क्षमता, साहस और उद्देश्य के प्रति समर्पण का परिचय आपातकाल के बीस महीनों के दौरान हुआ। उनका तीन कमरों का घर आपातकाल का विरोध करने वालों की भूमिगत गतिविधियों का मुख्य केंद्र था। यहीं भूमिगत साहित्य लिखा, टाइप और साइक्लोस्टाइल किया जाता था।

भूमिगत नेता अक्सर वहाँ आश्रय लेने और भोजन करने आते थे। पुलिस भी रजनी के घर कई बार छापा मार चुकी थी, लेकिन कुछ भी संदिग्ध नहीं मिला और हर बार वह गिरफ्तारी से बचकर अपनी गतिविधियाँ जारी रखने में सफल रहीं।

कई लोगों का तो यह भी कहना था कि रजनी किसी भी प्रत्यक्ष आपातकाल विरोधी गतिविधि में शामिल नहीं थीं, लेकिन भूमिगत कार्यकर्ताओं को उनके योगदान का पता था और चुनाव की घोषणा होने पर उन्होंने रायपुर शहरी सीट से उन्हें टिकट देने की सिफारिश की।

रजनी को खुशी है कि उनके पति और बेटे घर की देखभाल में मदद करते हैं, जिससे उन्हें पार्टी के कार्यों के लिए समय निकालने में सुविधा मिलती है। विनम्र और सरल स्वभाव की रजनी कहती हैं कि उन्होंने अपने सार्वजनिक जीवन में हमेशा कोशिश की कि किसी की भावनाओं या सम्मान को ठेस न पहुँचे। चुनाव प्रचार में भी उन्होंने कभी किसी अन्य प्रत्याशी पर व्यक्तिगत टिप्पणी नहीं की।

पिछले दो दशकों से कांग्रेस इस सीट पर काबिज थी, लेकिन रजनी ने अपनी मेहनत से जीत दर्ज की। उन्होंने उस दिग्गज को हराया जिसे अजेय माना जा रहा था। वह भारतीय महिलाओं की पिछड़ी स्थिति को लेकर चिंतित हैं और मानती हैं कि महिलाएँ जीवन के हर क्षेत्र में सफल हो सकती हैं, यदि वे पर्याप्त प्रयास करें। सार्वजनिक जीवन में प्रमुख महिलाओं को इसके लिए और अधिक मेहनत करनी होगी।

पूरा चुनाव अभियान उन्होंने केवल एक-दो सभाओं में कुछ वाक्य कहकर पूरा किया, जबकि उनके सामने बहुमुखी वक्ता थे। परंतु जहाँ-जहाँ वह अपने छोटे से समूह के साथ गईं, उनका भव्य स्वागत हुआ क्योंकि लोग उनकी संगठनात्मक क्षमता और योगदान से भलीभाँति परिचित थे। आज उन्हें "रजनी ताई" कहकर लोकप्रियता मिली है।

जब किसी ने उनसे पूछा - "क्या आपने आपातकाल के बीस महीनों के दौरान कभी यह आशा की थी कि भारत में लोकतंत्र लौटेगा?

उन्होंने बिना हिचकिचाए उत्तर दिया –

"मुझे पूरा विश्वास था कि भारत में लोकतंत्र पुनर्स्थापित होगा। मुझे यह भी विश्वास था कि तानाशाही कभी लंबे समय तक नहीं टिकेगी। इसी आशा में मैंने आपातकाल के दौरान कार्य किया और बहुत जोखिम उठाया।"

सद्गुरू बोधामृतम्

सदगुरू श्री ऋतेश्वर

◆ सबके जीवन में कोई न कोई घटना घटती है, वो चुटकी बजा के कर लेते हैं बड़े-बड़े काम लेकिन जैसे-जैसे छोटे-छोटे कामों को आप इग्नोर करते जाते हैं, टाइमफ्रेम के अंदर कोई चीज पूरा नहीं होता है जो माइंड सेट आपने बनाया है भीतर तो आपको खबर हो न हो दुनिया वाले तो सिर्फ ये कहेंगे काम नहीं कर पाया। पर आप ये समझो भीतर-भीतर विकलांग बनने की भयंकर प्रक्रिया शुरू हो चुकी है। एकदम जड़ विकलांग बन जाओगे; फिर आपके संकल्प शक्ति, आपकी ऊर्जा , आपकी कार्य क्षमता सब डिक्लाइन होनी शुरू हो जाएगी।

आज का इतिहास

नई दिल्ली (वार्ता)। 1493 ओटोमन साम्राज्य की सेनाओं ने बैटलऑफ कार्बावा फील्ड में क्रोएशियाई सेना को हराया। 1513 स्कॉटलैंड के कंबराई-जेम्स चतुर्थ के लीग का युद्ध, नॉर्थम्बरलैंड में फ्लोड्डन की लड़ाई को मार डाला गया था, जबकि ऑगलैंड के आक्रमण का नेतृत्व किया था। 1553 ब्रिटेन के लिचफिल्ड शहर की स्थापना की गई। 1739 स्टोनो विद्रोह, उस समय ब्रिटिश अमेरिका का सबसे बड़ा गुलाम विद्रोह तेरह कालोनियों में, चार्ल्सटन, दक्षिण कैरोलिना के पास फूटा। 1753 पहला स्टीम इंजन उत्तरी अमेरिकी की कालोनियों में लाया गया। 1783 डिकिंसन कॉलेज की स्थापना कार्लसेल, पेनसिल्वेनिया में की गई थी। 1850 कैलीफोर्निया अमेरिका का 31वां राज्य बना। 1850 कैलिफोर्निया को संघ के तीस-प्रथम राज्य के रूप में स्वीकार किया गया। 1867 यूरोपीयीय देश लक्जमबर्ग ने स्वतंत्रता प्राप्त की। 1886 साहित्य के संरक्षण और कलात्मक कार्यों के लिए बर्न कन्वेंशन पर हस्ताक्षर किया गया। 1911 इटली की एक झील ट्रेसीमिने पर एक मोटरबोट दुर्घटना में 14 लोगों की मौत हुई।

पाठकों की बात — पत्र, प्रतिक्रियाएं, सोशल मीडिया

भविष्य की फीचर्स

भविष्य की फीचर्स दिखाना सरल नहीं है टीचर होना। तपना तपाना साकार होना सरल नहीं है टीचर होना। ज्ञान का अमृत है पिलाना सरल नहीं है टीचर होना। अरमानों को आसमां होना सरल नहीं है टीचर होना। जिंदगी को वो जिंदगी देना सरल नहीं है टीचर होना। - लाजमी है गुरुओं का किस्सा सरल नहीं है टीचर होना। डोलती नैया का पार होना सरल नहीं है टीचर होना। सोना बनाके फुर्सत होना सरल नहीं है टीचर होना। दाल के साथ तरकारी होना सरल नहीं है टीचर होना। – **सुरेश वैष्णव**

ज़िन्दगी को थाम

ज़िन्दगी को थाम हमने बहुत कुछ माँ से सिखा है दुनियां को जब चाहा देखना तब आप जैसे मित्रो से शब्दों को सहेजना सिखा है माँ कहती सीखते रहना जिंदगी को सुनो यह भी एक हुनर है ज़िंदगी, जब गुरु बन किताबो से परे जो सिखाए उसे नमन है गुरुकुल सबक देते पाठ्यक्रम के शब्दमित्र देते ज्ञान शब्दों से माँ का हाथ सदैव मस्तिष्क पर मेरे प्रथम विद्यालय के मात पिता को प्रथम नमन है आप सबको नमन है.। – **सुरेखा अग्रवाल**

दिन को देखे ख्वाब रात वो हवा

दिन को देखे ख्वाब रात वो हवा हो गए ठोकरों से पाये ज़ख्म ही, अब दवा हो गये बनके भीगी बिल्ली जो रहते थे मोहल्ले में मयखाने से लौटते ही वो शेर सवा हो गये। – **संत आर थवाइत**

हर क़दम,दर-क़दम पूछते ये क़दम, देख

हर क़दम,दर-क़दम पूछते ये क़दम, देख लो – तेरा कोई, छूटा तो नहीं? एक मासूम मन भूलता हर थकन, राहों में साथ था, वह रुका तो नहीं? पत्थरों के शहर, पत्थरों में बसर, पत्थरों की डगर पत्थरों पर सफ़र। पत्थरों के मुआफ़िक़ हवाएँ चलीं, चोट खाकर कहीं कुछ टूटा तो नहीं? हर क़दम,दर-क़दम पूछते ये क़दम, देख लो - तेरा कोई, छूटा तो नहीं? – **पंकज कुमार बसंत**

रूह को आराम दो ये आपाधापी छोड

रूह को आराम दो ये आपाधापी छोड़ दो आज ही ले लो कसम वादाखिलाफ़ी छोड़ दो वक़्त को बेकार में तुम क्यूँ गंवाते हो मियां सच कहो जब भी कहो बातें लिफ़ाफ़ी छोड़ दो हर किसी से सोचकर बोला करो तो ठीक है हर किसी से मत करो हाज़िर जवाबी छोड़ दो। – **मित्र ग़ाज़ियाबादी**

नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना

नगरी हो अयोध्या सी रघुकुल सा घराना हो चरण हो राघव के जहां मेरा ठिकाना हो प्रभु श्री राम की इच्छा हो तो ही मिलते हैं ऐसे अवसर हम लाख सोच लें कोई ÷धाम÷ नहीं होते.. प्रभु इच्छा के बिना कोई काम नहीं होते तीर्थ स्थानों में बसी होती है प्रभु चरण धूली लगा लूं माथे से वो धूल, किसके अरमान नहीं होते। – **किरन भण्डारी**

बंधन का रहना बंधन के न रहने से

बंधन का रहना बंधन के न रहने से बेहतर है प्रेम का रहना प्रेम के न रहने से बेहतर है विश्वास का रहना विश्वास के न रहने से बेहतर है दोस्ती का रहना दोस्ती के न रहने से बेहतर है सुनो इतनी छोटी व सरल सी बात को समय रहते समझ लेना सबकुछ खो कर समझने से यकीनन बेहतर है न। – **शुचि भवि**

राशि फल

पं. देवव्रत शर्मा

मेष : आज का दिन प्रत्येक क्षेत्र में बीते कुछ दिनों की अपेक्षा बेहतर रहेगा आज उच्च अथवा निम्न रक्तचाप के कारण शारीरिक शीथिलता बन सकती है।

वृष: आज का दिन आपको शुभ फलों की प्राप्ति कराएगा। दिन के आरंभ में थोड़ा आलस्य प्रमाद रहेगा लेकिन धीरे-धीरे दिनचर्या में गति आने लगेगी।

मिथुन: आज के दिन आप धर्म अध्यात्म में रुचि लेंगे। इसका कारण दैनिक जीवन का संघर्ष एवं विविध परेशानियां भी हो सकता है।

कर्क: आज भी दिन के पहले भाग में सेहत संबंधित छोटी-मोटी समस्या रहेगी धीरे-धीरे इसमें सुधार आने लगेगा।

सिंह: आज का दिन आपके लिए खास रहेगा। दिन के आरंभ में ही कोई शुभ समाचार मिलने से उत्साहित होंगे।

कन्या: आज का दिन मध्यान तक आपके लिए विशेष उतार-चढ़ाव वाला रहेगा।

तुला: आज के दिन आप प्रत्येक क्षेत्र में अपनी कुशलता का परिचय देंगे। बुद्धि विवेक धैर्य सभी की प्रचुर मात्रा रहने पर भी कोई ना कोई प्रसंग ऐसा खड़ा होगा।

वृश्चिक: आज के दिन आपको धैर्य से बिताने की सलाह है। बचते बचते घर एवं बाहर कई ऐसे प्रसंग बनेंगे जिनसे ना चाहकर भी क्रोध आएगा।

धनु: आज के दिन आप छोटी-छोटी बातों पर क्रोध करने से बचें। प्रत्येक कार्य को दूर दृष्टि से विचार कर ही करें ।

मकर: आज के दिन आपका व्यवहार अत्यंत स्वार्थपूर्ण रहेगा। विशेषकर आज परिजनों से मतलब का संबंध रखेंगे।

कुंभ: आज के दिन आप अपनी मर्जी के मालिक रहेंगे। स्वतंत्र स्वभाव होने के कारण किसी के दबाव में नहीं आएंगे।

मीन: आज दिन के आरंभ से ही मानसिक रूप से बेचैन रहेंगे। किसी अरिष्ट की आशंका से मन भयभीत रहेगा कोई भी कार्य जल्दी से करने का मन नहीं करेगा।

सूर्योदय : 06:12, सूर्यास्त : 06:36, चन्द्रोदय : 18:54, चन्द्रास्त : 06:19, अयन : दक्षिणायणे (उत्तरगोलीय), ऋतु : शरद, शक सम्वत : 1947 (विश्वावसु), विक्रम सम्वत : 2082 (सिद्धार्थी), मास : आश्विन, पक्ष : कृष्ण, तिथि : द्वितीया, नक्षत्र : उत्तराभाद्रपद, योग : शूल, प्रथम करण : बालव (10:27 तक), द्वितीय करण : कौलव (21:11 तक)।

॥ गोचर ग्रहा: ॥

सूर्य : सिंह, चंद्र : मीन (14:29 से), मंगल : कन्या (उदित, पूर्व, मार्गी), बुध : सिंह (उदय, पूर्व, मार्गी), गुरु : मिथुन (उदित, पूर्व, मार्गी), शुक्र : कर्क (उदित, पश्चिम, मार्गी), शनि : मीन (उदय, पूर्व, वक्री), राहु : कुम्भ, केतु : सिंह।

QUIZ TIME

1) गोद लेने की जागरूकता माह प्रतिवर्ष किस महीने में मनाया जाता है?

2) भारत के पहले वस्त्र मशीन पार्क का घर कौन सा शहर बना है?

3) किस भारतीय शिपयार्ड ने आईएनएस सुनयना को डिजाइन और निर्मित किया?

4) हाल ही में खबरों में देखी गई तिस्ता नदी किस हिमनद झील से निकलती है?

5) हाल ही में चर्चा में रहा एक्सियल सीमौंट किस महासागर में स्थित है?

Ramaquiz

उत्तरमाला- (1) नवंबर (2) कानपुर, उत्तर प्रदेश (3) गोवा (4) त्सो ल्हामो झील (5) प्रशांत महासागर

शब्द सागर

माता तालाब किया गणेश का विसर्जन

सेमरा/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत सेमरा में भगवान श्री गणेश का विसर्जन धूमधाम एवं हर्षोल्लास के साथ किया गया। जिसमें भगवान श्री गणेश जी की मूर्ति को गांव की गलियों में भ्रमण कराई गई एवं जगह-जगह पर भगवान् श्री गणेश जी की मूर्ति का पूजा अर्चना किया गया। जगह-जगह पर भक्तों को खीर पूरी एवं प्रसादी वितरण किया गया । गाँव में बच्चे, बूढ़े, जवान, महिला, पुरुष सभी डीजे की धुन में नाचते कुदते नजर आए और नम आँखों से बप्पा को विदाई दिए। गणपति बप्पा मोरिया, आधा लड्डू चोरिया, अगले बरस तू जल्दी आ, महानदी में डूब जा तथा भगवान् श्री गणेश जी की जयकारें लगाई गई। जिसमें ग्राम पंचायत सेमरा की उपसरपंच संदीप देवांगन, नवदुर्गा एवं विजयादशमी महोत्सव समिति सेमरा के अध्यक्ष हृदय देवांगन, उपाध्यक्ष संजय साहू, टुकेश्वर साहू, सचिव बलिराम साहू, कोषाध्यक्ष जितेंद्र सेन, सांस्कृतिक अध्यक्ष इंदल प्रसाद साहू, बालमुकुंद डोटे, चिंता राम साहू, सत्येंद्र कुमार साहू, नूतन डोटे, दिलीप यादव, पामेंद्र साहू सहित महिला पुरुष बड़ी संख्या में शामिल हुए।

आदि कर्मयोगी अभियान के तहत बागबाहरा में हुआ गवर्नेंस प्रोग्राम

बागबाहरा/नवप्रदेश। जनजाति कार्य मंत्रालय, भारत सरकार के तत्वावधान में संचालित आदि कर्मयोगी अभियान के तहत जनपद पंचायत सभागार बागबाहरा में गवर्नेंस प्रोग्राम का आयोजन किया गया। कार्यक्रम की अध्यक्षता जनपद अध्यक्ष केशव नायक राम चंद्राकर ने की। इस अवसर पर बड़ी संख्या में अधिकारी, कर्मचारी और जनप्रतिनिधि मौजूद रहे। सभी ने अभियान की शपथ लेकर इसके उद्देश्यों को जन-जन तक पहुंचाने का संकल्प लिया।

सभा को संबोधित करते हुए वक्ताओं ने कहा कि आदि कर्मयोगी अभियान प्रधानमंत्री के सबका साथ, सबका विकास, सबका विश्वास, सबका प्रयास के आह्वान का प्रतीक है। यह केवल सरकारी योजनाओं की डिलीवरी तक सीमित नहीं है, बल्कि इसे एक समुदाय-संचालित आंदोलन के रूप में लागू किया जाएगा।

इस अभियान के तहत जनजातीय नागरिकों को केवल लाभार्थी नहीं, बल्कि परिवर्तन के अग्रदूत, परंपरा के संरक्षक और विकास के सह-निर्माता के रूप में जोड़ा जाएगा। बताया गया कि अभियान का

दायरा देश के 30 राज्य और केंद्र शासित प्रदेशों तक फैला हुआ है, जिसमें 550 से अधिक जिले, 3000 विकासखंड और लगभग एक लाख गांव शामिल हैं। इसमें बीस लाख से अधिक आदि कर्मयोगी, सहयोगी और साथी की टीमें ग्राम विकास योजनाएं बनाकर सेवा प्रदायगी सुनिश्चित करेंगी। इस अवसर पर उपस्थित जनप्रतिनिधियों और अधिकारियों ने शपथ ली कि वे संविधान की अवधारणा और जनजातीय ग्राम उत्कर्ष अभियान के उद्देश्यों के अनुरूप जनजातियों के राजनीतिक, सामाजिक, आर्थिक और शैक्षणिक उत्थान के लिए सतत प्रयासरत रहेंगे। साथ ही सहभागी लोकतंत्र की भावना को जन-जन तक पहुंचाने और राष्ट्र की सतत प्रगति में सक्रिय योगदान देने का संकल्प लिया।

कार्यक्रम में जनपद सीईओ मनहरण लाल मंडावी, उपाध्यक्ष तरुण व्यवहार, सदस्य भूपेन्द्र दीवान, मानबाई मंगलु, थानेश्वरी प्रहलाद साहू, तारेश्वरी पालेश्वर पटेल, भगवती राजकुमार ठाकुर सहित कई जनपद सदस्य और सरपंचगण उपस्थित रहे। वहीं अधिकारियों में वन परिक्षेत्र अधिकारी लोकनाथ ध्रुव, ब्लॉक चिकित्सा अधिकारी डॉ. बी.एस. बढाई, आदिम जाति कल्याण विभाग से मनोज चौधरी, महिला एवं बाल विकास विभाग से मीना चंद्राकर, करोरोपण अधिकारी मानसिंह बरिहा, विकास विस्तार अधिकारी जी.आर. बरिहा प्रमुख रूप से शामिल हुए। सभा में भावना गुप्ता और सरोजिनी आदित्य ने अभियान के उद्देश्य, परिकल्पना और इसके क्रियान्वयन पर विस्तृत जानकारी प्रस्तुत की। बागबाहरा में संपन्न यह कार्यक्रम जनजातीय अंचलों में विकास की नई शुरुआत माना जा रहा है, जो शासन को जन-जन की सहभागिता से मजबूत करने की दिशा में एक ऐतिहासिक कदम साबित होगा।

देशी शराब के साथ 3 पकड़ाएं

महासमुंद/नवप्रदेश। खल्लारी पुलिस ने शराब की अवैध बिक्री कर रहे तीन लोगों को गिरफ्तार किया है। पुलिस ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर नवाडीह सिरगिड़ी जंगल में तीन लोगों को पकड़ा, जिन्होंने पूछताछ में अपने नाम-पता पचेड़ा निवासी शेख अलाउद्दीन उर्फ गुड्डा खान (49), शेख अजीमुद्दीन(24), उमेश कुमार निषाद (27) सभी निवासी होना बताए। पुलिस ने आरोपियों के संयुक्त कब्जे से 80 पौवा देशी प्लेन मदिरा, कीमत 6400 रुपए, नकदी 1000 रुपए व 3 नग मोबाइल कीमत करीब 30 हजार रुपए को जब्त किया। मामले में आरोपियों के विरूद्ध धारा 34(2) आबकारी एक्ट, 3(5) बीएनएस के तहत अपराध दर्ज कर विवेचना में लिया गया है।

रजत जयंती पर महाविद्यालय में कार्यक्रमों का आयोजन

गरियाबंद/नवप्रदेश। शासकीय वीर सुरेंद्र साय स्नातकोत्तर महाविद्यालय गरियाबंद में छत्तीसगढ़ रजत जयंती महोत्सव 2025 के अंतर्गत महाविद्यालय के छात्र-छात्राओं द्वारा तिरंगा चौक तक रैली निकाली गई जिसमें विभिन्न प्रकार के स्लोगन जैसे 25 साल की गौरव गाथा नए विकास की एक परिभाषा, बोलते हुए लोगों को रजत जयंती महोत्सव के बारे में जागरूक किया साथ ही हमारे छत्तीसगढ़ में 25 वर्ष में किए गए कार्यों के बारे में अवगत कराया गया उक्त कार्यक्रम में महाविद्यालय से रजत जयंती नोडल श्री प्रेमानंद महिलांग, श्री भुवनेश्वरी कुर्रे, श्री प्रदीप निर्मलकर, श्री सी एल तारक, डॉ मधुबाला मिश्रा डॉ प्रीतम डॉ भंवर डॉ ऊष्मा, डॉ खेमलता, श्री दुर्गेश तिवारी श्रीमती आरती सुश्री आंचल सुश्री श्वेता सुश्री करिश्मा डॉ पूजा डॉ कीर्तन खिरोद डडसेना, रासेयो कार्यक्रम अधिकारी डॉ सत्यम कुंभकार एवं समस्त छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे।

121 विद्यालय में शौचालय नहीं, बच्चे खुले में जा रहे शौच

आयुक्त विद्यालय में शौचालय निर्माण के लिए गंभीर नहीं

देवभोग/नवप्रदेश। सरकारी स्कूल में शौच की व्यवस्था को ध्यान में रखते शिक्षा विभाग द्वारा गरियाबंद जिले में 1 करोड़ 23 लाख 70 हजार 308 रुपए की लागत से 121 स्कूलों में शौचालय निर्माण के लिए बीते 18 फरवरी को स्वीकृत किया गया और निर्माण एजेंसी की जिम्मेदारी सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को बनाया गया। बकायदा शौचालय निर्माण के लिए सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को प्रथम किश्त के नाम पर 61 लाख 28 हजार 654 रुपए जारी किया गया बावजूद इसके आज पर्यंत विद्यालयों में शौचालय निर्माण के लिए एक ईट तक नहीं रखा गया है और यह देवभोग ब्लॉक में साफ -साफ देखने को मिल रहा है जबकि उल्लेखित स्कूलों में शौचालय की आवश्यकता काफी ज्यादा बताई जाती हैं क्योंकि कई ऐसे स्कूल हैं जहां वर्षो पहले विद्यालयों में शौचालय निर्माण किया रहा उसकी हालत काफी ज्यादा खराब है। उक्त शौचालय में शौच तो दूर की बात है खड़ा होना भी मुश्किल होता है जिसके चलते स्कूली बच्चों को खुले में शौच करना मजबुरी होता है। नदी नाला सहित अन्य खुले जगहों का शौच के लिए

सहारा लेना पड़ता हैं और ऐसी विडंबना से जिम्मेदार अधिकारी भी अच्छी तरह अवगत है मगर शौचालय निर्माण के लिए किसी प्रकार कोई पहल नहीं किया गया बल्कि तरह तरह का बहानेबाजी करते लगातार टाल मटोल कर रहे हैं जिससे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों में भी नाराजगी व्याप्त है क्योंकि अभी तक सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग की और से विद्यालय में शौचालय निर्माण के लिए गंभीर नहीं हैं।

शाला प्रबंधन में नाराजगी : विद्यालयों में शौचालय निर्माण को लेकर जिस तरह लापरवाही बरती जा रही है उससे निर्वाचित जनप्रतिनिधियों के साथ साथ शाला प्रबंधन में भी खासी नाराजगी देखने को मिल रहा है बकायदा इसको लेकर सांसद सचिव और विभागीय मंत्री तक शिकायत पहुंचाने की तैयारी किया जा रहा है ताकि स्कूली बच्चों समस्या को मद्देनजर रखते जल्द से जल्द शौचालय का निर्माण किया जा सके।

समीक्षा में भी नहीं होती पहल

सबसे ताजुब्ब की बात तो यह है कि विभागीय कार्यों की समीक्षा के दौरान आदिवासी विभाग का समीक्षा में भी कोई पहल नहीं हो पाती तभी विभागीय जिम्मेदार अधिकारी सुस्ती रवैया को अपनाए हुए हैं ।

> मैं अभी तक चार्ज नहीं लिया हु भगत साहब को पूछो न।
> – **लोकेश पटेल** सहायक आयुक्त

प्रथम किश्त की राशि निजी उपयोग में

सहायक आयुक्त आदिवासी विभाग को जो प्रथम किश्त की राशि जारी किया गया है उक्त राशि को विभागीय अधिकारियों ने अपने निजी कार्यों में खर्च करने की चर्चा प्रशासनिक गलियारों में खूब हो रही हैं क्योंकि जारी अनुसार प्रथम किश्त की राशि विभाग के खाते में नहीं होने का अंदेशा लगाया जा रहा है तभी महीनों बाद भी शौचालय निर्माण के मैटेरियल तक का इंतजाम नहीं किया जा सका मतलब जिस राशि का उपयोग बच्चों को खुले में शौच मुक्त करने के लिए शौचालय निर्माण में होना चाहिए अधिकारी उसे अपने सहूलियत अनुसार इस्तेमाल कर रहे है और इससे डीईओ सहित शीर्ष अधिकारी भी अवगत है फिर भी तमाम जिम्मेदार अधिकारी के कानों में जू तक नहीं रेंग रहा है इससे विभाग अधिकारियों के सेटिंग का अंदाजा लगाया जा सकता है।

भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में जीएसटी सुधार : रोहरा

गरियाबंद/नवप्रदेश। आयकर में छूट के बाद केंद्र सरकार ने जीएसटी सुधार लागू कर भारत को तीसरी सबसे बड़ी अर्थव्यवस्था बनाने की दिशा में कदम बढ़ाया है। इससे उद्योग-व्यापार को बढ़ावा मिलेगा, गरीब और मध्यम वर्गीय परिवार की बचत बढ़ेगी तथा देश आर्थिक रूप से और अधिक सशक्त होगा। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी का ÷एक भारत श्रेष्ठ भारत÷ का संकल्प इसी से साकार होगा।

धमतरी नगर निगम अध्यक्ष एवं पूर्व प्रदेश महामंत्री जगदीश रोहरा ने गरियाबंद भाजपा कार्यालय में आयोजित प्रेस कांफ्रेंस में बताया कि आजादी के बाद 101वां संविधान संशोधन ऐतिहासिक रहा। 1 जुलाई 2017 को जीएसटी लागू होने से पूर्व 17 प्रकार के अलग-अलग कर और 13 प्रकार के सेंस वसूल किए जाते थे, जो अब समाप्त हो चुके हैं। नए सुधार के तहत चार स्लैब घटाकर केवल दो स्लैब कर दिए गए हैं, जिससे वस्तुओं के दाम में कमी आई है। उन्होंने कहा कि जीएसटी करदाताओं की संख्या 2015 में 66.50 लाख थी जो 2025 में बढ़कर डेढ़ करोड़ तक पहुंच गई है। कर संग्रह भी दोगुना हुआ है। सुधार से कृषि, उद्योग और बीमा क्षेत्र को लाभ मिलेगा। अपवाद स्वरूप वस्तुओं पर 40 प्रतिशत टैक्स रखा गया है।

रोहरा ने बताया कि छत्तीसगढ़ को आर्थिक प्रोत्साहन के रूप में 6200 करोड़ रुपये मिले हैं। पहले राज्यों को 32 प्रतिशत हिस्सा मिलता था, जो अब बढ़कर 42 प्रतिशत हो गया है। विपक्ष पर प्रहार करते हुए उन्होंने कहा कि अफवाह फैलाई जा रही है और इसे अमेरिका टैरिफ या चुनाव से जोड़कर दुष्प्रचार किया जा रहा है। जबकि जीएसटी काउंसिल दो-तिहाई बहुमत से निर्णय लेती है।

अंजाने वाहन ने मारी ठोकर युवक की मौत

महासमुंद/नवप्रदेश। बागबाहरा पुलिस ने अंजाने वाहन की ठोकर से युवक की मौत के मामले में आरोपी वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस के मुताबिक खोपली निवासी विश्वनाथ विश्वकर्मा 6 सितंबर की सुबह करीब 4 बजे नित्यकर्म (शौच) हेतु अपने घर से बाहर निकला था। इसी दौरान घर के पास एनएच-353 पर अज्ञात वाहन ने उन्हें चपेट में ले लिया। उन्हें डायल 112 वाहन से सीएचसी बागबाहरा ले जाया गया, जहां डॉक्टर ने जांच के बाद मृत घोषित कर दिया। मामले में पुलिस ने अज्ञात वाहन चालक के खिलाफ धारा 106 (1) बीएनएस के तहत मामला दर्ज कर लिया है।

परिवहन ऑपरेटर्स की बैठक संपन्न

महासमुंद/नवप्रदेश। मोटर परिवहन कर्मकार अधिनियम 1961 के प्रावधानों के प्रभावी क्रियान्वयन के उद्देश्य से परिवहन ऑपरेटर्स की बैठक आयोजित की गई। बैठक में जिला परिवहन अधिकारी रामकुमार ध्रुव, श्रम पदाधिकारी डी.एन. पात्र तथा श्रम निरीक्षक मीनू नारायण सिंह ने विस्तार से जानकारी प्रदान की।इस अवसर पर श्रम उप निरीक्षक अलीय अहमद नियाजी, बलोरसन बघेल सहित बस ऑनर एवं ऑपरेटर बड़ी संख्या में मौजूद रहे।

प्रदेश एनएचएम कर्मचारी संघ ने विधायक को सौंपा ज्ञापन

- विधायक ने शासन स्तर पर चर्चा कर उचित निराकरण का दिया आश्वासन

महासमुंद/नवप्रदेश। एनएचएम कर्मचारी संघ ने सोमवार को महासमुंद विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा को कार्यालय पहुंचकर 10 सूत्रीय मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपा। विधायक श्री सिन्हा ने उनकी मांगों को सुनकर उनसे चर्चा भी की साथ ही उनकी मांगों को शासन स्तर पर रखकर उचित निराकरण का आश्वासन दिया है।

इस अवसर पर विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने एनएचएम कर्मचारियों को संबोधित करते हुए कहा कि सबसे ज़रूरी चीज स्वास्थ्य होता है। व्यक्ति अगर स्वस्थ है तो उसके पास सबसे बड़ी पूंजी है। उस स्वास्थ्य को सही रखने के लिए आप सभी स्वास्थ्य कर्मचारी दिन रात मेहनत करते हैं। आप लोगों के सहयोग से ही आम जनता का स्वास्थ्य संबंधी सुविधाएं मिल पा रही है, इसलिए आप लोगों की मांगों को वें शासन स्तर पर रखेंगे।

उन्होंने कहा कि आपकी 10 सूत्रीय मांगों के संबंध में मुख्यमंत्री एवं स्वास्थ्य मंत्री से चर्चा कर उचित निराकरण किया जाएगा। इसके अलावा विधायक योगेश्वर राजू सिन्हा ने एनएचएम कर्मचारी संघ के पदाधिकारियों से मांगों के संबंध में बिंदुवार जानकारी लेकर चर्चा भी की। बता दें कि एनएचएम कर्मचारी संघ के 10 सूत्रीय मांग में संविलियन एवं स्थायीकरण, पब्लिक हेल्थ कैडर की स्थापना, ग्रेड पे निर्धारण, कार्य मूल्यांकन व्यवस्था में पारदर्शिता, लंबित 27 प्रतिशत वेतन वृद्धि, नियमित भर्ती में सीटों का आरक्षण, अनुकंपा नियुक्ति, मेडिकल एवं अन्य अवकाश की सुविधा, स्थानांतरण नीति सहित न्यूनतम 10 लाख तक कैशलेस चिकित्सा बीमा सुविधा की मांग शामिल है। इस अवसर पर भाजपा जिला महामंत्री प्रदीप चंद्राकर, भाजपा नेता संदीप घोष, शरद राव उपस्थित थें।

बाइक की ठोकर से घायल

महासमुंद/नवप्रदेश। सिटी कोतवाली पुलिस ने दुर्घटना के मामले में वाहन चालक के खिलाफ अपराध दर्ज किया है। पुलिस को टिकेश्वर साहू ने बताया कि 8 अगस्त को वह बाइक से ग्राम परसदा जा रहा था, सुबह करीब 10.30 बजे के बीच खट्टी-परसदा मार्ग तालाब के पास सामने से बाइक क्र. सीजी 06 जीआर 0757 के चालक ने टक्कर मार दिया। इलाज कराने के बाद उन्होंने 6 सितंबर को कोतवाली में मामले की रिपोर्ट दर्ज कराई है।

प्रदूषण की वजह से ग्रामीण हों रहे है परेशान

सिमगा/नवप्रदेश। बहुजन आंदोलन पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष पप्पू अली ने बताया कि सरोरा के ग्रामीणों द्वारा मुझे आवगत कराया गया है कि क्षेत्र में प्रदूषण के वजह से ग्रामीणों में बीमारी फैल रही है। क्षेत्र में साफ-सफाई की कमी और आवश्यक सुविधाओं के आभाव ने स्थानीय ग्रामीणों को गंभीर चिंता में डाल दिया है। महिंद्रा स्पंज और हाई-टेक प्राइवेट लिमिटेड की मनमानी के कारण यहां न ही पानी का छिड़काव किया जा रहा हैं। और तो और लाइटों सड़क की मरम्मत भी नहीं की जा रही हैं। इस स्थिति ने ग्रामीणों के जीवन को प्रभावित किया है और उनके स्वास्थ्य पर भी नकारात्मक असर डाला है। स्थानीय निवासियों का कहना है कि औद्योगिक क्षेत्र में धूल और गंदगी के कारण उन्हें सांस लेने में कठिनाई हों रही है। बहुजन आंदोलन पार्टी के द्वारा कई बार संबंधित अधिकारियों से शिकायत की गई है,लेकिन कोई कार्यवाही नहीं हुई। ग्रामीणों की पिछले कुछ महीनों से हालात लगातार बिगड़ती जा रही है और कोई भी उनकी समस्याओं का समाधान करने के लिए आगे नहीं आ रहा है। ग्रामीणों का आरोप है कि महिंद्रा स्पंज और हाई-टेक प्राइवेट लिमिटेड अपनी जिम्मेदारियों को नजर अंदाज किया जा रहा है। धूल और गंदगी के कारण इलाके में रहने वाले लोगों को समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है। यहां की स्थिति इतनी खराब है कि बच्चो को स्कूल भेजना भी मुश्किल हो गया है। उन्होंने बताया कि बच्चे अक्सर बीमार रहते है और उन्हें स्वास्थ्य संबंधी समस्याओं का सामना करना पड़ रहा है।

दोस्त पर चाकू से किया हमला, पुलिस ने चाकूबाज़ों को भेजा जेल

छुरा/नवप्रदेश। छुरा थाना क्षेत्र में रविवार की रात हुए सनसनीखेज़ वारदात ने पूरे इलाके में दहशत फैला दी। तीन युवकों ने मामूली विवाद को लेकर अपने साथी पर चाकू से जानलेवा हमला कर दिया। वारदात के बाद घायल युवक लहूलुहान हालत में अस्पताल पहुँचाया गया, वहीं छुरा पुलिस ने त्वरित कार्कयवाही करते हुए आरोपियों को धर-दबोच लिया और जेल की सलाखों के पीछे पहुँचा दिया।

क्या है पूरा मामला? : दिनांक 08 सितंबर 2025 को प्रार्थी मुरली कुमार ओगरे निवासी सिवनी ने थाना छुरा पहुँचकर रिपोर्ट दर्ज कराई। उसने बताया कि उसके भतीजे अनुज ओगरे को फोन पर विवादित कॉल आई।

फोन पर युवराज ध्रुव, अमन ध्रुव और किरण बघेल ने गाली-गलौज करते हुए झगड़ा शुरू कर दिया। इसी बीच तीनों आरोपी मौके पर पहुँचे और विवाद बढ़ गया।

गुस्से में आरोपी युवराज ध्रुव ने धारदार चाकू निकालकर अनुज ओगरे के पेट पर सीधा वार कर दिया। वार इतना गंभीर था कि मौके पर ही खून की धार बहने लगी और अनुज ज़मीन पर गिर पड़ा। आसपास मौजूद लोगों ने किसी तरह घायल को अस्पताल पहुँचाया।

आरोपियों की पहचान

1. युवराज ध्रुव पिता नारद राम ध्रुव, उम्र 23 वर्ष, निवासी सिवनी।
2. अमन ध्रुव पिता स्व. नेहरू ध्रुव, उम्र 20 वर्ष, निवासी सिवनी।
3. किरण कुमार बघेल पिता दयालु बघेल, उम्र 19 वर्ष, निवासी सिवनी।

स्वास्थ्य शिविर | जनता और पुलिस के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध स्थापित करने सिविक एक्शन कार्यक्रम का आयोजन : वीरेन्द्र कुमार

सीआरपीफ 65बटालियन ने महिलाओं के लिए लगाया स्वास्थ्य शिविर, रेडियों का किया वितरण

गरियाबंद/नवप्रदेश। गरियाबंद जिले के मैनपुर विकासखंड के दूरस्थ वनांचल मे बसे ग्राम कुल्हाड़ीघाट मे आज सोमवार को केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल सीआरपीएफएफ 65वीं बटालियन द्वारा सिविक एक्शन प्रोग्राम के तहत अनेक कार्यक्रम का आयोजन किया गया इस कार्यक्रम में सीआरपीएफ 65 वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी वीरेन्द्र कुमार, उप कमांडेंट सुघेन्द्र सिंह, सहायक कमान आफिसर सुधीर कुमार, एसडीओपी पुलिस मैनपुर विकास पाटले, सरपंच कुल्हाड़ीघाट बनसिंह सोरी, निरीक्षक लवकुश पांडेय, सचिन व्यास विशेष रूप से उपस्थित थे। इस दौरान 100 से ज्यादा ग्रामीण महिला पुरूषो को रेडियों वितरण किया गया साथ ही सैकड़ो ग्रामीणों का स्वास्थ्य शिविर लगाकर उपचार किया गया। इस सिविक

एक्शन कार्यक्रम मे शामिल होने के लिए आसपास के ग्रामो से बड़ी संख्या मे ग्रामीण पहुंचे हुए थे।

ग्रामीणों को संबोधित करते हुए सीआरपीएफ 65 वीं वाहिनी के द्वितीय कमान अधिकारी वीरेन्द्र कुमार ने कहा केन्द्रीय रिजर्व पुलिस बल द्वारा नक्सल प्रभावित क्षेत्र के ग्रामों मे जहां एक ओर ग्रामीणों को सुरक्षा प्रदान किया जा रहा है वहीं इस तरह के सिविक एक्शन कार्यक्रम आयोजित करने से पुलिस और जनता के बीच मैत्रीपूर्ण वातावरण का निर्माण होता है उन्होने कहा आज यहां रेडियों का वितरण किया गया है जिससे ग्रामीणों को इसके माध्यम से देश दुनिया से जुड़ने का मौका मिलेगा उन्हे घर बैठे समाचार प्राप्त होगा। सहायक कमान आफिसर सुधीर कुमार ने कहा ग्रामीणों को भयमुक्त जीवन यापन के लिये प्रोत्साहित किया जा रहा है इस शिविर के आयोजन से जनता और पुलिस के बीच की दूरी खत्म होती है और मित्रता स्थापित होता है जनता की सहभागिता के साथ समस्याओं के निराकरण करने के लिए हम सबको मिलकर कार्य करना होगा वहीं क्षेत्र मे कोई भी समस्या हो तो बेझिझक ग्रामीण इसकी जानकारी हमे दे हर तरह से हम लोगो के सहयोग और मदद के लिए तैयार है।

उप कमांडेंट सुघेन्द्र सिंह ने कहा आज स्वास्थ्य शिविर के माध्यम से लोगो का स्वास्थ्य उपचार किया जा रहा है गंभीर बिमारी की स्थिति मे उन्हे बड़े अस्पताल मे ईलाज करवाया जायेगा पुलिस के जवान आपकी सुरक्षा और सहायता के लिए हमेशा तत्पर है।

मैनपुर एसडीओपी पुलिस विकास पाटले ने भी कार्यक्रम को संबोधित करते हुए कहा इस कार्यक्रम के माध्यम से ग्रामीणों मे जागरूकता लाने का कार्य किया जा रहा है साथ ही जरूरत की सामग्री वितरण करने से ग्रामीणों के चेहरे मे खुशी देखने को मिल रही है। इस मौके पर प्रमुख रूप से डॉ सुमन बागची, राहुल घुतलहरे, काजल साहू, बीएल बघेल, संजय ध्रुव, सुकराम नागेश, जयमनी नेताम, बुधियारिन बाई, भागवत नेताम, लालसिंह सोरी, अमरसिंह, बालचंद नेताम, पार्वती नेताम, अमरसिंह, लक्ष्मण नेताम, हाथीराम, मंगली बाई एवं आसपास के ग्रामो से ग्रामीण स्कूली छात्र छात्राएं बड़ी संख्या मे उपस्थित थे। कार्यक्रम का आभार प्रदर्शन सहायक कमान आफिसर सुधीर कुमार ने किया।

चीतल का शिकार कर मांस का हिस्सा करते 5 शिकारी गिरफ्तार

महासमुंद/नवप्रदेश। पिथौरा वन परिक्षेत्र में हिरण शिकार के मामले वन विभाग की टीम ने दो अलग-अलग जगह छापा मारा। ग्राम गिरना और छिंदौली से 5 आरोपियों को गिरफ्तार किया है। डीएफओ मयंक पांडेय ने बताया कि मुखबिर की सूचना पर रविवार को वन विभाग की टीम ने पिथौरा वन परिक्षेत्र के ग्राम गिरना और छिंदौली में एक साथ दो स्थानों पर दबिश दी। आरोपी वन परिक्षेत्र के कक्ष-228 में योजनाबद्ध तरीके से वन्य प्राणी चीतल का शिकार कर मांस काटकर आपस मे बंटवारा कर रहे थे। संयुक्त वन मंडलाधिकारी पिथौरा ने सर्च वारंट जारी किया था। परिक्षेत्र अधिकारी पिथौरा के नेतृत्व में भोला खड़िया के घर की तलाशी में हिरण का ताजा मांस के टुकड़े, खून से सनी चटाई और आरोपी की निशानदेही पर कक्ष-228 के पास घटना स्थल से साढ़े 6 किलो हिरण का मांस, 5.250 किलो जीआई तार, बांस की खूंटी जब्त किया गया है। टीम ने हिरण के शिकार मामले में पांच आरोपियों को गिरफ्तार किया है। आरोपियों पर वन्य जीव (संरक्षण) अधिनियम 1972 की धारा 9, 50, 34, 44, 51, के तहत अपराध दर्ज कर न्यायालय प्रथम श्रेणी पिथौरा में पेश किया गया।

न्यूज गैलरी

मिनी माता सम्मान पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं के सामाजिक, शैक्षणिक, आर्थिक एवं समग्र उत्थान में उत्कृष्ट योगदान देने वाली महिला अथवा अशासकीय संस्था को प्रतिवर्ष ''मिनी माता सम्मान (महिला उत्थान)'' से अलंकृत किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला अथवा संस्था को 2 लाख रुपए की सम्मान राशि और प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। विशेष रूप से अनुसूचित जाति, जनजाति, अन्य पिछड़ा वर्ग एवं अल्पसंख्यक वर्ग की महिलाओं के लिए यह पुरस्कार प्रेरणा का माध्यम है। इच्छुक एवं पात्र महिला/अशासकीय संस्था निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र 26 सितंबर शाम 5:30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में जमा कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के बाद आवेदन पर विचार नहीं किया जाएगा।

अवंतिबाई लोधी स्मृति पुरस्कार के लिए आवेदन आमंत्रित

कवर्धा। छत्तीसगढ़ शासन, महिला एवं बाल विकास विभाग द्वारा महिलाओं में वीरता, अदम्य साहस एवं आत्मबल सशक्तिकरण के क्षेत्र में उत्कृष्ट कार्य करने वाली महिला को प्रतिवर्ष ''वीरांगना रानी अवंतीबाई लोधी स्मृति पुरस्कार'' प्रदान किया जाता है। इस सम्मान के अंतर्गत चयनित महिला को 2 लाख रूपए की राशि तथा प्रशस्ति पट्टिका प्रदान की जाएगी। इच्छुक एवं पात्र महिलाएं निर्धारित प्रारूप में आवेदन पत्र दिनांक 26 सितंबर सायं 05:30 बजे तक जिला कार्यालय, महिला एवं बाल विकास विभाग, जिला कबीरधाम में प्रस्तुत कर सकती हैं। निर्धारित तिथि के पश्चात प्राप्त आवेदनों पर विचार नहीं किया जाएगा।

कलेक्टर ने साल्हेवारा छात्रावास का किया निरीक्षण

खैरागढ़। कलेक्टर इंद्रजीत सिंह चंद्रवाल ने वनांचल ग्राम साल्हेवारा स्थित नवनिर्मित प्री-मैट्रिक आदिवासी बालक छात्रावास भवन का निरीक्षण किया। छात्रावास दूरस्थ वनांचल क्षेत्रों के विद्यार्थियों के लिए संचालित है। निरीक्षण के दौरान कलेक्टर ने छात्रावास परिसर का अवलोकन कर बच्चों को मिलने वाली मूलभूत सुविधाओं की जानकारी ली। उन्होंने छात्रावास में शिष्यवृत्ति वितरण, दैनिक उपयोग की सामग्री, पाठ्यपुस्तकें तथा अध्यापन व्यवस्था की स्थिति का जायजा लिया। बच्चों से बातचीत करते हुए उन्होंने पढ़ाई की प्रगति और उपलब्ध कराई जा रही सुविधाओं के बारे में भी जानकारी प्राप्त की। कलेक्टर चंद्रवाल ने छात्रावास अधीक्षक को प्रत्येक माह सभी विद्यार्थियों का स्वास्थ्य परीक्षण अनिवार्य रूप से कराने, बच्चों को समय पर पौष्टिक और गुणवत्तापूर्ण भोजन देने, भोजन की गुणवत्ता और रसोई व्यवस्था पर विशेष ध्यान देने के निर्देश दिए। उन्होंने छात्रावास परिसर की स्वच्छता बनाए रखने तथा नियमित साफ-सफाई पर भी जोर दिया। अधिकारियों को बच्चों की शिक्षा में किसी प्रकार की बाधा न आने देने के लिए अधीक्षक व स्टाफ को पूरी जिम्मेदारी से कार्य करने कहा। छात्रावास में अध्ययनरत बच्चों को आत्मविश्वास और बेहतर वातावरण उपलब्ध कराने सतत निगरानी रखने की बात कही। निरीक्षण के दौरान सहायक आयुक्त स्वर्णिम शुक्ला, क्षेत्र संयोजक बोधन जोशी एवं अधीक्षक वैभव राहुल उपस्थित रहे।

गुण्डरदेही में धर्मान्तरण मामले में पुलिस ने 8 को भेजा जेल

■ 22 लोगों के खिलाफ कार्रवाई

बालोद/नवप्रदेश। गुंडरदेही धमतरी मुख्य मार्ग पर चैनगंज के एक निजी मकान में रविवार को सुबह अवैध रूप से सामूहिक प्रार्थना करते 40 से 45 लोगों को गुण्डरदेही पुलिस ने पकड़ा था। धर्मांतरण कराने की शिकायत पर 22 लोगों के खिलाफपुलिस ने कार्यवाही की है।

प्रतिबंधात्मक धारा के तहत कार्रवाई करते हुए 8 लोगों को जेल भेजा गया है। 14 महिलाओं के खिलाफ भी कार्यवाही की गई।

विश्व हिंदू परिषद, बजरंग दल के कार्यकर्ताओं ने गुण्डरदेही नगर के चैनगंज वार्ड में खलारी नाला से पहले एक मकान में कुछ इसाई पास्टरों लोगों को एकत्र कर धर्मांतरण करने और अवैध रूप से प्रार्थना सभा करने की लिखित शिकायत की थी।

गुण्डरदेही पुलिस मौके पर पहुंची और करीब 40 से 45 महिला-पुरुषों को थाने लाया गया। गुण्डरदेही पुलिस द्वारा मामले की जांच की जा रही है।

बालोद जिले के गुण्डरदेही क्षेत्र के कई गांवों में इसाई मिशनरियों के पास्टर व पादरी हिंदुओं को लालच देकर इसाई धर्म में जोडऩे के लिये ईसा मसीह की प्रार्थना करने कहते हैं। इससे पहले भी जिले के डौंडी, डौंडीलोहारा, अर्जुन्दा, गुरूर, दल्ली राजहरा जैसे नगरों में भी मामला सामने आ चुका है।

विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के जिला अध्यक्ष बलराम गुप्ता ने पुलिस अधीक्षक बालोद को मामले की जानकारी देते हुए ऐसे लोगों पर कड़ी कार्यवाही करने की मांग की है। आज हुई कार्रवाई के दौरान बजरंग दल के जिला सह संयोजक स्वप्निल शर्मा, पंकज साहू, चंदन पटेल, वीरेंद्र कुमार, हिमांशु महोबिया, युवराज मार्कण्डेय, सौरभ चोपड़ा, मुकेश साहू, फतिप साहू सहित विश्व हिंदू परिषद बजरंग दल के कार्यकर्ता उपस्थित रहे। हाल ही में हिंदू संगठनों द्वारा अवैध प्रार्थना सभा करने की जगह की जानकारी दी गई। मौके पर पुलिस ने देखा कि घरों को ही चर्च बना दिया गया है। माहुद बी के घर में दीवार पर चर्च का नाम लिखा था।

इनके खिलाफ हुई कार्यवाही

प्रतिबंधात्मक धारा के तहत गिरफ्तार आठ आरोपियों में हरख राम मेश्राम उम्र 50 साल निवासी खर्रा गुंडरदेही, भागीरथी निषाद उम्र 46 साल निवासी गुंडरदेही, ओमकार सोनकर उम्र 26 साल निवासी गुंडरदेही, अगेश्वर निषाद उम्र 46 साल निवासी कोसागोंदी थाना सनौद, धनराज विश्वकर्मा उम्र 32 साल पड़कीपानी, थाना बागबाहरा जिला महासमुंद, बीरेंद्र निषाद उम्र 32 साल निवासी जनपद पंचायत के पीछे गुंडरदेही, पीयूष चंद्राकर उम्र 23 साल निवासी वार्ड 6 गुंडरदेही, टिकेश्वर मेश्राम उम्र 23 साल निवास खर्रा शामिल है।

चाकूबाजी की घटना में एक की मौत 2 घायल, सात आरोपी गिरफ्तार

घटना में शामिल दो नाबालिक संप्रेक्षण गृह भेजे गए

राजनांदगांव/नवप्रदेश। पुरानी रंजिश के कारण रविवार को बजरंगपुर में चाकूबाजी की घटना के बाद पुलिस ने 7 आरोपियों को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। पुलिस ने बताया किवार्ड नं. 02 बजरंगपुर नवागांव निवासी अजय सिंह राजपूत (26 वर्ष) ने पुलिस चौकी चिखली में चाकू बाजी की रिपोर्ट दर्ज कराई थी। पृथ्वी भट्ट निवासी बजरंगपुर और अभय मिश्रा ने कई अन्य लडकों के साथ आकर उसके घर के भीतर अश्लील गाली देते हुए जान से मारने की धमकी देने लगे। विवाद और लड़ाई-झगड़ा होने की जानकारी मिलने पर पड़ोसी राकेश ढीमर बीचबचाव करने आया।

इसी दौरान अभय मिश्रा व एक अन्य युवक ने हाथ में रखे धारदार चाकू से राकेश ढीमर के पेट के दाहिने तरफ और सीने के बांये तरफवार कर गंभीर रूप से घायल कर दिया। उसके पिता किशन सिंह राजपूत भी बीच बचाव करने लगे तो पृथ्वी भट्ट ने धारदार हथियार से सीने के दाहिने ओर प्राणघातक हमला किया। आशीष ठाकुर के सिर पर वार कर चोट पहुंचाया गया। तीनों को इलाज के लिये मेडिकल कालेज पेण्ड्री राजनांदगांव ले जाया गया। इलाज के दौरान राकेश ढीमर की मौत हो गई।

मुखबिर की सूचना पर पुलिस की टीम ने पृथ्वी भट्ट पिता राजेश भट्ट उम्र 18 साल बजरंगपुर नवागांव, तौसीफ खान पिता जाहिद खान उम्र 18 साल गौरी नगर वार्ड नं 14, जीत साहू पिता दिलीप कुमार साहू उम्र 20 साल पूनम कालोनी वर्धमान नगर, मोहम्मद अहमद पिता मोहम्मद शरीफ उम्र 19 साल इस्कान विहार कालोनी पी.एम.आवास, विमल कुमार यादव पिता विरेन्द्र सिंह यादव उम्र 22 साल बख्तावर चाल तुलसीपुर गली नं 02 वार्ड नं 16, शेख रजा उर्फ राजा पिता शेख ईसाद उम्र 18 साल साकिन गौरी नगर वार्ड नं 13 ओ.पी. चिखली, शेख उर्फ सोनू खान पिता आसिफ खान उम्र 18 साल साकिन गौरी नगर वार्ड नं 13 व अन्य दो विधि से संघर्षत बालक को घेराबंदी कर पकड़ा गया। थाना लाकर पूछताछ करने पर अपराध करना स्वीकार किया। उनके कब्जे से घटना में प्रयुक्त 2 नग स्टील का धारदार चाकू और आरोपियों के घटना के समय पहने कपड़े जप्त कर विधिवत गिरफ्तार कर न्यायिक रिमाण्ड पर न्यायालय के समक्ष पेश किया गया। जेल वारंट प्राप्त होने पर 7 बालिग आरोपियों को जिला जेल राजनांदगांव और 2 विधि से संघर्षरत बालकों को संप्रेक्षण गृह में दाखिल किया गया। घटना के बाद फरार अन्य आरोपियों की सरगर्मी से पतासाजी की जा रही है।

कार्यवाही में निरीक्षक रामेन्द्र सिंह थाना प्रभारी कोतवाली, विनय पम्मार प्रभारी सायबर सेल राजनांदगांव, उपनिरीक्षक देवादास भारती, कैलाशचंद मरई, सउनि इब्राहिम खान, गोवर्धन देशमुख, शत्रुहन टंडन, संदीप चौहान, बसंत राव, वंदना पटले, आरक्षक मिर्जा असलम बेग, सुनील बैरागी, राजकुमार बंजारा, अविनाष प्रख्यात जैन, प्रियांष सिंह, रामखिलावन सिन्हा, सरिता साहू एवं थाना स्टॉफकी सराहनीय भूमिका रही।

विसर्जन के दौरान विवाद चाकू मारकर युवक की हत्या

खैरागढ़/नवप्रदेश। रविवार को रात भर गणेशोत्सव समितियों की झांकी में नशे में नाचने के बाद सुबह के समय दो युवकों के बीच कहासुनी हो गई। इसी दौरान दोनों के बीच मारपीट शुरू हो गई। एक युवक ने दूसरे को चाकू मार दिया। इसके कारण मौके पर ही युवक की मौत हो गई। चाकू मारने के बाद आरोपी मौके से फरार हो गया। गणेश प्रतिमाओं के विसर्जन के दौरान दाउचौरा वार्ड निवासी युवक दीपक यादव 21 वर्ष और आरोपी श्याम सारथी के बीच नाचने को लेकर कहासुनी हो गई। जानकारी के अनुसार दोनों रात भर झांकी और विसर्जन यात्रा के दौरान नाचते रहे। दोनों के नशे मे होने के कारण सुबह कहासुनी को लेकर मारपीट शुरू हो गई। आरोपी श्याम सारथी ने दीपक पर चाकू से ताबड़तोड़ हमला कर दिया। लहूलुहान होकर नीचे गिरे दीपक को सिविल अस्पताल पहुँचाया गया, जहां इलाज के दौरान चिकित्सकों ने उसे मृत घोषित कर दिया।

इस घटना के बाद एएसपी नितेश गौतम, थाना प्रभारी अनिल शर्मा सहित आला अधिकारी अस्पताल पहुचें और घटना की जानकारी लेकर आरोपी युवक की पतासाजी शुरू की। मृतक के शव का पीएम कराने के बाद परिजनों को सौंपा गया। थाना प्रभारी अनिल शर्मा ने बताया कि मामला दर्ज कर फरार आरोपी की तलाश की जा रही है।

पद्मा साहू को मिलेगा राज्यपाल शिक्षक सम्मान

खैरागढ़/नवप्रदेश। अगले साल राज्यपाल शिक्षक सम्मान से सम्मानित होने वाले शिक्षकों की सूची में शासकीय प्राथमिक शाला संडी की प्रधान पाठक पद्मा साहू शामिल है।

पद्मा साहू 2005 से शिक्षिका के पद पर पदस्थ हैं। वे शुरू से ही बच्चों के प्रति समर्पित होकर ईमानदारी से शैक्षिक कार्य कर रही हैं। शिक्षा के साथ साहित्य के क्षेत्र में भी अपनी अलग पहचान बनाने वाली शिक्षिका पदमा ने विद्यालय में विभिन्न नवाचारों का प्रयोग किया है और बच्चों को शिक्षा से जोड़े रखने में सफलता के साथ अध्यापन का कार्य किया है।

शाला में छात्रों की नियमित उपस्थिति, अध्ययन अध्यापन व पाठ्य सहगामी क्रियाकलापों में महत्वपूर्ण भूमिका निभाकर बच्चों को खेल-खेल में सिखाने का प्रयास, बच्चों को अपने कौशल प्रदर्शन करने का अवसर देने सहित अन्य नवाचार करने में सक्रिय रही शिक्षिका पदमा कवि भी है।

अनुशासन के प्रति बच्चों को सजग रखने ,उन्हें शैक्षिक वातावरण देने के लिए उन्हें मुख्यमंत्री शिक्षा गौरव अलंकरण सम्मान के साथ-साथ साहित्य के क्षेत्र और समाज द्वारा विभिन्न सम्मान मिल चुके हैं। उनकी बाल कविताओं के साथ-साथ कहानी और व्याकरण की पुस्तक भी प्रकाशित है।

विभिन्न प्रकार के शैक्षिक गतिविधियां, टीएलएम प्रदर्शनी आदि में अपनी अहम भूमिका के साथ बच्चों को बेहतर शिक्षा देने जुटी पदमा को अगले साल राज्यपाल शिक्षक सम्मान के लिये चयन होने पर शिक्षा अधिकारियों सहित विभिन्न संगठनों ने शुभकामनाएं दी है।

आयुष स्वास्थ्य मेला में 463 लोगों का नि:शुल्क स्वास्थ्य परीक्षण

■ आयुर्वेद औषधियां दी गई और आयुष कार्ड का वितरण किया गया

कवर्धा/नवप्रदेश। नागरिकों के स्वास्थ्य संवर्धन और रोग निवारण की दिशा में महत्वपूर्ण पहल के तहत कवर्धा विकासखण्ड के ग्राम झलमला के बाजार चौक में विकासखंड स्तरीय नि:शुल्क आयुष स्वास्थ्य मेला और चिकित्सा शिविर का आयोजन किया गया। कलेक्टर गोपाल वर्मा के निर्देश पर आयुष विभाग द्वारा व्यापक स्वास्थ्य सुविधाएँ उपलब्ध कराई गई। मेले में आयुर्वेद, होम्योपैथी और योग चिकित्सा विशेषज्ञों द्वारा विभिन्न रोगों का नि:शुल्क उपचार किया गया। शिविर में 463 लोगों की स्वास्थ्य परीक्षण कर नि:शुल्क आयुर्वेद औषधियां दी गई और आयुष कार्ड का वितरण किया गया।

जिला आयुष अधिकारी डॉ. संजय श्रीवास्तव ने बताया कि शिविर में वात रोग, चर्म रोग, पेट के रोग, बच्चों के रोग, बवासीर, स्त्री रोग, पुरानी खांसी-श्वास, सर्दी-जुकाम, बुखार, पीलिया, मधुमेह, निम्न व उच्च रक्तचाप, सिकलिन और वृद्धों से जुड़े रोगों का नि:शुल्क उपचार किया गया। शिविर में डॉ. गिरिश साहू, डॉ. बॉबी चंद्रवंशी, डॉ. पवन साहू, डॉ. कविता चंद्रवंशी, डॉ. प्रेमलाल, विद्यासिंह, धनेश कौशिक, चैतराम टंडन, मिश्रीलाल पटेल ने अपनी सेवाएं दी। इस अवसर पर संरपंच ओमप्रकाश चंद्रवंशी, उपसरपंच राजेन्द्र चंद्रवंशी सहित ग्रामीण, जनप्रतिनिधि उपस्थित थे।

आयोजन... ग्राम विचारपुर में 18 लाख रुपए के निर्माण कार्य का लोकार्पण

सरकार की योजनाओं से गांव-गांव तक पहुंच रही विकास की रोशनी : उपमुख्यमंत्री

कवर्धा/नवप्रदेश। प्रदेश के उपमुख्यमंत्री विजय शर्मा ने कबीरधाम प्रवास के दौरान कवर्धा विधानसभा क्षेत्र के ग्राम विचारपुर और भिभौंरी में आयोजित भेंट-मुलाकात कार्यक्रम में ग्रामीणों, महिलाओं, युवाओं और बुजुर्गों से संवाद किया। उनकी समस्याएं, मांगें और सुझाव सुनने के बाद सभी आवेदनों का त्वरित निराकरण करने के निर्देश संबंधित अधिकारियों को दिए।

उन्होंने ग्राम विचारपुर में 10 लाख रुपए की लागत से झोंका नाला में पुलिया, 5 लाख रुपए की लागत से मंच और 3 लाख रुपए की लागत से ज्योति कक्ष निर्माण कार्य का लोकार्पण किया।

उन्होंने कहा कि शासन की योजनाओं का लाभ हर पात्र हितग्राही तक समय पर पहुँचना चाहिए। ग्राम विचारपुर के विकास के लिए 82 लाख रुपये की स्वीकृति दी गई है। यह राशि गाँव के भविष्य को नई दिशा देने के लिए है। किसी भी ग्रामीण को शासन-प्रशासन तक पहुँचने में कठिनाई नहीं होगी और हर समस्या का समाधान प्राथमिकता से किया जाएगा।

सरकार की नीतियां और योजनाएं नागरिकों का जीवन आसान, सुरक्षित और समृद्ध बनाने के लिए हैं।

उप मुख्यमंत्री ने ग्रामीणों से आग्रह किया कि शासन की योजनाओं का अधिक से अधिक लाभ उठाएं। युवाओं से नशे से दूर रहने की अपील करते हुए उन्हें शिक्षा और खेलकूद में आगे बढऩे के लिए प्रेरित किया। उपमुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य सरकार गांव के हर व्यक्ति तक विकास का लाभ पहुँचाने के लिए प्रतिबद्ध है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि आने वाले समय में न केवल किसानों की आय में वृद्धि होगी, बल्कि रोजगार के अवसरों में भी इजाफा होगा।

इस दौरान जिला पंचायत अध्यक्ष ईश्वरी साहू, जिला पंचायत सभापति रामकुमार भट्ट, डॉ बीरेन्द्र साहू, परदेशी पटेल, रवि राजपूत सहित जनप्रतिनिधि, ग्रामीण, युवा उपस्थित थे।

दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ की मांगे पूरी न होने पर करेंगे आंदोलन

■ संघ प्रदेशाध्यक्ष अश्विनी सोनवानी ने दी शासन को चेतावनी

राजनांदगांव/नवप्रदेश। दिवंगत पंचायत शिक्षक अनुकंपा संघ छत्तीसगढ़ की प्रदेश अध्यक्ष अश्विनी सोनवानी ने शासन को कड़ी चेतावनी देते हुए कहा कि उनकी मांगे पूरी न होने पर संगठन उग्र आंदोलन करने के लिए बाध्य होगा। उन्होंने आरोप लगाया कि संगठन से जुड़े प्रदेश के 1256 परिवारों के साथ निरंतर अन्याय किया जा रहा है। सोनवानी ने आगे कहा कि प्रतिनिधिमंडल के साथ पंचायत मंत्री से मिलने उनके निवास पर पहुँचने पर महिला पुलिसकर्मी ने उनके साथ अमानवीय व्यवहार किया। पुलिसकर्मी ने अपमानजनक टिप्पणी करते हुए उन्हें गाड़ी में घसीटकर बैठाया। उनके साथ गए छोटे-छोटे बच्चों को भी जबरदस्ती खींचा गया, जिससे उन्हें चोटें आईं। प्यास लगने पर बच्चों को पानी तक नहीं दिया गया। बाथरूम का पानी पीने कहा गया। उन्होंने कहा कि शासन ने अनुकंपा नियुक्ति के निराकरण में केवल 27 पात्र अभ्यर्थियों को शामिल किया है, जबकि डीएड और टेट की पात्रता न रखने वाले अन्य सैकड़ों पात्र परिवारों को नजरअंदाज़ कर दिया गया। उन्होंने मांग करते हुए कहा कि नियमों में शिथिलता बरतते हुए तृतीय और चतुर्थ श्रेणी की रिक्तियों पर शैक्षणिक योग्यता अनुसार सभी को नियुक्ति दी जाए। सोनवानी ने कहा कि पूर्व में हुए धरना-प्रदर्शन के दौरान तृतीय और चतुर्थ श्रेणी में नियुक्ति के लिये सहमति बनी थी, लेकिन अब शासन नए नियम बनाकर परिवारों के साथ छल कर रहा है।

प्रथम पेज का शेष

आधार मतदाता सूची के ...

कर सकते हैं। पहले इन दस्तावेजों में आधार कार्ड शामिल नहीं था, लेकिन अब सुप्रीम कोर्ट ने आधार कार्ड को बतौर 12वां दस्तावेज मानने का आदेश दिया है। शीर्ष अदालत ने चुनाव आयोग से अपने सभी अधिकारियों को निर्देश जारी करने को भी कहा है ताकि आधार कार्ड को स्वीकार किया जा सके। हालांकि सुप्रीम कोर्ट ने साफकर दिया कि आधार कार्ड को नागरिकता का सबूत नहीं माना जा सकता।

सौर ऊर्जा के उपभोक्ता ऊर्जा ...

कि प्रदेश में सौर ऊर्जा को बढ़ावा देते हुए हॉफबिजली बिल से आगे बढ़ते हुए मुफ्त बिजली की ओर ले जाने का कार्य किया जा रहा है। उन्होंने इसे हर्ष का विषय बताते हुए कहा कि प्रदेशवासी इस योजना के महत्व को समझते हुए स्वच्छ ऊर्जा अपनाने की दिशा में आगे बढ़ रहे हैं। मुख्यमंत्री ने आमजन से आग्रह किया कि वे अपने आसपास के लोगों को भी इस योजना से जोड़ें और स्वच्छ ऊर्जा की दिशा में प्रदेश को अग्रसर बनाने में योगदान दें।

मुख्यमंत्री ने बताया कि केंद्र और राज्य सरकार मिलकर उपभोक्ताओं को सब्सिडी उपलब्ध करा रही हैं। साथ ही बैंकिंग व्यवस्था के माध्यम से आसान वित्तीय सुविधा भी दी जा रही है। उन्होंने कहा कि आने वाले समय में उपभोक्ताओं को पूर्ण रूप से मुफ्त बिजली का लाभ मिलेगा। मुख्यमंत्री ने यह भी बताया कि प्रधानमंत्री कुसुम योजना के अंतर्गत आज लाभार्थियों को लेटर ऑफ अवार्ड प्रदान किए गए हैं। इन योजनाओं से उपभोक्ता स्वयं सौर ऊर्जा का उत्पादन कर बिजली का विक्रय कर रहे हैं और साथ ही सस्ती बिजली का लाभ भी प्राप्त कर रहे हैं।

20 मौतों के बाद सोशल...

शासन कार्यालय ने न्यू बानेश्वर के आसपास के प्रमुख इलाकों में रात 10 बजे तक के लिए कर्फ्यू लगा दिया है।

इन प्रदर्शनकारियों को जेनरेशन जेड के नाम से जाना जा रहा है। जेनरेशन ज़ेड पीढ़ी यानी वे लोग जिनका जन्म वर्ष 1997 से वर्ष 2012 के बीच हुआ है। ये लोग देश में सोशल मीडिया फेसबुक, ट्विटर आदि पर प्रतिबंध लगाये जाने से नाराज हैं।

मोक्षित से संबद्ध 85 फर्मों ...

साथ ही संबद्ध 85 फर्मों को दंड नोटिस जारी किए गए हैं. यह कार्रवाई बड़े पैमाने पर चल रहे जीएसटी फर्जीवाड़े को उजागर करने और भविष्य में ऐसी गतिविधियों पर अंकुश लगाने की दिशा में महत्वपूर्ण कदम है. गौरतलब है कि डीजीजीआई ने फरवरी 2024 में जांच शुरू की थी, जिसके बाद एसीबी-ईओडब्ल्यू ने भी शशांक चोपड़ा को गिरफ्तार किया. प्रवर्तन निदेशालय, रायपुर ने भी इस मामले में कार्रवाई की है.

3200 करोड़ के शराब ...

कार्यालय पर छापेमारी की थी। इस दौरान पूर्व आबकारी मंत्री कवासी लखमा और उनके बेटे हरीश लखमा के खिलाफ कार्रवाई करते हुए उनकी सुकमा और रायपुर स्थित संपत्तियों को अटैच किया गया था। कवासी लखमा इस मामले में 16 जनवरी 2025 से जेल में बंद हैं। उन पर आरोप है कि वे शराब घोटाले में सिंडिकेट के प्रमुख हिस्सा थे और उनके निर्देश पर ही प्रदेश में शराब का अवैध कारोबार संचालित हो रहा था। ईडी की टीम ने राजीव भवन में मलकीत सिंह गैदु से मुलाकात कर सुकमा मामले से जुड़ी चालान कॉपी सौंपी और औपचारिक प्रक्रिया पूरी करने के बाद वापस लौट गई। यह कार्रवाई शराब घोटाले की जांच को आगे बढ़ाने का हिस्सा है, जिसमें ईडी लगातार सक्रियता दिखा रही है।

महानदी के मुख्य नहर ...

वहीं, जेसीबी मशीनें मंगाकर मिट्टी भराव का कार्य भी शुरू किया गया है। कुकरा गांव सहित आसपास के क्षेत्रों में किसानों की चिंता बढ़ गई है। खेतों में भरे पानी के चलते धान की खड़ी फसलें डूबने का खतरा बना हुआ है।

नहर निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार

ग्रामीणों का कहना है कि जल संसाधन विभाग ने आरंग में करीब 16 किलोमीटर नहर निर्माण में बड़ा भ्रष्टाचार किया है। गुणवत्ताहीन निर्माण के कारण ही नहर टूट गई है। लंबे समय से नहर की मरम्मत और रखरखाव को लेकर शिकायतें की जाती रही हैं, लेकिन विभाग की ओर से कोई ठोस पहल नहीं की गई।

आज देश को मिलेंगे नए...

बीजू जनता दल ने मतदान से दूर रहने की घोषणा की है। बता दें कि ये दोनों दल राष्ट्रीय स्तर पर किसी भी गठबंधन का हिस्सा नहीं हैं, ना एनडीए और ना ही इंडिया ब्लॉक। दोनों दलों ने कहा है कि वे एनडीए और इंडिया ब्लॉक, दोनों से समान दूरी बनाए रखेंगे और उपराष्ट्रपति चुनाव के लिए मतदान में शामिल नहीं होंगे। बीआरएस के कार्यकारी अध्यक्ष के। टी। रामा राव ने सोमवार को कहा कि उपराष्ट्रपति चुनाव में भाग न लेने का निर्णय राज्य में यूरिया की कमी को लेकर तेलंगाना के किसानों की पीड़ा की अभिव्यक्ति है।

'वोट चोर-गद्दी छोड़' रैली में ...

बिलासपुर में सभा करने के बाद वे कार्यकर्ताओं के साथ बैठक करेंगे। इस दौरान ब्लॉक प्रभारियों की नियुक्ति की घोषणा की संभावना है।

सभी दिग्गज होंगे एक मंच पर

एआईसीसी के निर्देश पर चल रहे इस आंदोलन के दौरान कांग्रेस के सभी दिग्गज नेताओं के एक मंच पर नजर आने की उम्मीद है। इस सभा में प्रदेश प्रभारी के प्रभारी सचिन पायलट के साथ तीनों सह प्रभारी, पीसीसी अध्यक्ष दीपक बैज, नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत, पूर्व मुख्यमंत्री भूपेश बघेल सहित नेता और कार्यकर्ता शामिल होंगे।

महंत के 'चमचे' वाले बयान की पायलट से होगी शिकायत

पार्टी की अंदरूनी सियासत के बीच कांग्रेस नेताओं के बीच बयानबाजी और अनुशासनात्मक विवाद को लेकर शिकायतों का दौर भी जारी है। जहां पूर्व मंत्री रविन्द्र चौबे के बयान से कांग्रेस पार्टी में खींचतान रहा। वही अब नेता प्रतिपक्ष चरणदास महंत के चमचे वाले बयान ने से भी कार्यकर्ताओं के अंदर असंतोष है। ऐसी सूचना है कि चरणदास महंत के बायन को लेकर भी कई वरिष्ठ नेता और पदाधिकारी प्रभारी महासचिव पायलट के सामने अपनी-अपनी शिकायतें रखने की तैयारी में हैं।

रेलवे स्टेशन पर कई हफ्ते से बंद पड़ा है एस्केलेटर, लिफ्ट की मरम्मत भी नहीं, यात्रियों को हो रही परेशानी

■ साल भर में दर्जनों बार बार खराब होता है एस्केलेटर, कई हफ्ते बाद होती है रिपेयरिंग

दुर्ग/नवप्रदेश। रेलवे प्रशासन यात्रियों को शानदार सुविधाएं देने का दावा करता है लेकिन चंद दिनों में ही इन दावों की पोल खुल जाती है। रेलवे प्रशासन ने यात्री सुविधा के नाम पर लाखों रुपये खर्च कर रेलवे स्टेशन में एस्केलेटर लगाया था। यहां लिफ्ट भी लगाई गई। लेकिन, पिछले कई हफ्ते से लिफ्ट और एस्केलेटर दोनों बंद पड़े हैं। रेल यात्रियों का कहना है कि रेलवे स्टेशन में एस्केलेटर और लिफ्ट बंद होने की समस्या साल भर में एक बार नहीं बल्कि दर्जनों बार होती है। तत्काल रिपेयरिंग वर्क कराने में रेलवे प्रशासन पूरी तरह नाकाम रहा है।

रेलवे अधिकारियों का कहना है कि एस्केलेटर और लिफ्ट का मेंटेनेंस प्राइवेट कंपनी को दिया गया है। इसके पार्ट्स खराब होने पर बाहर से पार्ट्स की मंगाना पड़ता है। इसी कारण रिपेयरिंग वर्क में देर होती है। आपको बता दें कि एस्केलेटर प्लेटफार्म नंबर एक पर लगाया गया है जबकि तीन स्थानों पर लिफ्ट की सुविधा है। प्लेटफार्म नंबर एक, प्लेटफार्म दो और प्लेटफार्म 4 पर लिफ्ट की सुविधा उपलब्ध है। लेकिन सभी लिफ्ट और एस्केलेटर अक्सर खराब रहते हैं।

यात्रियों का कहना है कि तीनों लिफ्ट अक्सर खराब हालत में रहते हैं। लिफ्ट बंद है का बोर्ड देखकर मायूस यात्रियों को सीढ़ियों का सहारा लेना पड़ता है। इन अव्यवस्थाओं पर रेलवे प्रबंधन का ध्यान आकृष्ट कराने के बावजूद स्थिति में कोई सुधार नहीं हो पाया है। कांग्रेस नेता अरुण वोरा पूर्व में कई बार एस्केलेटर और लिफ्ट बंद रहने के कारण यात्रियों को होने वाली असुविधा का मुद्दा उठा चुके हैं। इसके लिये वोरा ने रेलवे के वरिष्ठ अधिकारियों से कई बार चर्चा भी की है। आम आदमी पार्टी के नेताओं ने भी एस्केलेटर और लिफ्ट बंद रहने का मुद्दा उठा चुके हैं। स्टेशन मास्टर को ज्ञापन भी सौंपा जा चुका है। इसके बावजूद रेलवे प्रशासन को यात्रियों को होने वाली परेशानी से कोई सरोकार नहीं है।

दुर्ग के रेल यात्रियों ने कई बार इस संबंध में शिकायत की है। एस्केलेटर बार-बार खराब हो रहा है और इसकी रिपेयरिंग में कई दिनों का समय लगता है। कई बार तो तीन चार महीने बाद ही एस्कैलेटर की मरम्मत का काम हो पाया है। अभी भी एस्केलेटर और लिफ्ट बंद होने की जानकारी मिली है। इस संबंध में डीआरएम से चर्चा की जाएगी और रेल यात्रियों की सुविधा के लिये तत्काल रिपेयरिंग कराने की मांग की जाएगी।

अरुण वोरा,
पूर्व विधायक, दुर्ग

वन कर्मचारी संघ ने दो कर्मचारियों की पदोन्नति निरस्त करने सौंपा ज्ञापन

दुर्ग/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ खैरागढ़ के पदाधिकारियों ने वन विभाग द्वारा जारी पदोन्नति को निरस्त करने की मांग की है। विनोद मिश्रा और दमन तिवारी की पदोन्नति को नियम विरुद्ध बताते हुए संघ के अध्यक्ष ने कहा कि छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी सघ की मांग पर प्रशिक्षण के दौरान वनरक्षक एवं वनपाल को फर्स्ट (सर्वप्रथम) आने पर प्रमोशन देने की व्यवस्था को छत्तीसगढ़ शासन द्वारा वर्ष 2009 में समाप्त कर दिया गया है। उन्होंने कहा कि 2009 से पूर्व प्रशिक्षण के दौरान टॉप (सर्वप्रथम) आने वाले वनरक्षक को वनपाल के पद पर प्रमोशन देकर शाला से ही वनपाल प्रशिक्षण के लिये भेजने की व्यवस्था थी। विनोद मिश्रा के टॉप आने के बाद व्यवस्था में परिवर्तन होने के कारण न तो प्रमोशन दिया गया और न हीं वनपाल के प्रशिक्षण में भेजा गया था। दुर्ग वृत कार्यालय द्वारा जारी पदोन्नति आदेश में विनोद मिश्रा को वनरक्षक से वनपाल पद पर पदोन्नत किया गया है। विनोद मिश्रा को वर्ष 2013-14 से वनरक्षक प्रशिक्षण के बाद वनपाल मान लिया गया था। आदेश के तहत पुनः वनरक्षक के पद से वनपाल के पद पर पदोन्नति आदेश जारी करना उचित नहीं है। मात्र चार माह बाद वनपाल से उधवन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति आदेश जारी होने से कई संदेह पैदा हो रहे हैं। इससे प्रभावित कर्मचारियों में रोष व्याप्त है।

वनमंडलाधिकारी कवर्धा द्वारा जारी नियमितीकरण आदेश में भृत्य पद पर विनोद मिश्रा का नाम अंकित है। आदेश का पालन न करने पर वायरलेस आपरेटर के पद पर दूसरी बार आदेश जारी कर पदस्थ किया गया। इसके बाद रिक्त पद न होने पर भी सांख्येतर पद का परिवर्तन कर वनरक्षक के पद पर लाभ पहुंचाया गया। यह जांच का विषय है।

विनोद मिश्रा छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ के काफी समय से वरिष्ठ पदाधिकारी है और इसी का फायदा उठाकर अधिकारी, कर्मचारी से मिलीभगत कर उप वन क्षेत्रपाल के पद पर पदोन्नति आदेश जारी कराने में सफल हो गए। छत्तीसगढ़ वन कर्मचारी संघ खैरागढ़ ने सभी बिंदुओं पर गंभीरता से जांच कर पदोन्नति आदेश को तत्काल निरस्त करने की मांग की है।

■ न्यूज गैलरी

स्व. बिंदेश्वरी बघेल कॉलेज में मनाया गया शिक्षक दिवस

कुम्हारी। स्व. बिंदेश्वरी बघेल शासकीय महाविद्यालय, कुम्हारी में भारत के द्वितीय राष्ट्रपति, महान दार्शनिक व आदर्श शिक्षक डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की जयंती उत्साहपूर्वक मनाई गई। डॉ. राधाकृष्णन के चित्र पर पुष्पांजलि अर्पित करते हुए नमन किया गया। इस अवसर पर विद्यार्थियों ने भावपूर्ण भाषण, कविताएँ और गीत प्रस्तुत किए। डॉ.राधाकृष्णन के व्यक्तित्व और शिक्षण-दर्शन का प्रभावशाली चित्रण किया गया।

प्राचार्य डॉ. सोनिता सत्संगी ने कहा कि डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन का जीवन शिक्षा, संस्कार और मानवता का अनुपम उदाहरण है। उन्होंने शिक्षा को समाज और राष्ट्र निर्माण का सबसे सशक्त साधन माना। डॉ. राधाकृष्णन ने देश और समाज को नई दिशा दी। डॉ सत्संगी ने कहा कि सभी विद्यार्थियों से आह्वान किया कि वे डॉ. राधाकृष्णन के आदर्शों को अपनाकर समाज और राष्ट्र की प्रगति में योगदान दें।

जिला इनक्यूबेशन हब दुर्ग में बेसलाइन स्टडी का आयोजन

दुर्ग। ''महिलाओं के सपनों को अवसरों से जोडने़'' के उद्देश्य से जिला इनक्यूबेशन हब में एक दिवसीय बेसलाइन स्टडी का सफल आयोजन किया गया। दुर्ग प्रशासन, टाटा इंस्टीट्यूट ऑफसोशल साइंसेज इनक्यूब फाउंडेशन और कन्फेडरेशन ऑफ इंडियन ट्रेडर्स एसोसिएशन के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित कार्यक्रम में 8 स्व-सहायता समूहों और 12 व्यक्तिगत महिला उद्यमियों ने विचार-विमर्श में हिस्सा लिया। एडीके मेकर्स प्रा.लि. के संस्थापक व जिला इनक्यूबेशन हब के अग्रणी इनक्यूबी राहुल धिंगरा, गुरुग्राम की समाजसेवी रंजना यादव, दुर्ग की कंचन सिंह और आगा खान सोशल वेलफेयर बोर्ड की चेयरपर्सन अमीना हीरानी ने महिला उद्यमियों से संवाद किया। उद्यमिता की बारीकियों के साथ ही उभरते बाज़ार की मांग और अत्याधुनिक तकनीकी समाधानों के उपयोग पर अनुभव साझा किया।

भवन मरम्मत के लिए दुकान खाली कराने आवेदक ने जनदर्शन में लगाई गुहार

उप-स्वास्थ्य केन्द्र की जर्जर छत से हादसे का खतरा, मरम्मत की मांग

दुर्ग/नवप्रदेश। जिला कार्यालय के सभाकक्ष में कलेक्टर अभिजीत सिंह ने जनदर्शन कार्यक्रम में पहुंचे जनसामान्य से मुलाकात कर उनकी समस्याएं सुनी। उन्होंने संबंधित विभागों को शीघ्र कार्यवाही कर समुचित समाधान एवं निराकरण करने की पहल करने कहा। जनदर्शन कार्यक्रम में डिप्टी कलेक्टर उत्तम ध्रुव भी उपस्थित थे। जनदर्शन में अवैध कब्जा, आवासीय पट्टा, प्रधानमंत्री आवास, भूमि सीमांकन कराने, आर्थिक सहायता राशि दिलाने सहित विभिन्न मांगों और समस्याओं से संबंधित 80 आवेदन प्राप्त हुए।

शहीद चौक दुर्ग निवासी ने भवन मरम्मत के लिए मदिरा दुकान खाली कराने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि उनके भवन में पिछले 4 वर्षों से सरकारी फुटकर शराब दुकान संचालित है। भवन जर्जर होने के कारण मरम्मत कराना आवश्यक है। मरम्मत कराने के बाद वहां खुद की दुकान संचालित करना चाहती है। मदिरा दुकान संचालक द्वारा अप्रैल से अब तक किराया भी नहीं दिया गया है। कलेक्टर ने आबकारी विभाग को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

ग्राम पंचायत चंगोरी के सरपंच ने उप स्वास्थ्य केन्द्र चंगोरी की छत मरम्मत कराने के लिए आवेदन दिया। ग्राम पंचायत चंगोरी स्थित उप-स्वास्थ्य केन्द्र की छत जर्जर हो चुकी है और लगातार प्लास्टर गिरने से दुर्घटना की आशंका है। स्वास्थ्य केन्द्र ने मरम्मत के लिए संबंधित विभाग को आवेदन दिया है। चंगोरी ग्रामवासियों ने शीघ्र कार्यवाही कर छत की मरम्मत कराने की मांग की। कलेक्टर ने मुख्य चिकित्सा एवं स्वास्थ्य अधिकारी को निरीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

भिलाई रहवासियों ने हुडको कालीबाड़ी परिसर की सरकारी जमीन पर पेड़ों की अवैध कटाई की शिकायत की। उन्होंने बताया कि हुडको कालीबाड़ी परिसर और उसके सामने स्थित शासकीय भूमि पर कुछ पदाधिकारियों द्वारा लगभग 40 साल पुराने फलदार व अन्य वृक्षों की अवैध कटाई की गई हैं। हर साल नवरात्रि के दौरान पेड़ों की अवैध कटाई कर व्यावसायिक गतिविधियां संचालित की जाती है। कलेक्टर ने एसडीएम भिलाई को आवश्यक कार्यवाही करने को कहा।

ग्राम खपरी धमधा निवासी ने ऑनलाईन भूमि रिकार्ड में सुधार करवाने आवेदन दिया। उन्होंने बताया कि भूमि रिकार्ड में खसरा नंबरों को ऑनलाईन करने के समय उनकी 0.96 हे. कृषि भूमि को त्रुटिपूर्वक ऑनलाइन रिकॉर्ड में 0.46 हे. दर्ज कर दिया गया है, जिसके कारण उसे परेशानियों को सामना करना पड़ रहा है। तहसील व एसडीएम कार्यालय में त्रुटि सुधार हेतु आवेदन दिया गया है। कलेक्टर ने तहसीलदार धमधा को परीक्षण कर आवश्यक कार्यवाही करने कहा।

खालसा स्कूल में महापौर अलका ने किया शिक्षकों का सम्मान

दुर्ग/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के अवसर पर सोमवार को खालसा स्कूल में आयोजित समारोह में महापौर अलका बाघमार विशिष्ट अतिथि के रूप में शामिल हुईं। इस अवसर पर विद्यालय प्रांगण में शिक्षकों का सम्मान किया गया। शिक्षकों को स्मृति चिन्ह और शाल भेंट कर सम्मानित किया गया। समारोह में महापौर अलका बाघमार ने कहा कि शिक्षक केवल एक पेशा नहीं, बल्कि पवित्र दायित्व है। गुरु ही हमारे जीवन के सच्चे मार्गदर्शक होते हैं, जो हमें शिक्षा के साथ-साथ संस्कार, अनुशासन और जीवन जीने की सही दिशा प्रदान करते हैं। उन्होंने सभी शिक्षकों को नमन करते हुए कहा कि शिक्षकों के योगदान से ही समाज और राष्ट्र निर्माण की नींव मजबूत होती है। शिक्षा के साथ संस्कार का मिलना ही किसी विद्यार्थी को पूर्ण व्यक्तित्व प्रदान करता है। शिक्षक छात्रों के चरित्र निर्माण में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। विद्यार्थियों के संस्कारवान बनने पर ही समाज और देश उन्नति की ओर अग्रसर होता है। इस अवसर पर एमआईसी सदस्य शेखर चंद्राकर, रंजीता पाटिल, अरविंदर खुराना सहित विद्यालय के प्राचार्य, पार्षद, शिक्षक व बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं उपस्थित रहे। समारोह के दौरान विद्यार्थियों ने शिक्षकों के सम्मान में सांस्कृतिक प्रस्तुतियां भी दी। कार्यक्रम का समापन शिक्षकों को सम्मानित करने और उनके योगदान को सराहने के साथ हुआ।

बोरसी व पोटिया की पाइपलाइन में लीकेज, आज शाम को कई वार्डो में पानी सप्लाई प्रभावित

■ 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में सफाई का काम जारी

दुर्ग/नवप्रदेश। बोरसी और पोटिया वार्ड की पानी टंकियों में 600 एमएम डाया की राइजिंग पाइप लाइन में लीकेज का पता चलने के बाद निगम प्रशासन ने रिपेयरिंग कराने का फैसला किया है। जमीन के अंदर बिछी क्लियर वॉटर पाइपलाइन में लिकेज होने के कारण जल आपूर्ति प्रभावित हो रही है। इससे पानी टंकिया भी पूरी तरह नहीं भर पा रही है। नगर निगम के जलगृह विभाग द्वारा 9 सितंबर को सुबह वाटर सप्लाई के बाद रिपेयरिंग का काम शुरू किया जाएगा। इसके कारण शाम को पानी सप्लाई पर असर पड़ेगा। बघेरा टंकी में भी लीकेज का पता चला है। बोरसी-पोटिया क्षेत्र में लीकेज की मरम्मत का काम पूरा होने के बाद बघेरा में मरम्मत का काम किया जाएगा। महापौर अलका बाघमार, आयुक्त सुमित अग्रवाल और प्रभारी लीना दिनेश देवांगन ने अधिकारियों से मरम्मत कार्य की जानकारी लेते हुए अधिकारियों को पानी सप्लाई व्यवस्था बेहतर बनाने सख्त निर्देश दिये हैं। महापौर ने कहा कि नागरिकों को पानी की समस्या से जूझना न पड़े, इसके लिए मरम्मत कार्य को प्राथमिकता के साथ जल्द से जल्द पूरा किया जाए। प्रभावित क्षेत्र में आवश्यकतानुसार टैंकर के माध्यम से पानी सप्लाई की व्यवस्था करें। पानी जैसी बुनियादी सुविधा में किसी भी तरह की लापरवाही बर्दाश्त नहीं की जाएगी। जलगृह विभाग के अधिकारियों ने बताया कि 24 एमएलडी फिल्टर प्लांट में भी मरम्मत का कार्य किया जा रहा है।

परिजनों को मिली 20 लाख आर्थिक सहायता

दुर्ग/नवप्रदेश। कलेक्टर अभिजीत सिंह ने पांच अलग-अलग दुर्घटनाओं में मृतकों के परिजनों को 20 लाख की आर्थिक सहायता अनुदान राशि स्वीकृत की है। ग्राम भेड़सर थाना पुलगांव तहसील व जिला दुर्ग निवासी सियाराम देशमुख नदी के तेज बहाव में बह गए थे। ग्राम वार्ड 2 राजीव नगर दुर्ग निवासी लक्ष्मीनारायण महार की कुएं में डूबने से मृत्यु हो गई थी। विजय चौक स्टेशन मरोदा थाना नेवई जिला दुर्ग निवासी चन्द्रकिरण चन्द्रवंशी की आग लगने से मृत्यु हो गई थी। गिरहोला तहसील अहिवारा जिला दुर्ग निवासी बालक प्रीतम कुमार की कुएं में गिर जाने से और मिलन चौक ग्राम जोरातराई तहसील व जिला दुर्ग निवासी रूपा दीप की तालाब में डूबने से मृत्यु हुई थी।

प्राचीन काल से चली आ रही छग की कला परंपरा : डॉ देशमुख

दुर्ग/नवप्रदेश। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालय दुर्ग द्वारा छत्तीसगढ़ राज्य के रजत जयंती वर्ष के सन्दर्भ में छत्तीसगढ़ की कला परम्परा बीते 25 साल विषय पर संगोष्ठी का आयोजन किया गया। मुख्य वक्ता प्रसिद्ध लोककला संरक्षक, संवाहक डॉ डी पी देशमुख ने कहा कि छत्तीसगढ़ राज्य की परिकल्पना को साकार हुए 25 वर्ष हो गए। इन सालों में राज्य विकास की ओर लगातार अग्रसर है। उन्होंने छग के विभिन्न लोक गीतों को गाकर उनकी पहचान विद्यार्थियों से कराई। देशमुख ने छग की प्रमुख लोक कला नाचा की विशेषता बताते हुए छात्र-छात्राओं को संबोधित करते हुए कहा कि कला के क्षेत्र में स्थान बनाने के लिए अत्यधिक मेहनत की आवश्यकता है। विशिष्ट वक्ता डॉ जी रथीश बाबू ने छग के अपने शास्त्रीय नृत्य के आरंभिक संघर्ष को बताया। उन्होंने कहा कि दक्षिण भारत की कला को यहां स्थापित करने में कड़े परिश्रम की जरूरत थी। यहाँ के लोगों ने उसे आत्मसात किया है और वर्तमान में केवल भिलाई में ही सैकड़ों बच्चों ने इसे साधना के लिए चुना है। महाविद्यालय की प्राचार्य डॉ ऋचा ठाकुर ने स्वागत उद्बोधन में कहा कि छग राज्य प्राकृतिक सम्पदा, कलाओं एवं संस्कृति से परिपूर्ण है और बीते 25 वर्षों से लगातार यह राज्य प्रगति के सोपान तय कर रहा है। नवीन शासकीय संगीत महाविद्यालयों की स्थापना भी इस क्रम की बड़ी उपलब्धि है।

बीएसपी : 'मिशन लक्ष्मी' की पहल महिलाओं के स्वास्थ्य के लिये बनी मिसाल

भिलाई/नवप्रदेश। जवाहर लाल नेहरू अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र द्वारा बीएसपी सीएसआर के सहयोग से स्वास्थ्य जागरूकता के लिये 'मिशन लक्ष्मी' अभियान निरंतर संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम का उद्देश्य 12 वर्ष और उससे अधिक आयु वर्ग की महिलाओं को स्वास्थ्य जांच और जागरूकता से जोडऩा है। मिशन लक्ष्मी के अंतर्गत हीमोग्लोबिन, रक्त शर्करा, पैप स्मीयर जैसी बुनियादी जांचों के साथ-साथ स्वास्थ्य संबंधी जानकारी उपलब्ध कराई जा रही है। इसी कड़ी में 9 सितम्बर को मानव संसाधन विभाग में संयंत्र की महिला सफाई कर्मियों के लिये स्वास्थ्य जांच और जागरूकता कार्यक्रम का आयोजन किया जाएगा। इस विशेष पहल का उद्देश्य महिला कर्मियों को अपने स्वास्थ्य के प्रति सजग करना और नियमित जांच को उनकी दिनचर्या का हिस्सा बनाना है। बीएसपी के चिकित्सा एवं स्वास्थ्य सेवाएं विभाग व सीएसआर के संयुक्त तत्वाधान में संचालित यह अभियान महिलाओं के स्वास्थ्य की रक्षा और जागरूकता बढ़ाने में महत्वपूर्ण योगदान दे रहा है। 'मिशन लक्ष्मी' योजना, जेएलएन अस्पताल एवं अनुसंधान केंद्र तथा निगमित सामाजिक उत्तरदायित्व विभाग के संयुक्त तत्वाधान में, महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य से सम्बन्धित योजना है। इस परियोजना के अंतर्गत प्रथम शिविर का आयोजन 1 मई 2024 को बीआईकेसी (भिलाई इस्पात कल्याण चिकित्सालय), सेक्टर-6 में किया गया। अब तक 16 शिविरों का आयोजन हो चुका है। इन शिविरों में 1165 लाभार्थियों का पंजीकरण व परीक्षण किया गया है। इन शिविरों के माध्यम से आसपास की वंचित आबादी विशेष रूप से लाभान्वित हो रही है। संयंत्र महिला कर्मचारियों के कल्याण के लिये समय-समय पर विभिन्न स्वास्थ्य संबंधी देखभाल कार्यक्रमों और जागरूकता कार्यशालाओं का आयोजन करता है। 'मिशन लक्ष्मी' महिलाओं के व्यापक स्वास्थ्य की देखभाल पर केन्द्रित है। 'मिशन लक्ष्मी' के तहत बालिकाओं, युवतियों और महिलाओं का निशुल्क स्वास्थ्य परीक्षण, स्वास्थ्य संबंधित जानकारी, आयरन, फोलिक एसिड व एलबेंडाजॉल टेबलेट का वितरण और रक्त में हीमोग्लोबिन की मात्रा आदि की जाँच शामिल है।

आयोजन... 25 वीं शालेय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन और फेंसिंग प्रतियोगिता का समापन

आगामी सत्र में फिर शुरू होगी सहायक वाचन पुस्तक योजना : गजेंद्र

भिलाई/नवप्रदेश। स्वामी आत्मानंद ऑडिटोरियम परिसर पाटन में आयोजित 25 वीं शालेय राज्य स्तरीय भारोत्तोलन और फेंसिंग प्रतियोगिता का समापन रविवार को हुआ। इसमें 435 प्रतिभागी और 50 खेल अधिकारी शामिल हुए। राज्य स्तर पर चयनित खिलाड़ी राष्ट्रीय स्तर में प्रतिनिधित्व करेंगे। समापन समारोह के मुख्य अतिथि स्कूल शिक्षा, ग्रामोद्योग एवं विधि विधायी कार्य मंत्री गजेंद्र यादव ने कहा कि वर्तमान समय में खेल हमारे जीवन के लिए बहुत आवश्यक है। खेलों से मानसिक और शारीरिक विकास होता है। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी द्वारा खेलो इंडिया जैसे अभियानों का उद्देश्य यही है कि प्रतियोगिता से विद्यार्थियों में प्रथम आने की ललक बढ़ती है।

मंत्री यादव ने सभी प्रतिभागियों को बधाई देते हुए कहा कि आने वाले सत्र में सहायक वाचन पुस्तक योजना दोबारा शुरू की जाएगी, ताकि मिडिल स्कूल के विद्यार्थियों में पठन, वाचन, तर्क और चिंतन क्षमताओं को बेहतर ढंग से विकसित किया जा सके। उन्होंने चींटी का उदाहरण देते हुए कहा कि सतत प्रयास और समर्पण से ही सफलता मिलती है।

गजेंद्र ने कहा कि खेलों में अपार संभावनाएं हैं। खेलो इंडिया अभियान के तहत नई गतिविधियों को जोड़ा जा रहा है। मलखंभ जैसे खेल को राष्ट्रीय खेल में शामिल किया गया है, जो वर्तमान में नारायणपुर और सीआईएसएफ उतई में प्रचलित है, इसे और विस्तार दिया जाएगा। यादव ने कहा कि प्रदेश में एडवेंचर इंस्टीट्यूट की स्थापना की जाएगी, जिससे विद्यार्थियों में पढ़ाई के साथ-साथ शारीरिक दक्षता भी बढ़ेगी। सरकार शिक्षा की गुणवत्ता के साथ शारीरिक विकास पर भी विशेष जोर दे रही है। यह आयोजन जिला प्रशासन व शालेय शिक्षा विभाग दुर्ग द्वारा किया गया।

कार्यक्रम की अध्यक्षता कर रहे विधायक ललित चंद्राकर ने कहा कि खेल हमारे जीवन में महत्वपूर्ण स्थान रखता है। खेल में अनुशासन और खेल भावना होना जरूरी है। अतिथि के रूप में नपं पाटन अध्यक्ष योगेश निक्की भाले, जनपद अध्यक्ष कीर्ति नायक, उपाध्यक्ष कमलेश वर्मा, जिपं सदस्य नीलम चंद्राकर, मंडल अध्यक्ष कमलेश साहू, कमलेश चंद्राकर, ज्योति प्रकाश साहू, रानी बंछोर, हेमंत उपाध्याय सहायक संचालक स्कूल शिक्षा विभाग, डीईओ अरविंद मिश्रा, सरपंच संघ अध्यक्ष विनय चंद्राकर, अध्यक्ष हर्षा चंद्राकर, राजा पाठक, लालेश्वर साहू, खेमलाल साहू, लोकमनी चंद्राकर, बाबा वर्मा, निर्मल जैन मौजूद थे। कार्यक्रम का संचालन मोहित शर्मा ने किया।

श्री नारायण गुरु की 171 वीं जयंती पर विविध सांस्कृतिक कार्यक्रम

■ धर्म समाजम व विद्या भवन के तत्वावधान में हुआ आयोजन

भिलाई/नवप्रदेश। श्री नारायण गुरु धर्म समाजम और श्री नारायण गुरु विद्या भवन के तत्वावधान में गुरु की 171 वीं जयंती धूमधाम से मनाई गई। कार्यक्रम में सांस्कृतिक प्रस्तुतियों, पारंपरिक सामूहिक भोज की विशेष व्यवस्था की गई। कार्यक्रम में केरल से आए मुख्य अतिथि मुस्तफा मौलवी ने गुरु के जीवन दर्शन और उनके सामाजिक संदेश पर प्रकाश डाला। उन्होंने कहा कि श्री नारायण गुरु ने समाज को समानता और भाईचारे का मार्ग दिखाया, जो आज भी प्रासंगिक है। आयोजन में शाम को राजू फादर की उपस्थिति रही। वहीं अय्यप्पा सेवा संघ अध्यक्ष ईकेएस नायर भी मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए। उन्होंने कहा कि गुरु की शिक्षाएँ आने वाली पीढ़ियों के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। इस अवसर पर श्री नारायण गुरु धर्म समाजम महासचिव टीयू सुनील कुमार ने अतिथियों का स्वागत किया और संगठन की गतिविधियों की जानकारी दी। संचालन उड़ान पर्व के सहयोग से हुआ और इसे समाजजनों ने उत्सव की तरह मनाया। कार्यक्रम में विद्यालय के विद्यार्थियों और उनके परिवारों ने आकर्षक सांस्कृतिक प्रस्तुतियाँ दीं। विशेष रूप से बच्चों द्वारा प्रस्तुत नृत्य और गीतों ने सभी का मन मोह लिया।

तीज पर्व नारी शक्ति, आस्था और संस्कृति का जीवंत उदाहरण : विधायक अग्रवाल

■ छत्तीसगढ़ कौड़ियां कलार समाज महिला मंच द्वारा भव्य तीज मिलन समारोह का आयोजन

पिथौर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ कौड़ियां कलार समाज महिला मंच द्वारा आयोजित तीज मिलन समारोह में इस वर्ष पारंपरिक उल्लास और सांस्कृतिक गरिमा का अद्भुत संगम देखने को मिला। कार्यक्रम का आयोजन पिथौरा में किया गया, जिसमें क्षेत्र के लोकप्रिय विधायक डॉ. संपत अग्रवाल मुख्य अतिथि के रूप में शामिल हुए और कार्यक्रम की शुरुआत विधिवत पूजा अर्चना के साथ हुई।

समारोह में बड़ी संख्या में माताएं, बहनें और बेटियां में शामिल हुईं। लोकगीतों, नृत्य और तीज से जुड़ी विविध सांस्कृतिक प्रस्तुतियों ने माहौल को जीवंत बना दिया। वही बच्चियों ने पारंपरिक वेशभूषा में नृत्य किया ।

महिलाओं की मुस्कान और उमंग ने पूरे आयोजन को उल्लासमय बना दिया।

मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित होकर विधायक डॉ. संपत अग्रवाल ने सभी महिलाओं को तीज मिलन की हार्दिक शुभकामनाएं दीं। उन्होंने कहा कि संस्कृति, संस्कार और सहयोग के इस सुंदर संगम में बहनों की मुस्कान और उमंग देखकर मन प्रफुल्लित हो उठा। ऐसे आयोजनों से हमारी सांस्कृतिक धरोहर जीवित रहती है और युवा पीढ़ी को अपनी जड़ों से जुड़ने का अवसर मिलता है। विधायक ने कहा कि तीज पर्व नारी शक्ति, आस्था और संस्कृति का जीवंत उदाहरण है। ऐसे आयोजनों से समाज में समरसता और परंपराओं के प्रति सम्मान बढ़ता है। विधायक डॉ अग्रवाल ने कहा कि तीज जैसे पारंपरिक पर्वों के माध्यम से हम अपनी संस्कृति को अगली पीढ़ी तक पहुंचा सकते हैं। हम आज जो भी सिखाएंगे, वही हमारी संस्कृति को जीवित रखेगा। यदि हम इसे भूल गए, तो हमारी पहचान भी खो जाएगी।

तीज मिलन समारोह न केवल एक पर्व का उत्सव था, बल्कि यह समाज की महिलाओं को एकजुट करने और सांस्कृतिक मूल्यों को साझा करने का एक सशक्त मंच भी बना। कार्यक्रम में विभिन्न पारंपरिक खेल, गीत-संगीत, कुर्सी दौड़ और तीज क्वीन प्रतियोगिता जैसी गतिविधियों ने सभी को आकर्षित किया। तीज मिलन समारोह में विशिष्ट अतिथि के रूप में महामंडलेश्वर पुनीत सिंहा ,जिला पंचायत सदस्य राम दुलारी सिन्हा,मंडल अध्यक्ष आशीष शर्मा, जनपद अध्यक्ष प्रतिनिधि पुरुषोत्तम धृतलहरें, युवा मोर्चा प्रदेश कार्यसमिति सदस्य स्वप्निल तिवारी पूर्व मंडल अध्यक्ष नरेश सिंघल,सीताराम सिन्हा,प्रदेश मंडल अध्यक्ष प्रमिला सिन्हा,जनपद सदस्य सुमन सिन्हा,पूर्व अध्यक्ष प्रेम लाल सिन्हा,बुद्धेश्वर डडसेना,ब्लॉक उपाध्यक्ष एवं सरपंच प्रियंका सिन्हा,युवा मोर्चा अध्यक्ष विजय पटेल,किसान मोर्चा अध्यक्ष अजय डडसेना,युवा मोर्चा महामंत्री सौरभ अग्रवाल,पार्षद संतोष डडसेना, पितांबर लाल डडसेना, विधायक प्रतिनिधि दिलीप निषाद,ठाकुरदिया सरपंच मनोज सिन्हा,वार्ड 12 पार्षद रामकुंवर सिन्हा,पुष्पराज गजेंद्र, ललती डडसेना,महिला मंच अध्यक्ष मीना सिन्हा,दीपक देवी गजेंद्र,रमेश पटेल, उपाध्यक्ष आत्माराम डडसेना,मंच संचालन परमेश्वर सिन्हा मंचासीन रहे ।

गणेश विसर्जन एवं झाकी का आयोजन

कुरूद/नवप्रदेश। कुरूद नगर मे श्री गणेश विसर्जन झाँकी उत्सव 2025 का आयोजन बोल बम सेवा समिति द्वारा मुख्य स्वागत मंच नगर के हृदय स्थल पुराना बाजार चौक कुरूद में संपन्न हुआ। , नयनाभिराम झाकियां लगभग दो दर्जन के संख्या में आकर्षण का केंद्र रहा, इस अवसर पर कुरूद का केंद्र रही, जिसे देखने हजारों की संख्या में श्रद्धालु गण पहुंचकर दर्शन कर जय श्री गणेशा के जयकारे लगाए। गणेश समिति के आयोजको और नगर-क्षेत्र के श्रद्धालुओं को इस पुण्य अवसर के लिए बधाई दिये। गणपति भगवान - भोलेनाथ के आशीर्वाद से इस बार निर्विघ्न शांतिमय वातावरण में सौहार्द के साथ बप्पा का विसर्जन कार्यक्रम प्रशासन और समितियों के सदस्यों के सहयोग से संपन्न हुआ । इस अवसर पर मुख्य अतिथि के रूप में नगरपालिका के अध्यक्ष ज्योति चन्द्राकर, बोल बम सेवा समिति प्रमुख भानु चन्द्राकर, समिति के पदाधिकारियों सुभाष अग्रवाल, नंद आमदे, शरद पंडा, किशोर यादव, सुनील चन्द्राकर, भारत साहू, खुबलाल चन्द्राकर, प्रभात बैस , मूलचंद सिन्हा, खिल्लू देवांगन, कमल शर्मा, भारत भूषण पंचायन, पार्षदगण मिथिलेश बैस, रवि मानिकपुरी, सितेश सिन्हा, राजकुमारी ध्रुव, कविता चन्द्राकर, गणमान्य नागरिकों में बसंत सिन्हा, शेखर चन्द्राकर, रवि चुनमुन, भारत ठाकुर, बादल चन्द्राकर, अनुराधा साहु, सत्यम चन्द्राकर, केशव चन्द्राकर, राजकुमार, राधे चन्द्राकर, शुभम कुमार, हनी खत्री, मुकेश कश्यप, मनीष अग्रवाल, सहित बोल बम समिति के सैकड़ों सदस्यगण आयोजन को सफल बनाने में सम्मिलित हुए।

गणेश समितियों को हिदायत के बाद भी आगमन से लेकर विसर्जन तक बजे डीजे

धमतरी/नवप्रदेश। रायपुर के लाखेनगर में स्थापित भगवान गणेश जी की प्रतिमा को तनावपूर्ण स्थिति में समय से पहले ही विसर्जित करना पड़ा। क्योंकि वहां के एक धार्मिक संगठन को मूर्ति में ऐसी त्रुटि नजर आयी जो धर्म के खिलाफ था। संगठन का यह आरोप भी था की रात में फिल्मी गानों पर लोग नाच रहे थे। संगठन के विरोध के आगे समिति और प्रशासन को झुकना पड़ा। धार्मिक संगठन के इस विरोध की ज्यादातार लोग समर्थन कर रहे है। लोगों का मानना है कि देवी देवतावों के साथ किसी भी तरह का मज़ाक उचित नही।

धमतरी में भी गणेशोत्सव से पहले बैठक लेकर प्रशासन ने कई नियम कानून बनाये और समितियों को सख्त हिदायत दी । डी जे वालों को भी समझाया गया कि ज्यादा आवाज़ में डीजे नही बजायेंगे । साथ ही फिल्मी व फुहड़ गाने नही बजायेंगे। लेकिन स्वागत से लेकर विसर्जन तक नजारा बिल्कुल उल्टा रहा। फुहड़ और फिल्मी गाने भी बजे आवाज़ की भी कोई सीमा नही थी। सोमरस के नशे में मदहोश तथाकथित भक्त कूदते, उछलते, चीखते रहे। भक्ति भाव का तो नामोनिशान नज़र नही आया। डीजे धुमाल के साथ शहर के वार्डों की तंग गलियों से जब ये गुजरते तो दरवाजे

खिड़कियां खड़कने लगती। घरों मे रहने वाले इस बात से भयभीत हो जाते कि कहीं खिड़कियों के कांच न टूट जाय।

वहीं कुछ बुजुर्ग लोग डी जे की तेज आवाज़ से बचने दूर भागते नज़र आये। नन्हे बच्चों के कान में रुई डालने की बातें भी सामने आयी ताकि डी जे की आवाज से वे भयभीत न हो और कानों को नुकसान ना पहुंचे। गणेश विसर्जन के दौरान जो मनमानी दिखी उसे देखकर लगा पुलिस और प्रशासन नाम की कोई चीज नही है। पहले गणेश विसर्जन एक ही दिन होता था। लेकिन अब यह सिलसिला तीन चार दिनों तक चलता है । लोग इसका कारण बताते हैं कि तथाकथित भक्त बिना डी जे के ले जाना नही चाहते और डीजे कहीं और बुक रहता है । इन भक्तों की समस्या चाहे जो भी हो पर कई लोग पितृ पक्ष शुरु होने के बाद गणेश विसर्जन को शास्त्र संगत नही मानते । इतना ही नही इस बार तो चन्द्रग्रहण भी था जिसका असर झांकी विसर्जन पर पड़ा।

कुछ गणेश प्रतिमाओं के चेहरे कपडे से ढके नज़र आये। गणेशोत्सव के दौरान बरती जाने वाली लापरवाहियों को लेकर यह पीड़ा उन भक्तों की है जो आगमन से लेकर विसर्जन तक गणेश स्थल पर इसलिए नही जाते क्योंकि गणेश जी का किसी भी तरह का अपमान वे बर्दाश्त नही कर पाते और उन्हे बेवजह विवाद में उलझने का भय रहता है , वे अपनी भक्ति मन के अंदर तक ही रखते है। इन भक्तों ने शहर के तमाम कथित धार्मिक संगठनो से सवाल किया है कि आखिर वे इस तरह की धर्मविरोधी गतिविधियों का विरोध क्यों नही करते जैसा रायपुर मे हुआ। वहीं प्रशासन से सवाल किया है कि क्यों सारे नियम कानून सिर्फ कागजों तक सीमित रहते हैं। क्यों उस पर पूरी तरह से अमल नही किया जाता। दिखावे के लिए कुछ फोटो खींच लिए वीडियो बना लिए , हो गई कार्यवाही? शहर में यह स्थिति अभी की नही है बल्कि काफ़ी पुरानी है।

बल्कि समय के साथ कथित भक्तों की असभ्यता बढ़ती जा रही है । अब तो दुर्गोत्सव के समय भी ऐसा नजारा दिखने लग गया है जो पहले नही था। लोगों की स्पष्ट मांग है कि सामने नवदुर्गोत्सव है प्रशासन ने जिस सख्ती के साथ धार्मिक जुलुसों में हथियारों के प्रदर्शन पर रोक लगाई है। ठीक उसी तरह धार्मिक आयोजनों में फिल्मी व फुहड़ गाने बजाने पर रोक लगाएं साथ ही डी जे संचालकों को जिन शर्तों के साथ डीजे बजाने की अनुमती दी जाती है उस पर अमल करवाएं ,खासकर ऐसे डी जे, धुमाल जो अन्य शहरों से मंगाये जाते हैं । विसर्जन व झंकियों के लिए जो समय सीमा निर्धारित की जाती है उसका पालन होना चाहिए।

जिला प्रशासन की अवैध रेत परिवहन पर बड़ी कार्रवाई

धमतरी/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध कड़ा रुख अपनाया गया है। कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में राजस्व विभाग, पुलिस और खनिज विभाग की संयुक्त टीमों ने 6-7 की दरम्यानी रात में जिले में अवैध रेत परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई कर अवैध गतिविधियों पर नकेल कसी है। यह कार्रवाई जिले के दोनर और सेलदीप में की गई है, और आगे भी निरंतर जारी रहेगी। खनिज अधिकारी एच.डी भारद्वाज ने जानकारी देते हुए बताया कि खनिज एवं खान विकास अधिनियम के अंतर्गत अवैध रेत परिवहन पर 8 हाईवा अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जब्त किए गए हैं। उक्त हाईवा कंपोसीट बिल्डिंग धमतरी में अभिरक्षा में रखा गया है । कलेक्टर अबिनाश मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अवैध खनन, रेत के अवैध भंडारण और परिवहन जैसे कार्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में खनिज संसाधनों की सुरक्षा एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने हेतु लगातार निगरानी की जा रही है तथा इस प्रकार की कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी। उन्होंने आमजन से भी अपील की है कि किसी भी प्रकार की अवैध खनन गतिविधि की सूचना तत्काल प्रशासन को दें, ताकि त्वरित कार्रवाई की जा सके। इस प्रकार की सख्त कार्यवाही जिले में कानून व्यवस्था बनाए रखने के साथ ही खनिज संपदाओं के संरक्षण में अहम भूमिका निभा रही है।

इंश्योरेंस में जीएसटी खत्म करने का निर्णय अच्छा : साहू

भाटापारा/नवप्रदेश। केंद्र सरकार के द्वारा लाइफ इंश्योरेंस और हेल्थ इंश्योरेंस पर वस्तु एवं सेवा कर (जीएसटी) पूरी तरह समाप्त करने का निर्णय स्वागतयोग्य है अब पॉलिसी धारकों को प्रीमियम पर कोई अतिरिक्त टैक्स नहीं देना होगा। जीवन बीमा भर्ती अधिकारी रोहित साहु ने उक्त जानकारी देते हुए अपने निवेशकों की ओर से प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के प्रति आभार और धन्यवाद ज्ञापित किया है। क्षेत्र में लंबे समय से बीमा सलाहकार के रूप में पहचान बना चुके बीमा भर्ती अधिकारी रोहित साहु ने बताया कि केंद्र सरकार के उक्त निर्णय से अब पुनः इंश्योरेंस सेक्टर को नई ऊर्जा मिलेगी और अब इससे ग्राहकों का भरोसा भी बढ़ने लगेगा।श्री साहु ने बताया की भारत में जीएसटी 1 जुलाई 2017 से लागू हुआ था, उसी समय से इंश्योरेंस प्रीमियम पर 1.8% से लेकर 18% तक जीएसटी लगता था। टर्म इंश्योरेंस पर 18%, हेल्थ इंश्योरेंस पर 18%, एंडोमेंट मनीबैंक सेविंग्स प्लान (पहले वर्ष) 4.5%, एंडोमेंट मनीबैंक (नवीकरण प्रीमियम) 2.25%, एन्यूटी पेंशन प्रोडक्ट्स 1.8% जीएसटी लगता था जो अब समाप्त कर दिया गया है। इस छूट का फायदा पुरानी ओर नई सभी तरह की पॉलिसियों को मिलेगा। एल आई सी भर्ती अधिकारी रोहित साहु ने आगे बताया कि जीएसटी से पहले इंश्योरेंस पर सर्विस टैक्स 15% लागू था। जिसका असर खासकर टर्म और हेल्थ इंश्योरेंस पर अधिक पड़ता था। अब ग्राहक सिर्फ प्रीमियम की असली रकम भरेंगे, उस पर कोई टैक्स नहीं लगेगा और 2047 तक हर इंसान का बीमा संकल्प जो सरकार ने लिया है उसको पूरा करने में यह निर्णय कारगर साबित होगा।वही इस निर्णय से लाखों परिवारों को भी हजारों-लाखों रुपयों की बचत होगी। रोहित साहु ने केंद्र सरकार के उक्त निर्णय पर अपनी खुशी जाहिर करते अपने निवेशकों की ओर से प्रधानमंत्री के प्रति कृतज्ञता जाहिर करते हुए उक्त निर्णय का स्वागत किया है।

जीएसटी दरों में कमी स्वस्थ भारत अभियान के लिए ऐतिहासिक कदम

■ प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जनता को दिया सीधा लाभ

डोंगरगांव/नवप्रदेश। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के नेतृत्व में केंद्र सरकार ने स्वास्थ्य सेवाओं को और अधिक सुलभ एवं किफायती बनाने की दिशा में ऐतिहासिक निर्णय लिया है। जीवनरक्षक औषधियों, कैंसर और गंभीर बीमारियों के इलाज में उपयोगी दवाओं, वरिष्ठ नागरिकों के लिए स्वास्थ्य बीमा योजनाओं

तथा आवश्यक चिकित्सा उपकरणों पर जीएसटी दरों में कमी की घोषणा की गई है।

अब जीवनरक्षक औषधियों पर जीएसटी केवल 5त्न होगा,व्यक्तिगत स्वास्थ्य एवं जीवन बीमा पॉलिसियों (टर्म लाइफ, यूलिप, एंडोमेंट, फ्लोटर) पर भी राहत दी गई है।

चिकित्सा उपकरणों जैसे ग्लूकोमीटर, टेस्ट स्ट्रिप्स, मेडिकल ऑक्सीजन, डायग्नोस्टिक किट, चश्मा आदि पर जीएसटी घटाकर 5त्न कर दिया गया है। इससे आमजन को सीधी आर्थिक राहत मिलेगी और स्वास्थ्य सेवाएं अधिक सुलभ होंगी। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने कहा है कि - अच्छा स्वास्थ्य एक समृद्ध समाज की नींव है। सरकार जनता के कल्याण और स्वस्थ भारत के निर्माण के लिए निरंतर निवेश करती रहेगी।

इस अवसर पर रामकुमार गुप्ता, पूर्व मंडल अध्यक्ष ने कहा कि मोदी सरकार का यह निर्णय गरीबों, मध्यम वर्ग और विशेषकर वरिष्ठ नागरिकों के लिए बड़ी राहत है। जीएसटी दरों में कमी से स्वास्थ्य सेवाएं सुलभ होंगी और आमजन को सीधा लाभ मिलेगा। प्रधानमंत्री के इस ऐतिहासिक कदम के लिए आभारी हैं।

दुर्गा झांकी महोत्सव की भव्य तैयारी में जुटी आयोजन समिति

धमतरी/नवप्रदेश। नगर के प्रथम नागरिक महापौर रामू रोहरा जी के मुख्य आतिथ्य के साथ उनके मार्गदर्शन में दुर्गा झांकी महोत्सव की भव्य तैयारी में जुटी आयोजन समिति। माँ दुर्गा विसर्जन झांकी महोत्सव आयोजन समिति ने अनुविभागीय अधिकारी से की मुलाकात।

माँ दुर्गा विसर्जन झांकी आयोजन समिति के पदाधिकारियों ने अनुविभागीय अधिकारी से सौजन्य भेंट की। इस अवसर पर आगामी नवरात्रि में माँ दुर्गा विसर्जन झांकी आयोजन को लेकर विस्तृत चर्चा की गई। समिति सदस्यों ने विसर्जन यात्रा की रूपरेखा, सुरक्षा व्यवस्था, ट्रैफिक प्रबंधन तथा प्रशासनिक सहयोग से संबंधित सुझाव एवं अपेक्षाएँ साझा कीं।

समिति के सदस्यों ने बताया कि इस वर्ष झांकी महोत्सव का आयोजन बहुत ही भव्यता के साथ किया जाएगा, विसर्जन झांकी उत्सव नगर के हृदय स्थल नगर घड़ी चौक (शास्त्री चौक) से प्रारंभ होकर नगर की आराध्या देवी बिलाई माता के मंदिर के समक्ष सम्पन्न होगा । इस आयोजन में झांकी सजावट में आकर्षक पुरस्कार दिए जाएंगे ।

सिवनीखुर्द स्कूल में शिक्षक दिवस मनाया

उतई/नवप्रदेश। शाला प्रबंधन समिति सिवनी खुर्द एवं शाला परिवार की ओर से संकुल स्तरीय शिक्षक दिवस समारोह हर्षोल्लास के साथ मनाया गया ।इस समारोह में स्कूल की सभी छात्रों का विशेष योगदान रहा,छात्रों ने भव्य रंगारंग सास्कृतिक कार्यक्रम की प्रस्तुति दी।।समारोह में सेवानिवृत प्राचार्य एफ एस . मेरावी ,पूर्व पूर्व मंडल अध्यक्ष कपूर चंद पवार ,वन मंडल रेंगाखार कला के प्रशिक्षुक सुश्री दीक्षा वर्मा जी व श्री प्रवीण कुमार जी, राज्य शिक्षा समिति के स्थाई सदस्य श्री नरेंद्र सिंह राजपूत, समाज सेवी मानक अलकरे एवं शिक्षक प्रकाश कुमार ठाकुर के आतिथ्य में प्रारंभ हुआ। कार्यक्रम का प्रारंभ मां सरस्वती के तेलचित्र पर पूजा वंदन से प्रारंभ हुआ। उसके बाद अतिथियों का स्वागत। स्वागत उद्बोधन संकुल समन्वयक व प्रधान पाठक श्री एम.

एल.मरकाम के द्वारा किया गया। गुरु महिमा पर शाला की ओर से शिक्षक श्री मनीष कुमार साहू जी ने शिक्षक दिवस मनाया जाने संबंधी बातें बताई जिसमें द्वितीय राष्ट्रपति डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्णन जी जो एक दार्शनिक, वैज्ञानिक और आदर्श शिक्षक थे जिसने यह दिन शिक्षकों के नाम समर्पित किया तब से शिक्षक दिवस की परंपरा चलती आ रही है।

कसाहीबाहरा स्कूल में न्योता भोज का आयोजन

पिथौरा/नवप्रदेश। स्कूल शिक्षा विभाग छत्तीसगढ़ शासन द्वारा राज्य के स्कूलों में प्रधानमंत्री पोषण शक्ति योजना के तहत विद्यार्थियों को दिए जाने वाले गर्म भोजन को सामुदायिक भागीदारी की बदौलत और अधिक पोषक बनाने की अभिनव पहल के तहत सामुदायिक सहभागिता के अंतर्गत शासकीय प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में साहू समाज कौड़िया परिक्षेत्र के युवा प्रकोष्ठ अध्यक्ष तथा भाजपा युवा प्रकोष्ठ ग्रामीण मीडिया प्रभारी विजय शंकर साहू द्वारा अपने पिता स्व.श्री

समारू के पितृ मोक्ष (पितृ मिलन) के अवसर पर न्योता भोज का आयोजन किया गया तथा अपने परिजनों के साथ विद्यालय आकर स्कूली बच्चों को खाना खिलाने में विशेष हाथ बटाया। न्योता भोज में दिए गए भोज्य पदार्थों में खीर,पूड़ी, सब्जी , दाल,चावल , अचार, पापड़ , सलाद आदि लज्जतदार चीजें शामिल थी। इस अवसर पर प्राथमिक व उच्च प्राथमिक शाला के बच्चों के अलावा शिक्षकगण शामिल थे जिसमें हेमंत खुटे, हितेश पटेल,तबस्सुम शेख, दिलीप पटेल व संतोष साहू प्रमुख है।

पखवाड़ा | नेत्रदान दान पखवाड़ा के तहत विद्यालय में परिचर्चा का आयोजन

मरने के बाद भी दुनिया देखनी है तो नेत्रदान करें : हेमन्त

पिथौरा/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ राज्य स्थापना रजत महोत्सव वर्ष के परिपेक्ष्य में नेत्रदान महादान पखवाड़ा 25 अगस्त से 8 सितम्बर के अन्तर्गत पिथौरा नगर के सामाजिक कार्यकर्ता बीजू पटनायक द्वारा लिखित परिशिष्ट (पुस्तिका) नेत्रदान सबसे बड़ा दान का पठन एवं परिचर्चा का आयोजन शासकीय उच्च प्राथमिक शाला कसहीबाहरा में किया गया।

संस्था प्रमुख हेमन्त खुटे ने बच्चों के साथ परिचर्चा के

दरमियान कहा कि एक आदमी के नेत्रदान से दो दृष्टिहीन व्यक्ति लाभान्वित होते है। नेत्रदान की सबसे बड़ी खासियत है कि हमारी आंखे मरने के बाद भी दुनिया देख सकती है। इसलिए सभी को नेत्रदान हेतु पहल करना चाहिए। हेमंत ने आगे कहा कि नेत्रदान जैसे पुनीत कार्य में हमारे पिथौरा ब्लाक की एक विशिष्ट पहचान है। महासमुंद जिले में अब तक 12 व्यक्तियो द्वारा मरणोपरांत नेत्रदान किया गया है जिसमें पिथौरा क्षेत्र से चार नेत्रदाताओं का नाम शामिल है। संस्था की विज्ञान शिक्षिका तबस्सुम शेख ने कहा कि मृत्यु के बाद ये आंखे किसी जरूरतमंद लोगों को नई दृष्टि दे सकती है। जरा से प्रयास से हम उनके अंधेरे जीवन में खुशियां ला सकते है। उन्होंने लोगों को नेत्रदान महादान पखवाड़ा अभियान में शामिल होकर अपना पुनीत योगदान देकर मानवता के लिए कार्य करने हेतु अपील की।

शिक्षक दिलीप कुमार पटेल ने बच्चों को परिचर्चा के द्वारा नेत्रदान के लिए जरूती बाते बताई और बच्चों को परिशिष्ट का पठन कर नेत्रदान हेतु जागरूक किया ।

अनिरुध्द साहू का निधन

धमतरी/नवप्रदेश। सोरीद नगर निवासी शिक्षक अनिरुद्ध सिंह साहू 71 वर्ष का निधन 8 सितंबर दिन रविवार को हो गया वह पूर्व में रत्नाबांधा स्कूल के प्रधान पाठक थे वह विजय साहू के और पदमुन साहू के पिता थे उनके अंतिम संस्कार शांति घाट सोरीद में किया गया जिसमें बड़ी संख्या में परिवार वाले और ग्राम वाले शामिल थे।

गैर हाजिर रहें शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी

महासमुंद/नवप्रदेश। स्कूलों देर से पहुंचने वाले एवं बिना कारण या पूर्व स्वीकृति के स्कूल से गायब रहने वाले शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया है। जिसमें शासकीय प्राथमिक शाला भुरका के प्रधान पाठक धनुर्जय पटेल द्वारा संस्था में देर से आने एवं समय के पहले चले जाने संबंधी शिकायत मिलने पर विकासखंड शिक्षा अधिकारी द्वारा स्पष्टीकरण मांगा गया है। उक्त संबंध में पूर्व में भी स्पष्टीकरण जारी किया गया था। किंतु उनके द्वारा लगातार इस प्रकार का कृत्य किया जा रहा है जो कि कार्य के प्रति लापरवाही, अनुशासनहीनता एवं स्वेच्छाचारिता को प्रदर्शित करता है। तत्संबंध में उन्हें स्पष्टीकरण विकासखण्ड शिक्षा अधिकारी के समक्ष 03 कार्यालयीन दिवसों में स्वयं उपस्थित होकर प्रस्तुत करने कहा गया है। स्पष्टीकरण संतोषजनक न पाए जाने पर अनुशासनात्मक कार्यवाही हेतु उच्च कार्यालय को पत्र प्रेषित किया जावेगा। इसी तरह जिला मिशन समन्वयक और सहायक संचालक द्वारा शासकीय उच्चतर माध्यमिक विद्यालय बावनकेरा का आकस्मिक निरीक्षण किया गया एवं अनुपस्थित शिक्षकों को कारण बताओं नोटिस जारी किया गया।

शिक्षा विभाग में वरिष्ठता घोटाला: डीईओ पर भ्रष्टाचारों को बचाने का आरोप

पिथौरा/नवप्रदेश। शिक्षा विभाग में वर्ष 2022 से चला आ रहा वरिष्ठता घोटाला एक बार फिर सुर्खियों मे है। फर्जी दस्तावेजों और अधिकारियों से कथित सेटिंग के जरिए सहायक शिक्षकों को प्रधान पाठक बनाने का खेल न केवल योग्य शिक्षकों के हक छिना बल्कि पूरे शिक्षा तंत्र की साख को तार-तार किया है। इस घोटाले के केंद्र में पिथौरा विकासखंड के ग्राम खैरखुटा में पदस्थ शिक्षक दिनेश समेत अन्य 17 शिक्षक जिनपर फर्जीवाड़ा कर वरीयता लाभ लेने का आरोप है जिन्होंने कूटरचित दस्तावेजों से पदोन्नति हासिल की। लेकिन सबसे चौंकाने वाली बात यह है कि जांच रिपोर्ट आने और पदोन्नति निरस्त होने के बावजूद, जिला शिक्षा अधिकारी (डीईओ) विजय लहरे द्वारा ठोस कार्रवाई नहीं की जा रही है। इससे डीईओ खुद संदेह के घेरे में आ गए हैं ग्रामीणों का आरोप है वे भ्रष्ट तत्वों को संरक्षण दे रहे हैं,

डीईओ पर गहराए सवाल

प्रारंभ में डीईओ विजय लहरे ने बयान दिया था कि जालसाजी करने वालों को बख्शा नहीं जाएगा, मगर वास्तविकता यह है कि उन्होंने केवल औपचारिकता निभाई और शेष दोषियों पर कार्रवाई रोक दी। उनकी इस कार्यप्रणाली से संदेह और गहरा हो गया है कि वे जानबूझकर आरोपियों को बचा रहे हैं। ग्रामीणों और शिक्षक समुदाय का कहना है कि यह राष्ट्रहित का मामला है—जब अधिकारियों ने ही दोषियों का बचाव करना शुरू कर दिया है।

फर्जी दस्तावेजों से बने प्रधान पाठक

दिनेश प्रधान मूल रूप से बसना विकासखंड के शासकीय प्राथमिक शाला पितईपाली में शिक्षाकर्मी वर्ग-3 थे। 31 अगस्त 2010 को उन्होंने स्वयं के व्यय पर पिथौरा के ग्राम खैरखुटा में स्थानांतरण कराया। नियम के अनुसार, स्वयं के व्यय पर स्थानांतरण से वरिष्ठता समाप्त हो जाती है। लेकिन उन्होंने आदेश में छेड़छाड़ कर इसे प्रशासनिक आधार पर दर्शाया और फर्जी दस्तावेज तैयार किए। इसी के आधार पर 2022 में वे वरिष्ठता सूची में शामिल हुए और प्रधान पाठक बन गए। उच्च न्यायालय से मिले दस्तावेज़ों और जांच रिपोर्ट में साफहो गया है कि उनका स्थानांतरण स्वयं व्यय पर था और दस्तावेजों में कूट रचना की गई थी। बावजूद इसके, पदोन्नति में मिली वेतन-सुविधाओं से शासन को लाखों का नुकसान हुआ। यह मामला केवल दिनेश प्रधान तक सीमित नहीं है, बल्कि कुल 18 शिक्षकों की संलिप्तता जांच में पाई गई है। जिसे मिडिया मे आने के बाद पदानवत किया गया।

2 ही पदावनत, 16 अब भी बचाव में

वरिष्ठता सूची में हेरफेर करने वाले 18 शिक्षकों—ज्योति दीवान, जयलाल भोई, नारायण सिदार, गौरी नायक, ईश्वरलाल दीवान, सतीश ध्रुबेल, चन्द्रप्रकाश नायक, अभिमन्यू सिंन्हा, दिनेश प्रधान, देवनाथ पटेल, गजेन्द्र कुमार पुटान, ज्योति मेश्राम, उपेन्द्र साह, विमला नायक, निर्मल कुमार पुरोहित, कृष्णा पटेल, दुलारी चन्द्राकर और नसीमा करैशी—के खिलाफजांच रिपोर्ट के बाद कार्रवाई की बात कही गई थी। जिसमें केवल दो शिक्षकों दिनेश कुमार प्रधान एवं ज्योति दीवान को पदानवत कर मामले को ठन्डे बस्ते मे डाल दिया गया संभागीय संयुक्त संचालक के हस्तक्षेप के बाद डीईओ विजय लहरे ने केवल 2 शिक्षकों को पदावनत किया और शेष 16 के खिलाफसिर्फकारण बताओ नोटिस जारी किया। दो वर्ष बीत जाने के बावजूद 16 शिक्षकों पर आगे कोई कार्रवाई नहीं हुई है। न तो एफआईआर दर्ज हुई, न ही अनुशासनात्मक दंड या शासन को नुकसान की वसूली प्रक्रिया शुरू की गई।

वृंदावन विद्यालय में उल्लास से मनाया गया ओणम पर्व

महासमुंद/नवप्रदेश। वृंदावन विद्यालय में हर वर्ष की भांति इस वर्ष भी ओणम हर्षोल्लास से मनाया गया। इस अवसर पर संचालक एमआर विश्वनाथन, संचालिका सुजाता विश्वनाथन, उप प्राचार्य इंदु मिश्रा, शिक्षकों व विद्यार्थियों ने फूलों से बनी आकर्षक रंगोली में भगवान महाबलि मूर्ति स्वरूप रखकर पूजा-अर्चना की। संचालिका सुजाता विश्वनाथन ने महाप्रभु भगवान वामन देव व भगवान महाबलि के कथा प्रसंग पर विस्तृत चर्चा की। इस मौके पर उर्मिला अग्नहोत्री, अमृता चंद्राकर, वर्षा चंद्राकर, रेखा साहू, भूमिका वर्मा, जागृति साहू, संध्या सोना, शुभ्रा अग्रवाल, सुषमा साहू, प्रवीण साहू, होमेश साहू, रिंकी कुर्रे, चंदना सोनी, दीपशिखा गायकवाड़, स्वाति ठाकुर, मीनाक्षी पांडे, अंशु यादव, मनीषा बावनकर, हेमलता वर्मा, संगीता साहू, आरती गुप्ता, हीना खान, अमन वर्मा, तुषार निर्वाण, दीपक पटेल समेत विद्यार्थी उपस्थित थे।

जनपद सदस्य ने ग्राम कांपा को दिया टैंकर

महासमुंद/नवप्रदेश। ग्राम पंचायत कांपा में जनपद

सदस्या श्रीमती सुधा योगेश्वर चंद्राकर की निधि से पानी टैंकर क्षेत्र की जनता के नाम समर्पित किया गया। इस मौके पर जनपद सदस्य ने कहा कि निश्चित रूप से टैंकर मिल जाने से ग्राम वासियों को सुःख, दुःख के समय, रामायण-भागवत, शादी विवाह, एवं अन्य निजी एवं सार्वजनिक आयोजनों के अलावा गर्मी के दिनों में समस्त वार्डों में पेयजल आपूर्ति करने में सुविधा होगी। कई बार गांव में बिजली चली जाती है इस टैंकर के माध्यम से अन्य स्थानों से पानी लाया जा सकता है। जिससे ग्रामीणों को बड़ी राहत मिलेगी। इस अवसर पर ग्राम पंचायत काँपा के सरपंच विकास चंद्राकर ने जनपद सदस्य सुधा चंद्राकर का आभार जताया। इस अवसर पर उप सरपंच टकेश्वर, सचिव त्रहू चंद्राकर ,पंच टेमन, लखन खंडेलवाल, टकेश्वर उपसरपंच एवं अन्य पंचगण उपस्थित रहे।

आत्मानंद विद्यालय में संगीत शिक्षक के लिए आवेदन आमंत्रित

भाटापारा/नवप्रदेश। पी. एम. श्री स्वामी आत्मानंद शासकीय उत्कृष्ट अंग्रेजी माध्यम विद्यालय शिवलाल मेहता भाटापारा में सत्र 2025-26 हेतु अंशकालीन संगीत शिक्षक के एक पद के लिए सेवाएं ली जानी है जिसके लिए न्यूनतम योग्यता संगीत शिक्षा में स्नातक डिग्री होना अनिवार्य है । विद्यालय के प्राचार्य केशव देवांगन ने बताया कि इस पद के लिए इच्छुक उमीदवार आवेदन पत्र समस्त प्रमाण पत्रों सहित दिनाँक 13/09/25 तक विद्यालय में जमा कर सकते है। उम्मीदवार का चयन मेरिट आधार पर होगा जिसका निर्णय जिला स्तर पर जिला समिति के अनुसार होगा। अधिकृत जानकारी हेतु रावणभाटा स्थित विद्यालय से सम्पर्क किया जा सकता है।

अतुल मिश्रा का निधन

भाटापारा/नवप्रदेश। स्थानीय सिविल लाइन निवासी

तथा गांधी मंदिर वार्ड के पार्षद एवं सभापति मनीष मिश्रा के छोटे भाई अतुल मिश्रा का सोमवार की सुबह आकस्मिक निधन हो गया।उनकी उम्र लगभग 51 वर्ष थी।उनका अंतिम संस्कार हिंदू श्मशान घाट रामसागर पारा में शाम 04 बजे किया गया,जिसमें काफी संख्या में लोग शामिल हुए।

लाइव आर्केस्ट्रा और मेलोडी ग्रुप ने बांधा समां

गणपति विसर्जन पर उमड़ा उत्सव का सैलाब

पार्षद छगन यादव बोले, त्योहार का असली आनंद परिवार संग

गरियाबंद/नवप्रदेश। वार्ड क्रमांक-06 में विराजमान गणपति बप्पा की पारिवारिक विदाई सोमवार को बड़े ही धूमधाम और हर्षोल्लास के साथ संपन्न हुई। पूरे वार्ड ने मिलकर बप्पा को विदा किया। विदाई जुलूस में छोटे-बड़े, महिलाएं-बच्चे, युवा-बुजुर्ग सभी शामिल हुए। सड़कों पर गणपति बप्पा मोरया, अगले बरस तू जल्दी आ के जयकारे गूंजते रहे। नम आंखों से बप्पा को विदा करते समय श्रद्धा और भक्ति का अनूठा संगम देखने को मिला।

जुलूस में सैकड़ों की भीड़ उमड़ी। झांकी आकर्षण का केंद्र रही। उड़ीसा से आए मेलोडी ग्रुप और लाइव आर्केस्ट्रा ने माहौल को भक्तिमय और संगीतमय बना दिया। ढोल-नगाड़ों की थाप पर युवा नाचते झूमते रहे, वहीं महिलाओं ने मंगल गीतों के जरिए बप्पा को विदाई दी। पूरा मोहल्ला एक परिवार की तरह दिख रहा था।

वार्ड पार्षद छगन यादव ने कहा कि वार्ड-06 की खासियत ही यही है कि यहां हर त्योहार पूरे परिवार और भाईचारे के साथ मनाया जाता है। उन्होंने बताया—हमारे वार्ड में यह परंपरा रही है कि किसी भी पर्व को अकेले नहीं मनाया जाता। चाहे गणेशोत्सव हो, होली-दीपावली हो —हर आयोजन पूरे मोहल्ले की सहभागिता से ही होता है। यही एकता हमारी सबसे बड़ी ताकत है। परिवार और समाज का साथ हमें मजबूती देता है और यही संस्कार हमारी

आने वाली पीढ़ियों को भी मिलते हैं। न्होंने आगे कहा कि त्योहार केवल धार्मिक अनुष्ठान नहीं, बल्कि सामाजिक समरसता और भाईचारे का संदेश देने का अवसर भी होते हैं। वार्ड के हर सदस्य को यह एहसास है कि हम सब एक परिवार हैं। यही वजह है कि यहां के हर पर्व में अमीर-गरीब, छोटे-बड़े सभी बराबर भागीदार बनते हैं। स्थानीय लोगों का कहना है कि हर साल गणेशोत्सव वार्ड-06 में एक पारिवारिक पर्व की तरह मनाया जाता है। इस बार भी बप्पा की विदाई ने सबको भावुक कर दिया, लेकिन साथ ही यह संकल्प भी लिया गया कि अगले बरस और अधिक धूमधाम और श्रद्धा के साथ बप्पा का स्वागत किया जाएगा।

भंडारे का आयोजन

कार्यक्रम के पश्चात पारंपरिक भंडारे का आयोजन किया जाता है । इसमें पूरे मोहल्ले ने एक साथ बैठकर प्रसादी ग्रहण की। पार्षद यादव ने कहा– साथ बैठकर भोजन करना सिर्फपरंपरा नहीं बल्कि आपसी मेल-जोल और रिश्तों को मजबूत करने का माध्यम है। यही हमारी वार्ड की सबसे बड़ी पहचान है।

नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर में शिक्षक दिवस मनाया

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। शिक्षक दिवस के दिन छुट्टी होने के कारण शाला में 6 सितंबर को शिक्षक दिवस का आयोजन किया गया। सर्वपल्ली डॉ राधाकृष्णन के चित्र के सम्मुख दीप प्रज्वलन पूजन अर्चन बाल कैबिनेट के विद्यार्थी विक्रम जाटव, हर्ष बया, सुमन निषाद, जयंत साहू, श्रवण ध्रुव, विद्यांचल मल्होत्रा, ट्विशा, कुमकुम देवांगन ने गुलाल लगाकर शिक्षकों का पेन, श्रीफल भेंट कर अभिनंदन किया।

शिक्षक दिवस के अवसर पर छत्तीसगढ़ राजभवन रायपुर में गोपाल यादव प्रधानपाठक को राज्य शिक्षक राज्यपाल पुरस्कार प्राप्त करके शासकीय नवीन प्राथमिक शाला दीनदयाल नगर नवापारा पहुंचने पर शालेय विद्यार्थियों एवं शिक्षकों द्वारा स्कूल प्रवेश द्वार पर उनका तिलक वंदन कर पुष्प वर्षा के साथ भव्य स्वागत किया।

इस अवसर पर गोपाल यादव ने सैमसंग कंपनी की एक फोटोकॉपी मशीन शाला को भेट किया। शिक्षक दिवस के अवसर पर कक्षा संचालन विद्यार्थियों द्वारा शिक्षक की भूमिका के साथ किया गया। हर्ष बया कक्षा पांचवी, देविका साहू चौथी, यामिनी यादव पांचवी ने शिक्षको के सम्मान में कविता प्रस्तुत किया। शिक्षक बेनीराम साहू ने कहा कि डॉक्टर सर्वपल्ली राधाकृष्ण अपने कार्य कुशलता से राष्ट्रपति बने और शिक्षक दिवस के रूप में देश के शिक्षकों का मान बढ़ाया। शिक्षिका त्रिपदा बॉसवार ने कहा कि शिक्षक न केवल बच्चों को किताबी ज्ञान देते है बल्कि उन्हें एक अच्छा इंसान बनाते है और जीवन जीने की कला सिखाते हैं। शिक्षिका योगिता साहू ने संस्था प्रमुख गोपाल यादव को राज्यपाल पुरस्कार के लिए बधाई देते हुए कहा हमारे नगर एवं शाला के लिए बहुत गर्व की बात है।

जीएसटी सुधारों से व्यापार आसान, किसानों और मध्यमवर्ग को मिलेगा आर्थिक लाभ : अंजु

डोंगरगांव/नवप्रदेश। नगर पंचायत अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी (भारतीय जनता पार्टी) ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी और वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण द्वारा हाल ही में घोषित जीएसटी सुधारों का स्वागत करते हुए कहा कि यह फैसला आम परिवारों, छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए सीधी राहत लेकर आया है।

प्रधानमंत्री मोदी ने जीएसटी सुधारों को आज़ादी के बाद का सबसे बड़ा आर्थिक कदम बताते हुए कहा है कि इससे कर प्रणाली सरल बनेगी और जनता को डबल फायदा मिलेगा। वित्त मंत्री निर्मला सीतारमण ने इसे हर परिवार तक पहुंचने वाला सुधार करार दिया और कहा कि अब जीएसटी का ढांचा ज्यादा पारदर्शी और व्यावहारिक हो गया है।

जीएसटी सुधारों की मुख्य बातें

नए सुधारों के तहत जीएसटी ढांचे को सरल बनाते हुए अब केवल दो प्रमुख दरें – 5% और 18% लागू की जाएंगी। इससे व्यापारियों और उपभोक्ताओं दोनों को सुविधा होगी।

घरेलू उपयोग की वस्तुएं जैसे साबुन, टूथपेस्ट, पनीर, पैक्ड फूड आदि पर अब कम कर लगेगा।

इलेक्ट्रॉनिक सामान जैसे टीवी, एसी और डिशवॉशर पर कर घटाकर 18त्न कर दिया गया है, जिससे इनकी कीमतों में सीधी कमी आएगी। कृषि उपकरण, छोटे वाहन और भवन निर्माण सामग्री पर भी

कर दरें कम की गई हैं, जिससे किसानों और मझोले परिवारों का बोझ घटेगा।

ये सुधार 22 सितंबर 2025 से लागू होंगे, यानी नवरात्रि और त्योहारों से पहले ही आम जनता को इसका फायदा मिलेगा।

नगर पंचायत अध्यक्ष अंजु त्रिपाठी ने कहा मोदी सरकार के इस निर्णय से डोंगरगांव और आसपास के कस्बों के लोगों को सीधी राहत मिलेगी। महंगाई पर अंकुश लगेगा और मध्यमवर्गीय परिवार त्योहारों में बेहतर बजट के साथ ज़रूरी सामान खरीद पाएंगे। यह सुधार छोटे व्यापारियों और किसानों के लिए भी लाभकारी है, क्योंकि कर ढांचे की सरलता से व्यापार करना आसान होगा।

उन्होंने आगे कहा कि यह कदम प्रधानमंत्री मोदी के सबका साथ, सबका विकास के विज़न को और मज़बूत करता है। जीएसटी में सरलता आने से व्यापारियों का समय बचेगा, टैक्स प्रक्रिया आसान होगी और स्थानीय अर्थव्यवस्था को नई गति मिलेगी।

अंजु त्रिपाठी ने अंत में कहा कि वह डोंगरगांव की जनता की ओर से प्रधानमंत्री मोदी और वित्त मंत्री सीतारमण का आभार व्यक्त करती हैं, जिन्होंने देश के हर वर्ग के हित में इतना बड़ा और ऐतिहासिक कदम उठाया है।

सेवानिवृत्त कर्मचारियों का सम्मान समारोह सम्पन्न

नगरी/नवप्रदेश। म.ज.प. बांध उपसंभाग क्रमांक-1 मेचका में प्रभारी एस डी ओ पेमेश सिन्हा के मार्गदर्शन में सेवानिवृत्त कर्मचारियों परस राम विश्वकर्मा एवं हरि राम साहू का विदाई कार्यक्रम बड़े ही हर्षोल्लास के साथ आयोजित किया गया।कार्यक्रम में उपस्थित समस्त सहकर्मी एवं अधिकारियों ने उन्हें श्रीफल, साल एवं स्मृति चित्र भेंटकर सम्मानित किया तथा उनके उज्ज्वल भविष्य और स्वस्थ जीवन की शुभकामनाएं दीं। इस अवसर पर सब-इंजीनियर हीराचंद, गोविंद मिश्रा, हिमांचल सिन्हा, सोबलाल सिन्हा, मेघराज, चमन, संतोष, महेंद्र, रूपेंद्र, देवसाईं, दामोदर, जग्गू, रमेश, राधाबाई, तुफैल खान, विजय पटवा आदि उपस्थित रहे।

डकैती के फरार आरोपी को छुरा पुलिस ने दबोचा

बरामद मोबाइल के साथ आरोपी गिरफ्तार, जेल भेजा गया

छुरा/नवप्रदेश। लगातार अपराधों पर शिकंजा कसते हुए छुरा पुलिस ने डकैती के एक फरार आरोपी को गिरफ्तार कर जेल भेज दिया है। यह वही आरोपी है जिसने अपने साथियों के साथ मिलकर एक ग्रामीण से मोबाइल लूट लिया था और घटना के बाद से फरार चल रहा था। पुलिस की इस कार्रवाई से क्षेत्र में राहत का माहौल है।

मामला 2 सितंबर की शाम का है। ग्राम खुडियाडीह निवासी ढालसिंग सेन परसदा से अपने पुराने घर लौट रहे थे। रास्ते में बजरंगबली मंदिर के पास एक

युवक ने उनसे लिफ्ट मांगी। जैसे ही उन्होंने गाड़ी रोकी, उस युवक ने चाबी निकाल ली और तभी तीन अन्य लोग जंगल से निकलकर आए। आरोपियों ने मिलकर ढालसिंग सेन से टेक्नो कंपनी का मोबाइल लूट लिया और फरार हो गए।

घटना की रिपोर्ट ढालसिंग सेन ने 3 सितंबर को थाने में दर्ज कराई। पुलिस अधीक्षक गरियाबंद के निर्देश और अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक व एसडीओपी के मार्गदर्शन में छुरा पुलिस ने जांच शुरू की। छानबीन में घटना स्थल पर खड़े एक लावारिस वाहन से सुराग मिला। इसी आधार पर पुलिस ने कुछ आरोपियों को पकड़ा और उनसे पूछताछ में लूटा गया मोबाइल बरामद किया। हालांकि, एक आरोपी फरार हो गया था।

फरार आरोपी की पहचान इन्द्र कुमार निषाद उर्फ बंटी निषाद (उम्र 22 वर्ष), निवासी कनेकेरा, के रूप में हुई। पुलिस ने उसे गिरफ्तार कर पूछताछ की, जिसमें उसने अपराध स्वीकार किया। आरोपी से लूट का मोबाइल भी बरामद कर लिया गया है। पुलिस ने उसे न्यायिक रिमांड पर जेल भेज दिया है।

अवैध रेत खनन परिवहन जोरो पर , 8 हाईवा जब्त

रोज देर रात से अल सुबह रेत की हो रही है तश्करी

कुरुद/नवप्रदेश। जिला प्रशासन द्वारा अवैध उत्खनन, परिवहन और भण्डारण के विरुद्ध कार्यवाही करते हुए कुरुद क्षेत्र की रेत खदानों सेलदीप और दोनर से अवैध परिवहन में लिप्त आठ हाईवा जब्त किया है। जिससे गौण खनिज के अवैध कारोबारियों में हड़कंप मच गया है। धमतरी कलेक्टर अबिनाश मिश्रा के निर्देशन में राजस्व, पुलिस और - खनिज विभाग की संयुक्त टीमों ने 6-7 सितम्बर की दरम्यानी रात में - जिले में चल रहे अवैध रेत परिवहन पर ताबड़तोड़ कार्रवाई की गई। जिसके तहत कुरुद क्षेत्र की खदान सेलदीप और दोनर से रेत के अवैध परिवहन में लिप्त आठ हाईवा जब्त किया गया है। खनिज अधिकारी के अनुसार खनिज एवं खान विकास अधिनियम के अंतर्गत 8 हाईवा को अवैध परिवहन में लिप्त पाए जाने पर जब्त किए गया हैं। अवैध गतिविधियों पर नकेल कसने की यह कार्रवाई आगे भी निरंतर जारी रहेगी। विदित हो कि कलेक्टर अविनाश पांडे मिश्रा ने स्पष्ट रूप से कहा है कि अवैध खनन, रेत के अवैध भंडारण और परिवहन जैसे

कार्यों को किसी भी सूरत में बर्दाश्त नहीं किया जाएगा। जिले में खनिज संसाधनों की सुरक्षा एवं पारिस्थितिक संतुलन बनाए रखने हेतु लगातार निगरानी की जा रही है तथा इस प्रकार की कार्रवाइयाँ आगे भी जारी रहेंगी।

जागरूकता रैली | **बड़ी संख्या में गाँव के जनप्रतिनिधि व आमजन रहे उपस्थित, आयोजन को सभी ने सराहा**

दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल में विश्व साक्षरता दिवस पर जन जागरूकता रैली व नुक्कड़ नाटक का आयोजन

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। स्थानीय दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल पटेवा के तत्वाधान में सोमवार को ग्राम दुलना में विश्व साक्षरता दिवस के अवसर पर पंचायत प्रतिनिधियों की उपस्थिति में सामुदायिक शिक्षण अंतर्गत जन जागरूकता रैली और नुक्कड़ नाटक का आयोजन किया गया। जन जागरूकता रैली का शुभारंभ सरपंच नंद कुमार साहू द्वारा हरी झंडी दिखाकर किया गया। उसके बाद स्कूली बच्चों ने पूरे गांव का भ्रमण किया और गांव के गलियों में साक्षरता से जुड़े नारे लगाते हुए सभी लोगों को साक्षर बनने के लिए अपील किया। रैली पश्चात एक सभा का आयोजन किया

गया, जहां अतिथि के रूप में ग्राम सरपंच नंदकुमार साहू, समाजसेवी व जोगी पार्टी से नेता माखन ताम्रकार, उपसरपंच देवाशिष साहू सहित पंचगण उपस्थित थे। मंचीय कार्यक्रम माता सरस्वती की छायाचित्र पर पूजा अर्चना पश्चात हुई. कार्यक्रम की शुरुआत में बच्चों ने डिजिटल साक्षरता को लेकर एक नुक्कड़ नाटक की प्रस्तुति दी। नाटक के माध्यम से उन्होंने आज की आधुनिक ज़माने डिजिटल साक्षरता का सही प्रयोग और उससे जुड़ी सभी जानकारी के बारे में बताया. उक्त नुक्कड़ नाटक को मंच में उपस्थित अतिथियों सहित सभी ने जमकर सराहा और इसे अपने जीवन के लिए बहुत ही सार्थक व कारगर बताया। स्वागत उद्बोधन संस्था की प्राचार्य यास्मीन खान ने देते हुए बताया कि संस्था द्वारा अंचल में नर्सरी से बारहवी तक अंग्रेजी माध्यम में सीबीएसई पाठ्यक्रम के तहत विद्यालय संचालित हैं। अंग्रेजी माध्यम में। शिक्षा के साथ समय-समय पर बच्चों को ऐसी जन जागरूकता रैलियों के द्वारा प्रयोगिक शिक्षा भी प्रदान की जाती है। जिससे बच्चे ना केवल सीखते हैं बल्कि उसे अपने जीवन में उतारते भी है। कार्यक्रम के अतिथि रहे समाजसेवी व नेता माखन ताम्रकार ने कहा कि स्कूली बच्चों की यह जन जागरूकता रैली गांव के लोगों में जागरूकता जरूर लाएगी, हम सबको साक्षर होना बहुत जरूरी है। साक्षरता का अर्थ केवल पढ़ना लिखना ही नहीं बल्कि आज के आधुनिक गतिविधियों के साथ अपने आप को ढालते हुए उनके साथ साथ चलना भी जरूरी है। उन्होंने इस आयोजन के लिए दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल परिवार की जमकर तारीफ की। ग्राम सरपंच नंदकुमार साहू ने स्कूली बच्चों की साक्षर अभियान की तारीफ करते हुए ग्रामीणों से निवेदन किया कि वे सभी साक्षर बने। उन्होंने सभी बच्चों को पढ़ने के लिए नियमित विद्यालय आने का निवेदन भी किया। बच्चों के इन प्रयास की जानकारी लगने पर मानव रचना एजुकेशन सोसाइटी के चेयरमेन प्रकाश दावड़ा व दावड़ा इंटरनेशनल स्कूल ग्रुप की चेयरपर्सन प्रगति दावड़ा मिरानी ने भी सभी बच्चों को स्कूली स्टॉफ को बधाई दी। आभार प्रदर्शन करते हुए संस्था की सेंटर हेड श्रीमती शर्मा ने कहा शिक्षा हम सबके लिए बहुत जरूरी है, शिक्षा से हमारे अंदर सोचने - समझने की क्षमता विकसित होती है। आप सभी अपने बच्चों को विद्यालय जरूर भेजें और उन्हें खूब पढ़ाये। कार्यक्रम के अंतिम में अतिथियों को शॉल व पेन भेटकर सम्मानित किया गया। वही आंगनबाड़ी केंद्र के बच्चों को संस्था की ओर से पाहड़ा का वितरण कर साक्षरता दिवस को यादगार बनाने का प्रयास भी किया गया।

पूर्व मंत्री चंद्रशेखर साहू ने दी शांताराम सराफ को श्रद्धांजलि

नवापारा राजिम/नवप्रदेश। वरिष्ठ समाजसेवी और राष्ट्रीय स्वयंसेवक संघ के पूर्व प्रांत प्रचारक शांताराम सराफ का रायपुर के एक अस्पताल में निधन हो गया। इसकी जानकारी मिलते ही पूर्व कृषि मंत्री चंद्रशेखर साहू अस्पताल पहुंचे और स्व. सराफ के मृत देह के दर्शन कर उन्हें अपनी अश्रुपूरित श्रद्धांजलि दी।



श्री साहू ने कहा शांताराम जी का संपूर्ण जीवन सेवा, संगठन और समाजोत्थान के कार्यों को समर्पित रहा। उनके मार्गदर्शन में हमने स्वयं भी संगठनात्मक कार्यों को नजदीक से देखा और सीखा। वे न सिर्फ एक अनुशासित प्रचारक थे, बल्कि स्नेह, करुणा और मार्गदर्शन का ऐसा स्रोत थे, जिससे जुड़कर हम सभी ने समाज सेवा की सच्ची दिशा पाई। उनके साथ आत्मीय संबंध रहे हैं, उनके साथ बिताए अनेक पल आज स्मृतियों में जीवंत हो उठे हैं। उनका जाना संघ, परिवार और समाज की अपूरणीय क्षति है। ईश्वर से प्रार्थना है कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें और परिवारजनों को इस दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें।

विष्णु के सुशासन में खुलेंगे रोज़गार के नए द्वार, बस्तर में आएगी बहार

रायपुर/नवप्रदेश। क्षेत्रीय विकास को नई गति देने के उद्देश्य से मुख्यमंत्री विष्णु देव साय के नेतृत्व में छत्तीसगढ़ शासन का वाणिज्य एवं उद्योग विभाग आगामी 11 सितंबर को बस्तर में इन्वेस्टर कनेक्ट का आयोजन करने जा रहा है। यह प्रमुख निवेश संवर्धन पहल इससे पहले दिल्ली, मुंबई, बेंगलुरु, रायपुर तथा अंतरराष्ट्रीय स्तर पर टोक्यो, ओसाका और सियोल में सफलतापूर्वक आयोजित की जा चुकी है। इन आयोजनों के माध्यम से नवंबर 2024 से अब तक ?6.65 लाख करोड़ के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। राज्य सरकार अब छत्तीसगढ़ इन्वेस्टर कनेक्ट के माध्यम से निवेश संभावनाओं को बस्तर तक ले जा रही है, जो प्रदेश के सबसे गतिशील और संभावनाशील क्षेत्रों में से एक है।

बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट राज्य सरकार की छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024ङ्क30 के अंतर्गत संतुलित क्षेत्रीय

विकास की प्रतिबद्धता को दर्शाता है। इस नीति का उद्देश्य रोजगार सृजन, उद्यमिता को बढ़ावा और स्थानीय समुदायों का सशक्तिकरण है। साथ ही यह सुनिश्चित करना है कि बस्तर की समृद्ध जनजातीय धरोहर और सांस्कृतिक पहचान का संरक्षण भी हो।

दिया गया विशेष प्रोत्साहन

छत्तीसगढ़ औद्योगिक विकास नीति 2024-30 के अंतर्गत 1000 करोड़ से अधिक निवेश करने वाली अथवा 1000 से अधिक रोजगार सृजित करने वाली परियोजनाओं के लिए विशेष प्रोत्साहन का प्रावधान किया गया है। इस नीति में औषधि निर्माण, कृषि एवं खाद्य प्रसंस्करण, वस्त्र उद्योग, आईटी एवं डिजिटल तकनीक, उन्नत इलेक्ट्रॉनिक्स, एयरोस्पेस व डिफेंस और ग्लोबल कैपेबिलिटी सेंटर्स जैसे क्षेत्रों को प्राथमिकता दी गई है। पर्यटन को भी उद्योग का दर्जा प्रदान किया गया है, जिसके तहत बस्तर में होटल, इको-टूरिज़्म, वेलनेस सेंटर, एडवेंचर स्पोर्ट्स और खेल सुविधाओं जैसी

मिलेगी अतिरिक्त सब्सिडी

समावेशन को बढ़ावा देने के लिए इस नीति में विशेष प्रावधान किए गए हैं। इसके तहत एससी/एसटी उद्यमियों को 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी मिलेगी, वहीं नक्सलवाद से प्रभावित परिवारों और व्यक्तियों को भी 10 प्रतिशत अतिरिक्त सब्सिडी का लाभ दिया जाएगा। यह सरकार की सामाजिक पुनर्वास और समावेशी विकास के प्रति प्रतिबद्धता को दर्शाता है। एक अभिनव पहल के रूप में, नई औद्योगिक इकाइयों में आत्मसमर्पित नक्सलियों को रोजगार देने पर पाँच वर्षों तक उनके वेतन पर 40 प्रतिशत सब्सिडी (अधिकतम 5 लाख प्रतिवर्ष) उपलब्ध कराई जाएगी। इसके साथ ही, बस्तर में स्टील सेक्टर की इकाइयों को 15 वर्षों तक रॉयल्टी रीइम्बर्समेंट की सुविधा प्रदान की जाएगी, जिससे निवेशकों को दीर्घकालिक भरोसा मिलेगा और औद्योगिक विकास को स्थिरता प्राप्त होगी।

परियोजनाओं पर 45 प्रतिशत तक सब्सिडी उपलब्ध कराई जाएगी। उल्लेखनीय है कि बस्तर के 88 प्रतिशत ब्लॉक ग्रुप-3 श्रेणी में आते हैं, जिससे निवेशकों को अधिकतम नीति लाभ सुनिश्चित हो सकेगा।

200 से अधिक प्रमुख निवेशक होंगे शामिल

सरकार को उम्मीद है कि बस्तर इन्वेस्टर कनेक्ट में देश-विदेश से 200 से अधिक प्रमुख निवेशक, उद्योग जगत के दिग्गज और स्थानीय उद्यमी शामिल होंगे। यह आयोजन सहयोग और विकास का एक उच्च-स्तरीय मंच साबित होगा। इस अवसर पर कई महत्वपूर्ण समझौता ज्ञापनों पर हस्ताक्षर होने की भी संभावना है, जो बस्तर की विकास यात्रा में एक ऐतिहासिक पड़ाव सिद्ध होंगे।

संक्षिप्त खबरें

कांग्रेस का वोट चोरी मामले में बिलासपुर में प्रदर्शन आज

रायपुर/नवप्रदेश। वोट चोरी के विरोध में कांग्रेस देशभर में लगातार प्रदर्शन कर रही है। इसी कड़ी में मंगलवार 9 सितंबर को कांग्रेस बिलासपुर में प्रदेशव्यापी प्रदर्शन करेगी। इस कार्यक्रम में प्रदेश कांग्रेस प्रभारी सचिन पायलट भी शामिल होंगे। प्रदेश कांग्रेस अध्यक्ष दीपक बैज की अध्यक्षता में हुई बैठक के बाद यह फैसला लिया गया। नेता प्रतिपक्ष डा. चरणदास महंत को इसकी तैयारियों की जिम्मेदारी दी गई है।दरअसल लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी भाजपा पर वोट चोरी करने का आरोप लगाकर पीएम नरेंद्र मोदी और चुनाव आयोग पर लगातार हमलावर हैं। वे सीधे आरोप लगा रहे हैं कि वोट चोरी कर भाजपा ने सत्ता हासिल की है। राहुल गांधी के इस आरोप के बाद देशभर के सभी प्रदेशों में कांग्रेस ने विधानसभा और लोकसभावार वोट चोरी के आंकड़े जुटाना शुरू कर दिया है।

वाइल्ड लाइफ पर बैठक आज

रायपुर/नवप्रदेश। वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक 9 सितंबर को आयोजित होगी। इसमें - वन्य प्राणियों की सुरक्षा और उनकी संख्या बढ़ाने को लेकर पॉवर प्वाइंट प्रेजेंटेशन मुख्यमंत्री विष्णु देव साय और वन मंत्री केदार कश्यप दिखाया जाएगा। इसमें सबसे अधिक फोकस बाघों की संख्या बढ़ाने को लेकर है। इस प्लान पर अलग से प्रेजेंटेशन होगा। इसके अलावा नवापारा अभ्यारण में बाघों को बसाने से लेकर असम से लाए गए वन भैंसों को उदंती सीतानदी के जंगल में छोड़ने जैसे लंबित प्रोजेक्ट पर भी चर्चा होगी। दो दिन पहले ही नए प्रधान मुख्य मुख्यवन संरक्षक वाइल्ड लाइफ अरुण पांडे ने प्रभार लिया है। उन्होंने अफसरों की बैठक लेकर वाइल्ड लाइफ बोर्ड की बैठक को लेकर पावर प्वाइंट प्रेजेंटेशन बनाने के निर्देश दिए हैं।

पीएम आवास योजना का उद्देश्य प्रत्येक पात्र परिवार को आवास उपलब्ध कराना है-महापौर

रायपुर/नवप्रदेश।प्रधानमंत्री आवास योजना (शहरी) 2.0 के तहत पात्र परिवारों को आवास सुनिश्चित करने के लिए नगर पालिक निगम ने सोमवार, 8 सितंबर 2025 को एक महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की। नगर निगम के मुख्यालय भवन महात्मा गांधी सदन के चतुर्थ तल पर आयोजित इस बैठक में सीएससी, चॉइस सेंटर और मोजस्क जनसुविधा केंद्र संचालकों को आवेदनों की गुणवत्ता और पारदर्शिता सुनिश्चित करने के निर्देश दिए गए।बैठक में नगर निगम अधिकारियों ने स्पष्ट किया कि आवेदनों के साथ जमा किए जाने वाले भूमि दस्तावेज स्पष्ट, सही और पूर्ण होने चाहिए।

` 1 नवंबर से लागू होगी पुलिस कमिश्नर प्रणाली

रायपुर/नवप्रदेश। राज्योत्सव के दिन यानी 1 नवंबर से राजधानी रायपुर में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने जा रही है। गृह विभाग और पुलिस मुख्यालय ने इसकी तैयारियां तेज कर दी हैं। देशभर में मौजूद मॉडल्स का अध्ययन कर छत्तीसगढ़ में बेहतर और प्रभावी ड्राफ्ट तैयार किया जा रहा है। सूत्रों के अनुसार, ओडिशा की पुलिस कमिश्नर प्रणाली को सबसे बेहतरीन मानते हुए उसी तर्ज पर रायपुर में सिस्टम लागू करने की कोशिश की जा रही है।

क्यों जरूरी समझा गया सिस्टम?

राजधानी रायपुर में लगातार बढ़ते अपराधों को देखते हुए मुख्यमंत्री विष्णुदेव साय की कैबिनेट ने इस व्यवस्था को मंजूरी दी थी। प्रयास यह भी है कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी अगर राज्योत्सव के मौके पर रायपुर आएं तो उनके हाथों इस बड़े सुधार का शुभारंभ हो।

पद संरचना ऐसी होगी

- *पुलिस कमिश्नर (सीपी)- आमतौर पर एडीजी रैंक का अधिकारी*
- *संयुक्त आयुक्त (ज्वाइंट सीपी)- आईजी रैंक*
- *अपर आयुक्त (एडिशनल सीपी)- डीआईजी रैंक*
- *डिप्टी कमिश्नर (डीसीपी)- एसपी/एसएसपी रैंक*
- *सहायक आयुक्त (एसीपी)- एडिशनल एसपी/डीएसपी रैंक*

रायपुर में अब 7 आईपीएस संभालेंगे कमान

अभी रायपुर में केवल आईजी और एसएसपी लॉ एंड ऑर्डर देखते हैं। पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू होने के बाद यह संख्या बढ़कर 7 आईपीएस अफसरों तक पहुंच जाएगी। इसके अलावा राज्य पुलिस सेवा के दर्जनभर अफसरों की भी पोस्टिंग अपराध नियंत्रण के लिए की जाएगी।

क्या बदल जाएगा?

- पुलिस कमिश्नर को दंडाधिकारी पावर मिलेंगे।
- धरना-प्रदर्शन की अनुमति, लाठीचार्ज, धारा 144 लगाने जैसे फैसले सीधे पुलिस ले सकेगी।
- शस्त्र और बार लाइसेंस जारी करने का अधिकार भी अब पुलिस के पास होगा। इससे न केवल अपराध नियंत्रण में तेजी आएगी बल्कि आपात स्थिति में तत्काल फैसले भी लिए जा सकेंगे।

अंग्रेजों के जमाने से चला आ रहा सिस्टम

ब्रिटिश शासन में पहली बार कोलकाता, चेन्नई और मुंबई जैसे बड़े शहरों में पुलिस कमिश्नर प्रणाली लागू की गई थी। आजादी के बाद यह सिस्टम भारत के अन्य महानगरों तक फैला और अब छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर भी इसमें शामिल होने जा रही है।

पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में विजयी भव का सफर

रायपुर/नवप्रदेश। पं. हरिशंकर शुक्ल स्मृति महाविद्यालय में राष्ट्रीय सेवा योजना (NSS), SHG, IIC, EOC व राष्ट्रीय एवं जिला प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में विजयी भव जीत का सफर की टीम का सेमिनार सहोदरा हॉल में किया गया। टीम लीडर डॉ. चून्नीलाल शर्मा ने छात्रों को जानकारी देते हुए बताया कि टीम नवाचार के अंतर्गत विभिन्न समस्याओं से युवाओं को परिचित कराने के साथ-साथ उन्हें दूसरों की सहायता करने के लिए विभिन्न हेल्प लाईन नंबर्स देती है जिससे कि बाल यौन उत्पीड़न, सड़क सुरक्षा, प्राथमिक उपचार सी.पी.आर. साइबर फॉड एवं नशामुक्ति की समस्याओं को खत्म कर राष्ट्र को सुदृढ़ एवं मजबूत बनाया जा सके। सर्वप्रथम श्री गोरखनाथ पटेल जी ने छात्रों को हेल्प लाईन नंबर-1098 का विस्तृत जानकारी दी जो बाल अपराध को रोकने में सहायक हैं। ट्रैफिक ट्रेनर श्री भोई जी ने सड़क पर सुरक्षित रहकर सड़क नियमों को मानने की समझाईश दी। श्री देवकुमार वरूण ने प्राथमिक उपचार एवं सी.पी.आर. की जानकारी देते हुए कहा कि इनसे हम घायल व्यक्ति की जान बचा सकते है। श्री सौरव तिवारी द्वारा साइबर फॉड व नशामुक्ति केंद्र की जानकारी एवं टोल फ्री नं.-14446 के बारे में बताया गया जो कि नशे की लत से पीड़ित व्यक्तिओं का उपचार कर उन्हें एक उज्जवल भविष्य देता है।

नक्सली संगठन में बड़ा बदलावः मोस्ट वांटेड हिड़मा बना दंडकारण्य जोन का नया सेक्रेटरी

- **नक्सली संगठन में बड़ा बदलावः मोस्ट वांटेड हिड़मा बना दंडकारण्य जोन का नया सेक्रेटरी**

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ में नक्सलवाद के खिलाफसुरक्षा बलों के लगातार अभियानों से नक्सली संगठन कमजोर पड़ रहा है, लेकिन इसी बीच नक्सलियों ने अपनी रणनीति बदल ली है। कुख्यात नक्सली कमांडर माड़वी हिड़मा को दंडकारण्य स्पेशल जोनल कमेटी का नया सेक्रेटरी नियुक्त किया गया है। इससे पहले यह पद 2020 में रमन्ना की मौत के बाद से लगभग 5 वर्षों से खाली पड़ा था। हिड़मा की इस नई जिम्मेदारी से नक्सली संगठन को मजबूत करने की कोशिशें साफझलक रही हैं, खासकर जब केंद्र सरकार का 'मिशन 2026' नक्सल उन्मूलन के चरम पर है।

जानकारी के अनुसार, हिड़मा को पहले नक्सलियों की एकमात्र बटालियन (बटालियन नंबर 1) का नेतृत्व सौंपा गया था, फिर उसे सेंट्रल कमेटी मेंबर बनाया गया। अब पूरे दंडकारण्य क्षेत्र की कमान उसके हाथों में है। नक्सली संगठन इस नियुक्ति के जरिए कई मोर्चों पर खुद को पुनर्गठित करने की कोशिश कर रहा है। बस्तर क्षेत्र में सुरक्षा बलों के खिलाफहुए कई बड़े हमलों का मास्टरमाइंड हिड़मा ही माना जाता है, जिसमें 2010 का ताड़मेटला हमला, 2013 का झीरम घाटी नरसंहार और 2017 का सीआरपीएफकैंप पर हमला शामिल हैं। उसके सिर पर केंद्र और राज्य सरकारों ने कुल 1 करोड़ रुपये का इनाम घोषित किया है। बस्तर के आईजी सुंदरराज पी ने बताया कि सीपीआई (माओवादी) संगठन अस्तित्व के संकट से जूझ रहा है। संगठन के अंदर गहरे मतभेद और आपसी संघर्ष चल रहे हैं, जिससे इसका भविष्य अनिश्चित हो गया है। बस्तर में पुलिस और सुरक्षा बल माओवादियों के खिलाफ कड़ी कार्रवाई के लिए प्रतिबद्ध हैं। हाल ही में संगठन के महासचिव बसवराज (नंबाला केशव राव) समेत कई बड़े नक्सली मारे गए हैं, जिससे नक्सली बैकफुट पर आ गए थे। हिड़मा की नियुक्ति इसी कमजोरी को दूर करने की कोशिश लगती है।

ग्रास मेमोरियल की जमीन पर ऑक्सीजोन बनाने के प्रस्ताव पर जताई आपत्ति

रायपुर/नवप्रदेश। शहर विकास कार्यों पर चर्चा के लिए उत्तर क्षेत्र विधायक पुरंदर मिश्रा ने बैठक का आयोजन किया। इस बैठक में नगर निगम में नेता प्रतिपक्ष आकाश तिवारी ने उत्तर क्षेत्र के विधायक पुरंदर मिश्रा से हर वार्ड में विकास कार्यों के लिए 10-10 लाख रुपए विधायक निधि से स्वीकृत कराने की मांग की। ताकि उत्तर विधानसभा क्षेत्र के सभी वार्ड में मूलभूत सुविधाओं का विस्तार हो सके। इसके साथ ही उन्होंने विधायक द्वारा ग्रास मेमोरियल की जमीन पर ऑक्सीजोन बनाने के प्रस्ताव पर आपत्ति जताई। नेता प्रतिपक्ष ने कहा कि बीटीआई ग्राउंड शंकर नगर और ग्रास मेमोरियल ग्राउंड काफी ऐतिहासिक एवं पुराना है, जिसे खेल मैदान के रूप में विकसित किया जाना चाहिए। यदि ऑक्सीजोन बनाना है तो शांति नगर में शासन द्वारा जो जगह खाली कराई गई है, उसमें बनाया जाए।

शोक संदेश

नैनं छिन्दन्ति शस्त्राणि नैनं दहति पावकः।
न चैनं क्लेदयन्त्यापो न शोषयति मारुतः।।

अत्यन्त दुःख के साथ आपको सूचित करना पड़ रहा है कि हमारी माताजी

श्रीमती रजनी ताई उपासने
(पूर्व विधायक, रायपुर)

धर्मपत्नी स्व. श्री दत्तात्रय उपासने का देवलोक गमन दिनांक 27 अगस्त 2025, बुधवार को हो गया है। उनकी आत्मा की शांति हेतु निम्न कार्यक्रम रखे गये हैं।

दशगात्र -06 सितम्बर 2025, शनिवार
तेरहवीं - 08 सितम्बर 2025, सोमवार
स्थान - निवास स्थान, नेहरू नगर पुलिस मैदान के सामने, धमतरी रोड, रायपुर
उदक शांति एवं शांतिभोज-09 सितम्बर 2025, मंगलवार
समय : दोपहर- 2.00 बजे से
स्थान: दूधाधारी मठ सभागृह, रायपुर छ.ग.

पौत्र - श्रेयस, शिवम, कौतुक
आदित्य, कुशाग्र उपासने
प्रपौत्री- अनिष्का, समृद्धि,
आराध्या, श्रावणी

शोकाकुल
जगदीश उपासने (पुत्र), सच्चिदानंद उपासने (पुत्र),
गिरीश उपासने (पुत्र), हेमन्त उपासने (पुत्र)

ICICI क्रेडिट कार्ड कर्ज चुकाने के बाद भी युवती को डिजिटल अरेस्ट की धमकी

ठगी की कोशिश नाकाम

रायपुर/नवप्रदेश। छत्तीसगढ़ की राजधानी रायपुर में साइबर ठगी का एक सनसनीखेज मामला सामने आया है। तेलीबांधा के विशाल नगर निवासी 39 वर्षीय नियति अरोरा, जो एक निजी कंपनी में कार्यरत हैं, ने ICICI बैंक से लिए गए 3.37 लाख रुपये के क्रेडिट कार्ड कर्ज को 4.07 लाख रुपये चुकाकर पूरी तरह चुका दिया। इसके बावजूद, ठगों ने उन्हें और उनके परिवार को डिजिटल अरेस्ट की धमकी देकर परेशान किया। मामले की शिकायत पर पुलिस ने अज्ञात आरोपियों के खिलाफ धोखाधड़ी और साइबर अपराध का केस दर्ज कर जांच शुरू कर दी है।

नियति ने बताया कि कर्ज चुकाने के बाद भी उन्हें लगातार धमकी भरे फोन कॉल आए। कॉल करने वाले खुद को बैंक अधिकारी बताकर दावा करते थे कि अभी भी कर्ज बकाया है और भुगतान न करने पर उनकी संपत्ति जब्त कर ली जाएगी। ठगों ने डिजिटल अरेस्ट का डर दिखाकर उनसे और उनके परिजनों से पैसे वसूलने की कोशिश की। इस उत्पीड़न से नियति का कामकाज भी प्रभावित हुआ।

नियति ने तेलीबांधा थाने में शिकायत दर्ज कराई, जिसके बाद पुलिस ने साइबर अपराध और ठगी के तहत मामला दर्ज किया। पुलिस के अनुसार, यह एक संगठित गिरोह है, जो कॉलिंग ऐप्स और इंटरनेट के जरिए देशभर में लोगों को ठगता है। आरोपियों की तलाश के लिए साइबर सेल की मदद ली जा रही है। साइबर विशेषज्ञों ने चेतावनी दी है कि डिजिटल अरेस्ट जैसी कोई कानूनी प्रक्रिया नहीं होती। अगर ऐसा कोई कॉल आए तो तुरंत 1930 साइबर हेल्पलाइन नंबर या www.cybercrime.gov.in पर शिकायत दर्ज करें। साथ ही, कॉल करने वालों के साथ कोई भी निजी जानकारी साझा न करें और तुरंत पुलिस को सूचित करें।

शिवनाथ हुंडई ने ग्लोबल टॉप-100 डीलर्स में स्थान बनाकर डीलर ऑफ द ईयर अवार्ड प्राप्त किया

रायपुर। छत्तीसगढ़ की हुंडई कारों की सबसे पुरानी एवं विश्वसनीय डीलरशिप शिवनाथ हुंडई जो कि इसी वर्ष शुरूआती महीनों में छत्तीसगढ़ की एकमात्र प्लेटिनम डीलरशिप बनी थी, ने अब ग्लोबल टॉप-100 डीलर्स में स्थान बनाकर ÷डीलर ऑफ द ईयर÷ अवार्ड प्राप्त किया है। हुंडई मोटर्स द्वारा हनोई, वियतनाम में गत 5 सितंबर 2025 को प्लेटिनम क्लब डीलर मीटिंग में यह अवार्ड श्री उन सू किम (एम.डी., हुंडई मोटर), श्री तरूण गर्ग (सी.ओ.ओ., हुंडई मोटर) तथा श्री जे. टी. पार्क, (ई.डी., हुंडई मोटर) ने शिवनाथ हुंडई छत्तीसगढ़ के डायरेक्टर श्री रोहित काले जी को प्रदान किया। इस कार्यक्रम में श्री रोहित काले जी के साथ उनके सुपुत्र श्री कौस्तुभ काले एवं सुपुत्री कु. कनक काले भी उपस्थित थे। इस सम्मान के लिए श्री रोहित काले जी ने अपने सभी ग्राहकों, कर्मचारियों एवं सहयोगियों को धन्यवाद दिया एवं विश्वास जताया कि शिवनाथ हुंडई इस अवार्ड का सम्मान करते हुए ग्राहक सेवा में निरंतर प्रतिष्ठित रहेगा। शिवनाथ हुंडई ने ग्लोबल टॉप-100 डीलर ऑफ द ईयर-2025 बनकर विश्व के 100 डीलर्स में तथा छत्तीसगढ़ में प्रथम स्थान बना लिया है। शिवनाथ हुंडई इस वर्ष अपनी स्थापना की 25वीं वर्षगांठ मना रहा है।

भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए तैयार

नई दिल्ली। उद्योग मंत्री पीयूष गोयल ने दावा किया है कि आने वाले दो से ढाई वर्षों में भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में से एक बन जाएगा। उन्होंने कहा कि देश में किसी भी चुनौती का सामना करने की पर्याप्त ताकत है। भारत दुनिया की शीर्ष तीन अर्थव्यवस्थाओं में शामिल होने के लिए तैयार है।

न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा-पत्र

रा.प्र.क्र. ई-कोर्ट | पक्षकार का नाम खेतुबाई जैन | ऑनलाईन रजिस्ट्रेशन नं. 202509100400053/अ-2/ वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा आम जनता को सूचित किया जाता हैं कि आवेदक/आवेदिका खेतुबाई जैन आ./पति श्री भोमराज जैन निवासी पंदर तह. पाटन जिला दुर्ग द्वारा नीचे अनुसूची में दर्शित भूमि को उसके सम्मुख दर्शित प्रयोजन के लिए व्यपवर्तन/पुर्ननिर्धारण हेतु आवेदन पत्र छ.ग.भू.रा.सं. 1959 की धारा 172 सहपठित धारा 59 (2)(5) तहत् आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया हैं, जिसके संबंध में इस न्यायालय में प्रकरण विचाराधीन हैं।

अनुसूची

ग्राम/प.ह.नं.जहां भूमि स्थित है	खसरा नंबर	रकबा	प्रयोजन
ग्राम उतई प.ह.न. 52 तह. व जिला दुर्ग	986/37	0.0100 हें वर्गफीट 900	आवासीय प्रयोजनार्थ

अतएव उपरोक्त वर्णित आवेदित भूमि के संबंध में जिस किसी व्यक्ति, संस्था, शासकीय विभाग, सार्वजनिक या अर्धसार्वजनिक उपक्रम को किसी प्रकार की कोई आपत्ति हो तो वे उद्घोषणा के प्रकाशन की तिथि से 07 दिवस तक स्वयं अथवा अधिकृत अधिवक्ता के माध्यम से न्यायालय में उपस्थित होकर आपत्ति प्रस्तुत कर सकतें हैं। नियत तिथि के बाद प्राप्त दावा/ आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 04.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **अनुविभागीय अधिकारी दुर्ग, जिला दुर्ग**

न्यायालय नायब तहसीलदार दुर्ग जिला दुर्ग (छ.ग.)
उद्घोषणा

रा.प्र.क्र./202508103000025 /अ-06/वर्ष 2024-25

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक गौरव पिता टुमन लाल उम्र 18 वर्ष पता- ग्राम व पोष्ट खोपली तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा आवेदक के नाम पर हक भूमिस्वामी जमीन वाके मौजा- खोपली प.ह. नं. 56 रा.नि.मं. उतई तह. व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 1761/3, 1764/1 रकबा कमश 0.1800, 0.2100 हेक्टेयर राजस्व अभिलेख में नाबा. गौरव पालक पिता टुमनलाल राजस्व अभिलेख में दर्ज है। आवेदक की जन्मतिथि 11.08.2006 उम्र 18 वर्ष पूर्ण हो चुका है तथा वर्तमान में वह बालिक हो चुका है। वर्णित भूमि की राजस्व अभिलेख में नाबा से बालिक दर्ज किये जाने आवेदन न्यायालय के समक्ष प्रस्तुत किया है।

अतएव इस संबंध में जिस किसी व्यक्ति अथवा संस्था को किसी प्रकार का उजर या दावा हो तो वह नियत पेशी दिनांक 11.09.2025 तक स्वयं अथवा अपने विधिमान्य अभिकर्ता के माध्यम से इस न्यायालय से इस न्यायालय में उपस्थित होकर लिखित में आपत्ति आवेदन पेश कर सकते है। समयावधि पश्चात् आपत्ति प्रस्तुत होने पर कोई विचार नही किया जावेगा।

आज दिनांक 13.08.2025 को यह उद्घोषणा मेरे स्वयं के हस्ताक्षर एवं न्यायालय की पद मुद्रा के साथ जारी किया गया।

मुहर — **नायब तहसीलदार दुर्ग (छ.ग.)**

नाम-परिवर्तन

मैं श्रीमती देवन्तीन बाई (DEVANTIN BAI) पति स्व. माखन लाल (MAKHAN LAL) उम्र 68 वर्ष पता ग्राम डुण्डेरा, पो. उतई, तह व जिला दुर्ग (छ.ग.) की निवासी हूं जो कि नीचे लिखे कथन शपथ करती हूं कि :- यह कि मैं उपरोक्त पते की निवासी हूं। यह कि, मेरे पति माखन लाल (MAKHAN LAL) भिलाई इस्पात संयंत्र के (CPS) विभाग में स्टोर अंटेडेंट के पद पर कार्यरत था, जिसकी पर्सनल नंबर 47814 है, और मेरे की मृत्यु दिनांक 17/03/2019 में हो चुका है और मेरे पति के सेवा अभिलेख व मेडिकल कार्ड में मेरा नाम देवन्तीन बाई (DEVANTIN BAI) दर्ज है जो कि सही है। यह कि भारत सरकार द्वारा जारी मेरे आधार कार्ड नंबर 2981 4588 9697 में मेरा नाम फुलबतिया कुर्रे (FULBATIYA KURRE) पति माखन लाल (MAKHAN LAL) दर्ज है तथा नगर पालिक निगम रिसाली भिलाई द्वारा जारी बी.पी.एल. राशनकार्ड नंबर 223788955 में मेरा नाम फुलबतिया बाई दर्ज है। यह कि, मैं अपने स्व. पति के सेवा अभिलेख एवं मेडिकल बुक में दर्ज नाम देवन्तीन बाई (DEVANTIN BAI) के नाम से भविष्य में जानी एवं पहचानी जाऊंगी और इसके अलावा मेरे अन्य शासकीय दस्तावेज जैसे कि आधार कार्ड में दर्ज नाम फुलबतिया कुर्रे (FULBATIYA KURRE) व राशनकार्ड में दर्ज नाम फुलबतिया बाई को विलोपित करवाने हेतु तथा उक्त नाम परिवर्तन की सूचना राजपत्र में प्रकाशित करवाना चाहती हूं। यह कि यह शपथ पत्र मेरे द्वारा किए गए उक्त कथन के सत्यता के समर्थन में श्रीमान सक्षम प्राधिकारी महोदय के समक्ष प्रस्तुत है।

शपथकर्ती
देवन्तीन बाई
पति स्व. माखन लाल
पता ग्राम डुण्डेरा, पो. उतई, तह व जिला दुर्ग (छ.ग.)

॥ न्यायालय अनुविभागीय अधिकारी (रा) दुर्ग जिला - दुर्ग (छ०ग०)॥
// उद्घोषणा //

रा. मामला क्रमांक 202509100400-027/अ.89(13) सन् 2024-2025

एतद् द्वारा सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि आवेदक संस्था जे.एल. गुड होम्स एल.एल.पी द्वारा संजय रूंगटा आ. घनश्याम दास रूंगटा निवासी नेहरूनगर भिलाई तहसील व जिला दुर्ग के द्वारा ग्राम कुथरेल रा.नि.मं. अण्डा तहसील व जिला दुर्ग स्थित भूमि खसरा नंबर 11/2, 14,15,18,19/1,19/2 रकबा क्रमशः 2.11, 0.62, 1.75, 1.04, 0.23, 0.11 हे. भूमि जो कि आवेदक संस्था के नाम पर भूमिस्वामी हक में दर्ज है। आवेदक के द्वारा नवीन कालोनाइजर लाइसेंस हेतु विहित प्रारूप में आवेदन पत्र आवेदित भूमि का पंजीकृत बयनामा, खसरा पंचसाला, बी-1, पंचायत प्रस्ताव क्रमांक 06 दिनांक 29.04.2025 की छायाप्रति ग्राम पंचायत कुथरेल की मूल रसीद क्रमांक 63 दिनांक 26.06.2025 रूपये 10,000/- रूपये का प्रस्तुत किया गया है तथा 1,00,000/- रूपये का आई.आई.सी. बैंक नेहरूनगर भिलाई जिला दुर्ग के द्वारा दिनांक 10.07.2025 को पांचवर्षीय जारी बैंक गारंटी की मूल प्रति तथा विगत तीन वर्षीय आयकर प्रपत्र की छायाप्रति सहित आवेदन पत्र इस न्यायालय में प्रस्तुत किया गया है।

अतः आवेदित भूमि के संबंध में कालोनाइजर लाइसेंस जारी किये जाने के संबंध में जिस किसी व्यक्ति / संस्था को कोई दावा / आपत्ति हो तो प्रकरण में नियत दिनांक 26.09.2025 तक आपत्ति पेश कर सकते है, नियत अवधि के बाद प्रस्तुत आपत्ति पर कोई विचार नहीं किया जावेगा।

यह उद्घोषणा आज दिनांक 02.09.2025 को मेरे हस्ताक्षर तथा न्यायालय की मोहर के साथ जारी किया गया।

दिनांक-02.09.2025

अनुविभागीय अधिकारी (रा.) दुर्ग

नाम-परिवर्तन

मैं शपथकर्ता जयराम निषाद पिता श्री बद्री प्रसाद निषाद, उम्र 40 वर्ष, पता- वार्ड नं.-11, निषाद पारा, सोनसरार, तह. धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.) का निवासी हूं जो कि निम्नलिखित शपथपूर्वक प्रस्तुत करता हूँ :- यह कि, मैं उपरोक्त पते का निवासी हूँ। यह कि, मेरी पुत्री वंदना निषाद (VANDANA NISHAD) एवं पिताजी का नाम जयराम निषाद (JAYRAM NISHAD) जो कि मेरी पुत्री के जन्म प्रमाण पत्र पंजीयन कं.-5 में यह नाम दर्ज है। जो कि मेरी पुत्री के दस्तावेजों से अभिप्रमाणित है। यह कि, मेरी पुत्री के भारत सरकार द्वारा जारी आधार कार्ड कं.-2588 2835 9187 में मेरी पुत्री नाम लक्ष्मी निषाद (LAXMI NISHAD) एवं मेरी पुत्री के कक्षा 10वीं के अंकसूची में मेरी पुत्री का नाम (VANDANA) एवं पिता का नाम (JAYRAM) दर्ज है, जो कि त्रुटिवश दर्ज हो गया है मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम वंदना निषाद (VANDANA NISHAD) एवं पिता जी का नाम जयराम निषाद (JAYRAM NISHAD) है। तथा मुझे भविष्य में इसी नाम वंदना निषाद (VANDANA NISHAD) एवं पिता जी का नाम जयराम निषाद (JAYRAM NISHAD) के नाम से जाना पहचाना व पुकारा जायेगा। मेरी पुत्री का नाम वंदना निषाद (VANDANA NISHAD) एवं पिता जी का नाम जयराम निषाद (JAYRAM NISHAD) तथा लक्ष्मी निषाद (LAXMI NISHAD) व (VANDANA) एवं पिता का नाम जयराम उपरोक्त दोनों नाम एक ही व्यक्ति अर्थात् मेरा स्वयं एवं मेरी पुत्री का नाम है। मेरी पुत्री का वास्तविक व सही नाम वंदना निषाद (VANDANA NISHAD) एवं पिता जी का नाम जयराम निषाद (JAYRAM NISHAD) है नाम में एकरूपता लाने के लिए शासकीय राजपत्र में प्रकाशन करवाने एवं इस आधार पर मेरी पुत्री के समस्त शासकीय अर्द्धशासकीय दस्तवेजों व अभिलेखों में अंकित कराने बाबत् आवश्यक दस्तावेजों के साथ यह शपथ पत्र पेश है।

शपथकर्ता
जयराम निषाद पिता बद्री प्रसाद निषाद
पता- वार्ड नं.-11, निषाद पारा, सोनसरार, तह. धमधा, जिला दुर्ग (छ.ग.)

कार्यालय नगर पालिक निगम रायपुर (जोन क्र. - 5)

ईदगाहभाठा, नवीन पानी टंकी परिसर, रायपुर
Email ID - rmczone5@gmail.com

ईश्तहार

नामंतरण प्र.क्र. 24084 दिनांक 08-09-2025
वार्ड का नाम - **40- पं. दीनदयाल उपाध्याय वार्ड**

